जबलपुर
सोमवार, 22 दिसंबर 2025
# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राजधानी के लोग सुबह 7 बजे ही टिकट विंडो पर आ जुटे, लंबी कतारें लगी रहीं

# गुड मॉर्निंग मेट्रो

## पहले दिन सैर-सपाटे वाली रही यात्रा, लोगों के चेहरों पर दिखा उत्साह और उमंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में रविवार से मेट्रो का संचालन आम लोगों के शुरू हुआ। पहले दिन शहर के लोगों की मेट्रो में यात्रा सैर-सपाटे वाली रही। एम्स मेट्रो स्टेशन से संचालन सुबह 9 बजे शुरू हुआ। शाम 7 बजकर 25 मिनट पर मेट्रो का आखिरी ट्रिप रहा। इस दौरान 17 फेरे लगाए और 7 हजार से ज्यादा लोगों ने पहले दिन यात्रा की। मेट्रो प्रशासन के अनुसार शाम पांच बजे तक ही 5 हजार से ज्यादा लोग यात्रा कर चुके थे। सबसे अधिक भीड सुभाष नगर और एम्स स्टेशन पर रही। खास बात यह भी रही कि एम्स अस्पताल में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से इलाज व जांच करवाने आए लोगों ने भी मेट्रो में यात्रा का आनंद उठाया।



दिनभर में मेट्रो ने लगाए 17 फेरे, 7 हजार से ज्यादा यात्रियों ने मेट्रो में की यात्रा



देवी अहिल्या माता की प्रतिमा का अनावरण किया

उपराष्ट्रपति 'शून्य से शतक' कार्यक्रम में हुए शामिल

# अटल जी के राजनीति में स्थापित सभी आदर्श देश हमेशा याद रखेगा

## उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने बताए अटल जी के अनसुने किस्से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने इंदौर प्रवास के दौरान एक कॉलेज में आयोजित 'शून्य से शतकः एक शताब्दी अटल भारत की' स्मरणोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अटल जी ने राजनीति में कई ऐसी मिसालें और आदर्श स्थापित किए हैं, जिन्हें देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने उनके व्यक्तित्व को सर्वसमावेशी बताते हुए नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसे नेता बहुत विरले ही होते हैं, जिन्हें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों से समान रूप से सम्मान प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के जीवन और उनके सिद्धांतों से हमने बहुत कुछ सीखा है। उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य आने वाली पीढ़ियों को सदैव सही मार्ग दिखाते रहेंगे और देश के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सूर्य नमस्कार करते समय आया हार्ट अटैक, मौत




**अशोक नगर।** तुलसी सरोवर पार्क में योग करते समय सराफा कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सूर्य नमस्कार करते हुए नरेंद्र सोनी अचानक जमीन पर गिर पड़े और अचेत हो गए। नरेंद्र सोनी रोज की तरह सुबह पार्क में योग करने पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वे सूर्य नमस्कार कर रहे थे, तभी अचानक लड़खड़ाकर गिर पड़े।

### रात को घर में तेंदुआ घुसा रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**सिवनी।** कुरई के करजमारा फतेपुर गांव में देर रात एक तेंदुआ रिहायशी इलाके में दाखिल हो गया। तेंदुए की मौजूदगी से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। घर के सदस्य और आसपास के लोगों ने सुरक्षित दूरी बना ली। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। टीम ने पिंजरे में तेंदुए को कैद कर जंगल में छोड़ दिया।

### भगवान को प्रणाम कर कीमती समान को उड़ाया



**सागर।** जिले में भगवान श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में चोर ने पहले भगवान को प्रणाम किया और फिर मंदिर के मुकुट समेत कीमती सामानों पर हाथ साफ कर लिया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी।

**महंगा होगा रेल का सफर:** 215 किमी से अधिक दूरी की यात्रा पर 26 दिसंबर से बढ़ेगा किराया

# साधारण श्रेणी में 1 पैसा, एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी

*करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपए अधिक चुकाने होंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा, हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है।

दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है। रेलवे का अनुमान है कि इस किराया समायोजन से उसे करीब 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। इस राशि का उपयोग परिचालन लागत को संभालने यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा।

उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



फाइल फोटो

▶▶ इस किराया समायोजन से रेलवे को करीब 600 करोड़ की अतिरिक्त आय होगी

▶▶ इससे पहले जुलाई की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था

### इस साल ये दूसरी बढ़ोतरी

भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेन टिकट के दाम में ये इस साल की दूसरी बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले जुलाई की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था। 1 जुलाई से भारतीय रेलवे की ओर से रेल किराए में की गई बढ़ोतरी भी इतनी ही थी।

### लंबी दूरी पर कितना बढ़ेगा किराया?

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपए अधिक चुकाने होंगे।

### इन ट्रेनों पर भी लागू होगा किराया

रेल मंत्रालय के मुताबिक नया किराया संशोधन राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और साधारण गैर-उपनगरीय सेवाओं जैसी प्रीमियर व विशेष ट्रेन सेवाओं पर भी लागू होगा।

कोहरे के कारण लगातार हादसे

# गुना में पेड़ से टकराई कार युवक और डांसर की मौत

## भुलाए के पास अंधे मोड़ पर अनियंत्रित हुई कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे एक सड़क हादसे में युवक और महिला डांसर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ग्राम भुलाए के पास एक अंधा मोड़ पर उस समय हुआ, जब एक कार्यक्रम से लौट रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। कार में 9 लोग सवार थे। हादसे में लाल सिंह लोधा और डांसर माया बाई बिजोरी (40) निवासी बिरियाई को मृत घोषित कर दिया। हादसे में अरविंद लोधा, नरेंद्र, मोहन सहरिया, रूप सिंह, फूल सिंह और 16 वर्षीय किशोरी चंचल बाई कंजर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।


### दतिया में कंटेनर में भिड़ी कार और बाइक

दतिया में ग्वालियर–झांसी नेशनल हाईवे पर कोहरे और तेज रफ्तार के कारण एक कार और बाइक कंटेनर से टकरा गईं। शनिवार रात करीब डेढ़ बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रीवा-सतना में 50 मीटर से कम दृश्यता

# दो जिलों में दृश्यता शून्य आज और बढ़ेगा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




■ दतिया, ग्वालियर खजुराहो, नौगांव में घना कोहरा

रविवार को भोपाल में साल के सबसे छोटे दिन की अवधि 10 घंटे 42 मिनट और 21 सेकंड रही। सुबह 6:57 बजे सूर्योदय के बाद शाम 5:39 बजे सूर्यास्त रहा। इस बीच सुबह 8:30 बजे तक कई जिलों में घने से अति घने कोहरे का असर रहा। रीवा और सतना में दृश्यता शून्य यानि 50 मीटर से भी कम रही। दतिया, ग्वालियर, खजुराहो, नौगांव और सीधी में विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर तक रही, जिससे सुबह घने कोहरे से आवागमन प्रभावित रहा। शहडोल, सिवनी जिलों में शीतलहर का असर रहा। रविवार को सतना, रीवा, नौगांव, खजुराहो, दतिया और ग्वालियर में कोल्ड डे रहा।

गुम चेक से किया था फर्जीवाड़ा

# भाजपा नेता पर 3.50 करोड़ रुपए की जालसाजी का केस



■ कोर्ट के आदेश पर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

**इंदौर।** भाजपा नेता एवं गो सेवा भारती संस्था के अध्यक्ष सुरेश पिंगले पर क्राइम ब्रांच ने 3 करोड़ 50 लाख रुपए की जालसाजी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कोर्ट के आदेश के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच करते हुए यह कार्रवाई की है। मामला भोपाल-रायसेन रोड की एक नामी लॉजिस्टिक कंपनी के गुम चेक के जरिए फर्जीवाड़ा करने से जुड़ा है। इस प्रकरण में दो अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। क्राइम ब्रांच ने कनाड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाले रमन अरोरा निवासी ग्रेड एक्सोटिका की शिकायत पर सुरेश पुत्र विट् ठलराव पिंगले निवासी मिश्र नगर अन्नपूर्णा रोड के खिलाफ बैंक से फर्जी तरीके से 3.50 करोड़ रुपए निकालने का प्रयास करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

कंस्ट्रक्शन कंपनी पर जीएसटी का छापा

# बड़ी चोरी उजागर, 89.82 लाख रुपए कर दिए सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट



■ नेशनल हाईवे का निर्माण कर रही कंपनी

छिंदवाड़ा और बालाघाट जीएसटी की संयुक्त टीम ने रजेगांव से बालाघाट के बीच फोरलेन हाईवे का निर्माण कर रही फर्म मेसर्स कालूवाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान फर्म के लेन-देन में भारी अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद दबाव में आए निर्माणकर्ता ने 89 लाख 82 हजार रुपए की राशि विभाग के पास सरेंडर की है। संयुक्त आयुक्त (छिंदवाड़ा) सुनीता वर्मा के मार्गदर्शन और सहायक आयुक्त एकांत राहंगडाले के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। इस टीम ने बालाघाट के नवेगांव और रेंगाटोला कालूवाला कंस्ट्रक्शन के ठिकानों पर दबिश दी।




संघ प्रमुख ने हिंदुओं के हालात खासकर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर चिंता जताई

अपनी सुरक्षा के लिए वहां के हिंदुओं को एकजुट रहना होगा

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर जुल्म बढ़े, भारत सरकार को इस मुद्दे पर 'ध्यान' देना चाहिए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत इन दिनों पश्चिम बंगाल के चार दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को उत्तर बंगाल के कोलकाता पहुंचे डॉ. भागवत ने साइंस सिटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने दुनियाभर में हिंदुओं के हालात खासकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे आत्याचार को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां हालात कठिन हैं।




डॉ. मोहन भागवत

### संघ को भाजपा के नजरिए से समझने की प्रवृति गलत

डॉ. भागवत ने साफ किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्म किसी राजनीतिक मकसद, प्रतिस्पर्धा या विरोध के लिए नहीं हुआ। उनका कहना था कि संघ पूरी तरह हिंदू समाज के संगठन, उन्नति और संरक्षण के लिए समर्पित है।

### बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर कोई सुरक्षा संकट नहीं

**भारत** में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर कथित प्रदर्शन को लेकर विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि 20 दिसंबर को कोई सुरक्षा संकट नहीं हुआ। मंत्रालय के अनुसार, 20–25 युवाओं ने बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की हत्या के विरोध में शांतिपूर्ण नारेबाजी की थी, जिसे पुलिस ने तुरंत हटा दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा इस दौरान न तो किसी तरह की बैरिकेड



रणधीर जायसवाल

तोड़ने की कोशिश हुई और न ही कोई सुरक्षा स्थिति बनी।

### बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक रुका

# घाटी में प्रचंड हुई ठंड: चिल्लई कलां की दस्तक से पहले ही कश्मीर में कांपी सर्दी, पारा माइनस में पहुंचा

एजेंसी ▸▸ जम्मू

कश्मीर की ऊंची पहाड़ियों में इस मौसम की पहली बर्फबारी और घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। यह 40 दिनों की कड़ाके की ठंड के पहले दिन की शुरुआत है, जिसे स्थानीय भाषा में 'चिल्लई कलां' कहा जाता है। लगभग तीन महीने से चला आ रहा सूखा रविवार को खत्म हो गया, जब बारिश और बर्फबारी ने हवा से सभी सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर को धो दिया, जिससे सांस लेना सुरक्षित और आसान हो गया। लोगों ने मौसम की पहली बर्फबारी और बारिश से राहत की सांस ली। शहर और कस्बों में हवा साफ हो गई।

गुलमर्ग और पहलगाम में क्रमशः माइनस 1.5 डिग्री और 2.8 डिग्री सेल्सियस



गुलमर्ग का नजारा...बर्फ ही बर्फ

**जहां का तहां थमा पानी**



सर्दी इतनी बर्फ बन गया पानी

### ज्यादा बर्फबारी की उम्मीद

*जोजिला पास इलाके में बर्फबारी के कारण, अधिकारियों ने श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक रोक दिया है। इसी तरह, कुपवाड़ा जिले में सदना टॉप, बांदीपोरा जिले में रजदान पास और अनंतनाग जिले में सिंथन पास पर भी ट्रैफिक रोक दिया गया है। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी होने से लोग और बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं, जो गर्मियों से पहले पानी के स्रोतों को भरने के लिए जरूरी है।*




### सऊदी अरब बना रहा दुनिया की सबसे ऊंची इमारत

# बुर्ज खलीफा का टूटा रेकॉर्ड 1 किमी से ज्यादा होगी ऊंचाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर आप दुनिया की सबसे ऊंची इमारत दुबई का बुर्ज खलीफा कहने के आदि हैं तो जल्द ही इसमें बदलाव होने वाला है। दरअसल, सऊदी के क्राउन प्रिंस बुर्ज खलीफा से भी एक ऊंची इमारत बनवा रहे हैं जिसे जेद्दा टावर के नाम से जाना जाएगा।

इसकी ऊंचाई 1000 मीटर होगी यानी एक किलोमीटर। टावर 2028 तक बनकर तैयार हो जाएगी। गौरतलब है कि बुर्ज खलीफा की ऊंचाई 828 मीटर है। तो उसकी ऊंचाई से जेद्दा टावर कम से कम 172 मीटर ज्यादा ऊंची होगी।

**अब तक 80 फ्लोर बने**

*रिपोर्ट के अनुसार जेद्दा टावर में अबतक 80 फ्लोर बन चुके हैं। इसका निर्माण काफी तेजी से हो रहा है। माना जा रहा है कि इस इमारत में सारी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। शुरुआत में इस इमारत का निर्माण 2020 में ही पूरा हो जाना था। 2011 में इस इमारत को बनाने की घोषणा की गई थी। लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप के बाद इसका निर्माण कार्य रोक दिया गया था। उस समय तक इस इमारत की 63 मंजिलें बन गई थी।*

**2025 में फिर शुरू हुआ काम**


*2025 में इसको बनाने काम फिर से शुरू हुआ था। सऊदी अरब को क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सल अल सउद के विजन 2030 के तहत इसको बनाया जा रहा है। इसे सऊदी अरब के जेद्दा इकनॉमिक सिटी में बनाया जा रहा है।*

**टावर में क्या-क्या होगा?**

जेद्दा टावर में ऑफिस, होटल, अपार्टमेंट होंगे। इस ऊंची टावर में आने-जाने के लिहाज से काफी तेज गति से चलने वाली लिफ्ट भी लगेगी ताकि आने वाले लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो।


## खबर संक्षेप

### नीरव मोदी केस की सुनवाई मार्च तक टली



**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी के मामलों में वांछित हीरा कारोबारी नीरव मोदी को लंदन की अदालत से अस्थायी राहत दी है। अदालत ने ब्रिटेन की जेलों में जरूरी कानूनी दस्तावेजों की आपूर्ति में हो रही देरी को आधार बनाते हुए बैंक आफ इंडिया के एक बकाया ऋण से जुड़े मुकदमे की सुनवाई मार्च 2026 तक टालने की अनुमति दी है।मोदी दो अरब डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में भारत प्रत्यर्पण का सामना कर रहा है। अक्टूबर में उसे दक्षिण लंदन की थेम्साइड जेल से उत्तर लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल में स्थानांतरित किया गया था, ताकि वह हाईकोर्ट में पेश हो सके।

### खाना लेकर फरार हुआ आतंकी, सर्च अभियान शुरू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक घर से आतंकवादियों के कथित रूप से भोजन लेकर पास के जंगल में भागने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर शाम खुफिया सूचना मिली थी कि दो अज्ञात आतंकवादी चोरे मोटू गांव में शाम करीब साढ़े छह बजे मंगतू राम के घर पहुंचे और भोजन लेकर चले गए। उधमपुर में तमाम सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। इसके बाद गांव के पास के जंगलों की घेराबंदी कर रविवार तड़के तलाशी और सघन अभियान शुरू किया गया।

### अब और ज्यादा पॉवरफुल हो जाएगा आईएएफ का जेट

# फाइटर जेट मिराज-2000 होगा अपग्रेड, अब 160 किमी दूर तक के लक्ष्य को भेदना होगा आसान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना मिराज 2000 लड़ाकू विमानों की अपग्रेडेड फ्लीट में स्वदेशी अस्त्र एमके 1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल को शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। यह फैसला विदेशी अगली पीढ़ी की मिसाइलों के आने तक वायुसेना की क्षमतागत कमी को पाटने में अहम भूमिका निभा सकता है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के मिराज 2000 विमान एमआईसीए आईआर और एमआईसीए आरएफ मिसाइलों पर निर्भर हैं, जिनकी प्रभावी मारक दूरी लगभग 80 किलोमीटर बताई जाती है।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह रेंज अब क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तुलना में कम मानी जा रही है, जिससे वायु युद्ध क्षमता पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय रक्षा कंपनी एमबीडीए अगली पीढ़ी की एमआईसीए एनजी न्यू जेनरेशन मिसाइल पर काम कर रही है, जिसकी अनुमानित रेंज 150 से 160 किलोमीटर तक होगी। यह मिसाइल भारत के अपग्रेडेड मिराज 2000, 5 विमानों के साथ संगत होने की पुष्टि कर चुकी है। इसकी डिलीवरी 2028-29 के अंत तक संभावित है, जबकि पूरी तरह ऑपरेशनल क्लीयरेंस मिलने में परीक्षण और एकीकरण प्रक्रिया के चलते 3 से 4 साल अतिरिक्त लग सकते हैं।

अपनी स्वदेशी एस्ट्रा एमके1 मिसाइल न केवल सस्ती है बल्कि ताकतवर है

चुनौतीपूर्ण हवाई युद्ध में बेहतर भूमिका निभाएगा मिराज



फाइटर जेट का फाइल फोटो

### स्वदेशी विकल्प से जल्द मिलेगा लाभ

मिका एनजी के पूरी तरह तैयार होने में जहां 2030 के शुरुआती वर्षों तक का इंतजार हो सकता है, वहीं एस्ट्रा एमके 1 एक समयबद्ध, किफायती और स्वदेशी अंतरिम समाधान के रूप में सामने आ रही है। आरडीवाय 2 रडार की मजबूत डिटेक्शन क्षमता के साथ एस्ट्रा एमके 1 की तैनाती मिराज 2000 बेड़े की मारक दूरी और घातक क्षमता को जल्दी बढ़ा सकती है।

### आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

*एस्ट्रा एमके 1 को मिराज 2000 में शामिल करने का फैसला आत्मनिर्भर भारत पहल को मजबूती देगा। इससे न केवल स्वदेशी मिसाइल प्रणाली का व्यापक उपयोग होगा, बल्कि विदेशी अपग्रेड्स पर निर्भरता भी कम होगी। साथ ही, यह मिराज 2000 विमानों को भविष्य के चुनौतीपूर्ण हवाई युद्ध परिदृश्यों में प्रासंगिक बनाए रखने में मदद करेगा।*

***रडार और अस्त्र का तालमेल:*** *मिराज-2000 को पहले ही अपग्रेड किया जा चुका है, जिससे वह अब और भी आधुनिक हो गया है। अपग्रेड किए गए मिराज विमानों में अब थलेस कंपनी का आरडीवाय-2 रडार लगा है।*

### आरडीवाय 2 रडार से लैस हैं अपग्रेडेड मिराज 2000

*भारतीय वायुसेना के अपग्रेडेड मिराज 2000 विमानों में आरडीवाय 2 ऑल वेदर सिंथेटिक अपर्चर रडार लगाया गया है। यह रडार 5 वर्ग मीटर रडार क्रॉस सेक्शन वाले फाइटर टारगेट को 120 से 140 किलोमीटर की दूरी से ट्रैक करने में सक्षम है। पहले के मिराज वेरिएंट में था, लेकिन आरडीवाय 2 अब मल्टी मोड और बीवीआर युद्ध के लिए कहीं अधिक सक्षम माना जा रहा है। यदि एस्ट्रा एमके 1 को मिराज 2000 में शामिल करने की मंजूरी मिलती है, तो इसके लिए तकनीकी सहयोग आवश्यक होगा। इससे आरवायडी 2 रडार और एस्ट्रा मिसाइल के बीच सटीक डेटा लिंक स्थापित किया जा सकेगा, ताकि मिसाइल की फायर एंड फॉरगेट क्षमता और गाइडेंस पूरी तरह प्रभावी रहे। एस्ट्रा एमके 1 पहले ही सुखोई 30 एमकेआई और तेजस लड़ाकू विमानों पर सफलतापूर्वक ऑपरेशनल हो चुकी है।*

### स्वदेशी अस्त्र मिसाइल की जरूरत

मिराज-2000 को अपग्रेड करने के पीछे कई बड़े रणनीतिक कारण हैं। मिराज की मौजूदा मीका मिसाइलें दुश्मन को 80 किमी तक ही मार सकती हैं। इसके मुकाबले चीन और पाकिस्तान के पास ऐसी मिसाइलें हैं जो इससे कहीं ज्यादा दूर तक वार करती हैं। नई फ्रांसीसी मिसाइल के आने में अभी बहुत समय है। भारत इतना लंबा इंतजार नहीं कर सकता, क्योंकि सरहद पर चुनौतियां हर दिन बदल रही हैं। विदेशी मिसाइलें बहुत महंगी होती हैं। अपनी स्वदेशी एस्ट्रा एमके1 न केवल सस्ती है, बल्कि इसके स्पेयर पार्ट्स और मेंटेनेंस भी भारत में ही आसानी से हो जाता है।

### जोहांसबर्ग के बार में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग

# 9 लोगों की मौत और 10 घायल, मची भगदड़

एजेंसी ▸▸ जोहांसबर

दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग के बाहरी इलाके में हुई गोलीबारी में कम से कम 9 लोग मारे गए हैं, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। इस महीने यह दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी की दूसरी बड़ी घटना है। पुलिस ने पहले बताया था कि 10 लोग मारे गए हैं लेकिन बाद में मृतकों की संख्या घटाकर 9 कर दी।

पुलिस के अनुसार, अनजान बंदूकधारियों ने एक बार में अंधाधुंध फायरिंग की। यह हमला शहर से लगभग 40 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में सोने की खदान वाले इलाके बेकर्सडेल में रात करीब 1 बजे से पहले किया गया। पुलिस ने एक बयान में बताया कि दो गाड़ियों से



घटना स्थल पर पुलिस

आए बंदूकधारियों ने बार में बैठे लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मौके से भागते समय भी हमलावर फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस कमिश्नर मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने बताया कि मरने वालों में एक ऑनलाइन कार हेलिंग सर्विस का ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर था।

### सोने की खदानों के पास घटना

*हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। बेकर्सडेल दक्षिण अफ्रीका की कुछ बड़ी सोने की खदानों के पास स्थित एक गरीब इलाका है। रविवार को हुआ हमला दक्षिण अफ्रीका में सामूहिक गोलीबारी की इसी महीने दूसरी घटना है। राजधानी प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल पर हमला किया था।*

### गृह मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

# बीएसएफ भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 50 प्रतिशत आरक्षण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सीमा सुरक्षा बल कांस्टेबल भर्ती में पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षण कोटा पहले से प्रस्तावित 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया गया है। नियमों के अनुसार,बीएसएफ में हर साल 50 फीसदी वैकेंसी पूर्व-अग्निवीरों के लिए, 10 प्रतिशत पूर्व सैनिकों के लिए और तीन प्रतिशत तक वार्षिक वैकेंसी को कॉम्बैटाइज्ड कांस्टेबलों (ट्रेड्समैन) के लिए आरक्षित होंगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 फीसदी से बढ़ाकर 50



फाइल फोटो

फीसदी कर दिया है। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी एक नोटिफिकेशन के मुताबिक, यह बढ़ोतरी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, जनरल ड्यूटी कैडर (नॉन-गजेटेड) रिक्रूटमेंट रूल्स, 2015 में संशोधन करके की गई है।

### हिंदुओं के खिलाफ दुश्मनी और नफरत का भाव

संघ के पदाधिकारियों और भाजपा नेताओं पर पीएफआई रखता है नजर

# एनआईए ने कोर्ट से कहा- देश के लिए खतरा है पीएफआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली की एक अदालत में पीएफआई नेतृत्व मामले में आरोपों पर अपनी दलीलें दीं। एनआईए ने कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) देश की एकता और अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा था।

यह मामला पीएफआई नेतृत्व द्वारा कथित तौर पर रची गई उस साजिश से संबंधित है जिसका उद्देश्य मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाना और हिंदुओं के खिलाफ दुश्मनी को बढ़ावा




देना था। पटियाला हाउस कोर्ट के एनआईए जज प्रशांत शर्मा के समक्ष एनआईए के विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) राहुल त्यागी ने कहा, हमारे पास संगठन के खिलाफ सबूत हैं एक संरक्षित गवाह ने हमें बताया कि पीएफआई कक्षाओं में यह सिखाता था कि अगर भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध करता है।

### इस्लामी शासन को स्वर्ण युग बताकर प्रचारित किया

*एसपीपी राहुल त्यागी ने कहा, पीएफआई के एक सदस्य ने गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बारे में दूसरों से चर्चा की। उन्होंने इस्लामी शासन के 'स्वर्ण युग' का वर्णन किया ये एक संरक्षित गवाह के बयान हैं। एसपीपी ने कहा, पीएफआई द्वारा भर्ती किए गए सदस्यों से 'बैतुलमाल' के रूप में मासिक राशि प्रदान करने के लिए कहा गया था।*

### बांग्लादेश में बवाल, हादी समर्थकों ने यूनुस सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

दीपू की हत्या के खिलाफ भारत में निकला जुलूस लोगों में गुस्सा

# बैरिकेड्स तोड़ते हुए भीड़ संसद भवन में घुसी नारेबाजी के साथ जमकर कर दी तोड़फोड़

**यूनुस सरकार पर भारी पड़ रहे हैं उपद्रवी**


**हादी समर्थकों ने पूछा**

- हत्या के लिए जिम्मेदार कौन
- अब तक जांच में क्या हुआ
- आरोपियों को गिरफ्तार कब तक किया जाएगा

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद शुरू हुई हिंसा लगातार जारी है। राजधानी ढाका में बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

इस बीच उस्मान हादी को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के बाद भीड़ ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और प्रदर्शनकारी संसद भवन में घुस गए। हादी के समर्थकों ने यूनुस सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच



बांग्लादेश संसद के बाहर जुटे प्रदर्शनकारी

से जुड़े हादी के करीबी सहयोगी अब्दुल्ला अल जबेर ने कहा है कि सरकार को अगले 24 घंटों में सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना होगा कि हादी की हत्या के जिम्मेदार कौन हैं, अब तक क्या जांच हुई है और गिरफ्तारियों के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

बांग्लादेश में भड़की हिंसा को लेकर ताजा अपडेट्स जानने के लिए इंडिया टीम की डिजिटल टीम के साथ जुड़े रहें। बांग्लादेश में हिंदू युवक की कट्टरपंथियों द्वारा बर्बर हत्या किए जाने के बाद हिंदुओं का गुस्सा चरम पर है।

भारत में हिंदू संगठन हिंदुओं के हत्यारे को कड़ी सजा देने और बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। भारत ने बांग्लादेश उच्चायोग बाहर हुए प्रदर्शन को लेकर बांग्लादेशी मीडिया की खबरों को खारिज किया।

### भारत रख रहा है नजर चटगांव में वीजा सेवा बंद

भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत बांग्लादेश में बदलती स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है। हमारे अधिकारी बांग्लादेश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हमने उन्हें अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों पर अपनी गहरी चिंता जताई है। हमने यह भी आग्रह किया है कि दास की बर्बर हत्या के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद ढाका के अलावा चटगांव में भी हिंसा हुई थी। चटगांव में असिस्टेंट हाई कमीशन पर हमला करने की कोशिश कर रही भीड़ को सुरक्षा बलों ने पीछे धकेल दिया था। ऐसे में सुरक्षा कारणों के चलते, वीजा एप्लीकेशन सेंटर चटगांव में भारतीय वीजा सेवाएं अगले आदेश तक बंद रहेंगी।


### चीन के कॉन्सर्ट में रोबोटस का कमाल

# सिंगर के साथ थिरके रोबोट्स मस्क बोले काफी इंप्रेसिव रहा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



एलन मस्क को प्रभावित करना आसान नहीं है, लेकिन जब बात ह्यूमनॉइड रोबोट्स की आती है, तो उनकी दिलचस्पी साफ दिखती है। हाल ही में चीन के एक कॉन्सर्ट में रोबोटिक डांसर्स की परफॉर्मेंस ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया और इसी वायरल वीडियो पर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक शब्द में प्रतिक्रिया दी, लिखा आई एम प्रेसिव यह वीडियो रोबोटिक एंटरटेनमेंट के भविष्य की झलक देता है। वायरल वीडियो कथित तौर पर चीनी सिंगर-सॉन्गराइटर वांग लीहोम के बेस्ट प्लेस टूर के चेंगदू कॉन्सर्ट का है। वीडियो में यूनिट्री कंपनी के कई ह्यूमनॉइड रोबोट्स बैगी स्ट्रीट-स्टाइल पैंट्स और चमकदार ओवरशर्ट्स पहने नजर आते हैं, जो स्टेज पर प्रोफेशनल डांसर्स की तरह परफॉर्म कर रहे हैं। जैसे ही गाना ओपन फायर शुरू होता है, रोबोटिक डांसर्स स्टेज पर उभरते हैं और वांग लीहोम की कोरियोग्राफी के साथ बिल्कुल सिंक में मूव करने लगते हैं।



# अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' का फाइनल ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** अगस्त्य नंदा की चर्चित फिल्म 'इक्कीस' का फाइनल ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके जरिए फिल्म के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों को बारीकियों से सामने लाने की कोशिश की गई है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म क्रिसमस पर यानी, 25 दिसंबर को रिलीज होनी थी। अब इसे 1 जनवरी, 2026 को रिलीज किया जाएगा। 'इक्कीस' का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया इस फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। 'इक्कीस' के फाइनल ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत के डायलॉग से होती है। वह कहते हैं, उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे।

लाइफ Style

# आशिका

## मेरा किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर

अभिनेत्री आशिका पादुकोण का कहना है कि स्टार प्लस के शो 'शहज़ादी है तू दिल की' में उनका निभाया दीपा का किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है। स्टार प्लस का नया शो 'शहज़ादी है तू दिल की 'लगातार दर्शकों के दिलों को छू रहा है, और इसके असर का एक बड़ा कारण आशिका पादुकोण द्वारा निभाया गया दीपा का भावुक किरदार है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिल टूटने, ज़िम्मेदारियों और मजबूती के बीच जूझती एक मां की भूमिका निभा रहीं आशिका ने हाल ही में अपने किरदार और उसे पर्दे पर उतारते वक्त जुड़ी इमोशनल बातों को लेकर खुलकर बात की। आशिका ने दीपा की मानसिक स्थिति पर बात करते हुए कहा कि उनका किरदार मजबूत और आत्मनिर्भर है, लेकिन भावनात्मक सहारे की उम्मीद में वह कहीं न कहीं नाजुक भी है। उन्होंने कहा कि दीपा आत्मनिर्भर है, लेकिन कहीं न कहीं उसे उम्मीद थी कि भानु ज़िम्मेदारी निभाएगा। जब वह उम्मीद टूटती है, तो वह उसे अंदर से तोड़ देती है। मैंने उसी विश्वासघात, निराशा और बेबसी की भावना को महसूस किया, खासकर यह जानते हुए कि वह अपनी बेटी के भविष्य के लिए यहां तक आई है, और यही उनकी परफॉर्मेंस की भावनात्मक नींव को दर्शाता है। आशिका ने बताया कि इस किरदार का सबसे मुश्किल हिस्सा दीपा के चुपचाप सहने वाले दर्द को दिखाना था। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन बात दीपा के मन के अंदर चल रही लड़ाई को दिखाना था। वह अंदर से बहुत आहत है, लेकिन अपनी बेटी के सामने खुद को टूटने नहीं देती। बाहर से मजबूत और संभली हुई दिखते हुए उस चुपचाप टूटते दिल को दिखाना भावनात्मक तौर पर बहुत मुश्किल था।



## हॉलीवुड मसाला



# नई फिल्म में करेंगे कॉमेडी...

**लॉस एंजिल्स।** सुपरस्टार टॉम क्रूज हमेशा से अपने हैरतअंगेज कारनामों के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें नए अंदाज में देखने को तैयार हो जाइए, क्योंकि नई फिल्म का ऐलान हो चुका है। अगर आप सोच रहे हैं कि यह 'मिशनः इम्पॉसिबल' सीरीज का अगला भाग होगा, तो आप बिल्कुल गलत हैं। टॉम की नई फिल्म का नाम 'डिगर' है जिसके निर्देशन की कमान एलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु ने संभाली है। फिल्म का पहला टीजर और इसकी तारीख भी आ गई है।



# पीट बने पिता, पार्टनर एल्सी संग किया पहले बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** 'द पिकअप' और 'द किंग ऑफ स्टेटन आइलैंड' जैसी फिल्मों के अभिनेता पीट डेविडसन पिता बन गए हैं। उन्होंने पार्टनर एल्सी हेविट के साथ अपने पहले बच्चे (बेटी) का स्वागत किया है। इस खुशखबरी को दोनों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए प्रशंसकों के साथ साझा किया। इस जोड़े ने अपनी नन्ही परी के नाम का खुलासा भी कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट सामने आने के बाद से प्रशंसक इस जोड़े को बधाई दे रहे हैं। एल्सी ने इंस्टाग्राम पर नन्ही परी की पहली झलक साझा की है। उन्होंने कैप्शन दिया, 'हमारी प्यारी परी बच्ची 12/12/2025 को आई। 'स्कॉटी रोज हेविट डेविडसन...' यह मेरा अब तक का सबसे अच्छा काम है, मैं प्यार, कृतज्ञता और अविश्वास से भरी हूं।' पीट ने बेटी का नाम स्कॉटी शायद अपने दिवंगत पिता स्कॉट डेविडसन के सम्मान में रखा है। एल्सी और पीट ने मार्च, 2025 में डेटिंग शुरू की थी। जुलाई में, मॉडल ने प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था।




# अक्षरा के नए गाने ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह फिर से सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस का नया गाना 'सोना के पलना' यूट्यूब पर रिलीज हो गया है और कुछ ही घंटे में इसे 11 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। ये गाना फिल्म 'अग्निसाक्षी' का है, जिसमें अक्षरा सिंह, तनुश्री और प्रदीप पांडे चिंटू लीड रोल में हैं। गाने की खुशमिजाज कहानी और रंग-बिरंगे सेट ने इसे बहुत मजेदार बना दिया है। गाने में अक्षरा सिंह पीली साड़ी में और तनुश्री हरी साड़ी में बहुत सुंदर दिख रही हैं गाने में एक बच्चे के जन्म का जश्न दिखाया गया है, जिसमें सभी झूमते हुए गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। दर्शक इस गाने में बच्चे की मासूमियत और झूमते हुए किरदारों को देखकर काफी एंजॉय कर रहे हैं। गाने की मीठी धुन और हंसी-मजाक वाला माहौल इसे और भी खास बना देते हैं।



# तू मेरी मैं तेरा... में अनन्या कार्तिक में नोकझोंक

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर जारी हो गया है। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है। निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा हैं। ट्रेलर देखने के बाद दिमाग में धर्मा प्रोडक्शन की पिछली रोमांटिक फिल्मों का रिकैप आना तय है। जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता की झलक भी दिखाई दी है, जिससे साफ है कि दोनों फिल्म का अहम हिस्सा हैं। कार्तिक ने 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन दिया, 'किस्से, कहानियां, चर्चे, दास्तांन... अधूरे इश्क के ही होते हैं।' ट्रेलर की शुरुआत तो कार्तिक, अनन्या की नोकझोंक वाली दोस्ती से होती है, लेकिन बहुत जल्द दोनों भावनाओं के दरिया में ले जाते हैं।

## टीवी मसाला

# 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' से हुई शिल्पा शिंदे की वापसी


**मुंबई।** टीवी शो 'भाभीजी घर पर हैं' पिछले कई दिनों से लगातार चर्चा में है। इसका कारण शिल्पा शिंदे की शो में वापसी और पिछली 'अंगूरी भाभी' यानी, शुभांगी अत्रे की विदाई है। शिल्पा की वापसी से प्रशंसकों उत्साहित हैं। इसी उत्सुकता को बनाए रखने के लिए निर्माताओं ने शो का ट्रेलर और स्ट्रीमिंग तारीख को जारी कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' में कॉमेडी के अलावा, हॉरर का तड़का लगेगा।



***इस तारीख से दस्तक देगा 'भाभीजी घर पर हैं 2.0':*** निर्माताओं ने 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' का ट्रेलर जारी किया है, जो देखने में काफी मजेदार है। इस बार कहानी एक रहस्यमयी गांव के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जहां संस्कारी महिला की मूर्ति स्थापित है। अंगूरी भाभी और अनीता भाभी की अदला-बदली से बड़ी विपदा आ चुकी है।

# मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद की 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में एंट्री

**मुंबई।** स्टार प्लस का आइकॉनिक शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी की एंट्री हो गयी है। शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब एक नए और मज़ेदार मोड़ की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी शो में ख़ास एपिसोड्स के लिए एंट्री करने वाले हैं। गुजराती सिनेमा और टीवी में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले श्रुहद गोस्वामी को, धार्मिक हिट फ़िल्म लालो, कृष्ण सदा सहायते में कृष्ण का किरदार निभाने के लिए खूब सराहा गया है।



अब जब वे हिंदी टीवी की दुनिया में कदम रख रहे हैं, तो उनकी एंट्री से कहानी में एक ताजा और दिलचस्प बदलाव आने की उम्मीद है। श्रुहद गोस्वामी, जिन्होंने अपनी शानदार एक्टिंग और मजबूत स्क्रीन प्रेज़ेंस से अपनी अलग पहचान बनाई है, अब आने वाले एपिसोड्स में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाते नज़र आएंगे। हालांकि उनके किरदार के बारे में ज़्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन खबरें हैं कि उनकी एंट्री से चल रही कहानी में बड़ा बदलाव आएगाऔर मुख्य किरदारों की भावनाओं से भरी कहानी और भी गहराई लेगी।

# 'कुश्ती' के अखाड़े में जमाएंगी रंग, ट्रेलर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** भोजपुरी एक्ट्रेस अंजना सिंह की फिल्म कुश्ती जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के बीच एक्ससाइटमेंट देखने को मिल रहा है। महिलाओं को खेल के लिए प्रोत्साहित करना 'कुश्ती' भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाती नजर आ रही है। इस फिल्म ने ये साबित कर दिया है कि महिला किरदार भी अखाड़े में उतरकर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।




***पिता के सपने को पूरा करते दिखेंगी :*** ट्रेलर में अंजना सिंह एक ऐसी बेटी की रोल निभा रही हैं, जो पिता के अधूरे सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाती है। पिता एक नामी पहलवान होते हैं, लेकिन किस्मत उन्हें खुद लड़ने का मौका नहीं देती। वो बेटी को पहलवानी की कड़ी ट्रेनिंग देते हैं और अंजना भी हर चुनौती को स्वीकार करती हैं। कहानी तब और गहराती है, जब शादी के बाद उसके सपनों पर सवाल खड़े किए जाते हैं। ससुराल की सोच और समाज की बंदिशों के बावजूद अंजना हार नहीं मानती। घर और अखाड़े के बीच संतुलन बनाते हुए वो आगे बढ़ती है, जो ट्रेलर का सबसे प्रभावशाली हिस्सा बन जाता है।

***इस दिन होगी फिल्म रिलीज :*** रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फिल्म दिसंबर 2025 के अंत तक या जनवरी 2026 की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। असल जिंदगी में भी अंजना सिंह अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं।

# अक्षय कुमार की फिल्म में 6 साल बाद विद्या बालन की एंट्री, बॉक्स ऑफिस पर होगा धमाका

**मुंबई।** अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। इन्हीं में से एक है निर्देशक अनीस बज्मी की फिल्म, जिसके लिए दोनों 15 साल बाद साथ आए हैं। पिछले कई दिनों से इस फिल्म के लिए हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब अभिनेत्री विद्या बालन पर आकर खत्म हुई है। दोनों 6 साल बाद फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने को तैयार हैं।

### विद्या की हो गई फिल्म में एंट्री

रिपोर्ट के मुताबिक, अनीस की फिल्म में 2 अभिनेत्रियां नजर आएंगी, जिनमें से एक के लिए विद्या के नाम पर मोहर लग चुकी है।अभिनेत्री के किरदार से जुड़ी जानकारी तो बाहर नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर है कि वो अक्षय संग फिर काम करने को बेहद उत्साहित हैं। दरअसल, विद्या और अक्षय के बीच असल में भी काफी अच्छी दोस्ती है। यही वजह है कि विद्या ने भी फिल्म के लिए हामी भरने में देर नहीं लगाई।



### इन फिल्मों में साथ दिख चुके अक्षय और विद्या

बता दें कि 'मिशन मंगल' को 40 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 300 करोड़ रुपये की कमाई की थी। सोनाक्षी सिन्हा, तापसी पन्नू और कीर्ति कुल्हारी भी इसका हिस्सा थीं। साल 2007 में अक्षय और विद्या ने हिट फिल्म 'हे बेबी' में साथ काम किया था। उसी साल आई फिल्म 'भूल भुलैया' में भी अक्षय और विद्या साथ थे और उनकी इस फिल्म ने भी खूब नोट छापे थे।

### अक्षय और विद्या की आने वाली दूसरी फिल्में

अक्षय के खाते में एक से बढ़कर एक फिल्में हैं। एक ओर वो प्रियदर्शन की फिल्म 'हैवान' में सैफ अली खान के साथ नजर आने वाले हैं, वहीं प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' भी उनके पास है। इसके अलावा दोनों फिल्म 'हेरा फेरी 3' लेकर आ रहे हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' भी अक्षय के पास है। दूसरी ओर विद्या को रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर 2' में देखा जाएगा। फिल्म में उनकी भूमिका बेहद दमदार होगी।


## 'एनिमल' भारतीय सिनेमा की दुनियाभर में सबसे कमाऊ 'ए' रेटेड फिल्म बन गई

# इन भारतीय फिल्मों ने 'ए' रेटिंग के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर किया धमाल


***मुंबई।** यूं तो अब भारतीय फिल्मों के लिए 500 करोड़ की कमाई बड़ी चुनौती नहीं मानी जाती, लेकिन सीमित दर्शक वर्ग, फैमिली ऑडियंस की कमी और कई बार विवादित विषयों के चलते ए-सर्टिफिकेट (एडल्ट रेटिंग) वाली फिल्मों के लिए रिकॉर्ड तोड़ पाना आसान नहीं होता। हालांकि, पिछले कुछ सालों में 'ए' रेटिंग वाली फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की है। कमाई के मामले में ये फिल्में मिसाल बन गईं। एक नजर उन्हीं धांसू भारतीय फिल्मों पर।*



**'एनिमल':** साल 2023 में आई संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी 'एनिमल' इस सूची में सबसे ऊपर है। रिलीज से पहले ही इस फिल्म को लोगों ने आड़े हाथों लिया था। फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिला था। सोशल मीडिया पर खूब आलोचना झेलने के बाद जब ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो लोग इसके दीवाने हो गए। दुनियाभर मे 915 करोड़ रुपये कमाकर रणबीर कपूर अभिनीत 'एनिमल' भारतीय सिनेमा की दुनियाभर में सबसे कमाऊ 'ए' रेटेड फिल्म बन गई।



**'धुरंधर':** दूसरे नंबर पर है रणवीर सिंह की 'धुरंधर', जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी है। 'धुरंधर' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। इसकी रफ्तार जरा भी कम होती नहीं दिख रही है। दूसरे हफ्ते में भी देश और दुनियाभर में फिल्म का प्रदर्शन धमाकेदार रहा। फिल्म 702 करोड़ रुपये कमा चुकी है। अगर यही रफ्तार बनी रही तो 'धुरंधर' भारत की टॉप 'ए' रेटेड कमाऊ फिल्मों में सबसे ऊपर पहुंचकर 'एनिमल' का रिकॉर्ड खतरे में डाल सकती है।



**'सालारः पार्ट 1':** दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 'ए' रेटेड भारतीय फिल्मों में तीसरे स्थान पर 'सालारः पार्ट 1' है, जिसके हीरो प्रभास थे। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन भी थीं। 'सालार' को लेकर जो अंदाजे लगाए गए थे, वो गलत साबित हुए। 'ए' सर्टिफिकेट के बावजूद फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला और प्रभास की ये फिल्म 618 करोड़ रुपये कमाकर दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बन गई।

**'कुली' और 'कबीर सिंह':** साल 2025 में आई रजनीकांत की फिल्म 'कुली' को भी एडल्ट सर्टिफिकेट मिला और लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 518 करोड़ रुपये बटोरे। उधर साल 2019 में आई फिल्म 'कबीर सिंह' भी इस सूची में शामिल है। संदीप रेडी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में थे। आलोचनाओं के बावजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 377 करोड़ रुपये छापे थे।





# गोवा सिर्फ नाइटलाइफ नहीं, आध्यात्मिकता का भी खजाना, यहां मौजूद हैं चार प्रसिद्ध मंदिर

**गोवा।** गोवा का नाम सुनते ही ज्यादातर लोगों के मन में बीच, पार्टी और रंगीन नाइटलाइफ की तस्वीर उभरती है लेकिन गोवा सिर्फ आधुनिक जीवनशैली का प्रतीक नहीं है, बल्कि अपनी समृद्ध विरासत, प्राचीन मंदिरों और आध्यात्मिक शांति के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां कई ऐतिहासिक और कलात्मक मंदिर हैं, जहां पहुंचकर मन को अद्भुत शांति और सकारात्मकता का अनुभव होता है। यदि आप गोवा की यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो घूमने के साथ-साथ इन प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन अवश्य करें।

### भगवान शिव को समर्पित मंगेशी मंदिर



गोवा का सबसे लोकप्रिय और भव्य मंदिर मंगेशी मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। करीब 400 साल पुराना यह मंदिर सफेद रंग की पारंपरिक गोअन वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है। यहां सालभर भक्तों की भीड़ लगी रहती है। शांत वातावरण, विशाल आंगन और प्राचीन दीपस्तंभ इसकी खूबसूरती को और बढ़ाते हैं।

### लाल-सफेद पत्थरों से बना शांतादुर्गा मंदिर



पहाड़ियों के बीच बसे इस खूबसूरत मंदिर को देवी शांतादुर्गा को समर्पित किया गया है, जो भगवान शिव और विष्णु के बीच हुए विवाद में मध्यस्थ बनी थीं। लाल और सफेद पत्थरों से निर्मित यह मंदिर गोवा की पारंपरिक स्थापत्य शैली का अनोखा रूप प्रस्तुत करता है। यहां के शांत बगीचे, खुले परिसर और दिव्य वातावरण कपल्स और परिवारों के लिए बेहद सुकूनदायक अनुभव प्रदान करते हैं।

### महालसा नारायणी मंदिर



यह मंदिर अपनी विशाल कांस्य की घंटे के लिए पहचाना जाता है, जिसकी मधुर ध्वनि दूर तक सुनाई देती है। मोलेम क्षेत्र के पास स्थित यह मंदिर देवी महालसा नारायणी (मोहिनी अवतार) को समर्पित है। नक्काशीदार स्तंभ, पारंपरिक गोअन सजावट और उत्सवों के दौरान होने वाली भव्य सजावट इस मंदिर को और विशेष बनाती है।

### प्रमुख शक्तिपीठ श्री कामाक्षी मंदिर



गोवा के प्रमुख शक्तिपीठों में शामिल श्री कामाक्षी मंदिर देवी कामाक्षी की आराधना का प्रमुख केंद्र है। कोंकणी और गोअन शैली की मिश्रित वास्तुकला से बना यह मंदिर आध्यात्मिकता और सौंदर्य का अनोखा संगम है। यहां की शांति, विशाल प्रांगण और गरिमामयी मूर्ति भक्तों को अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराती है।

---

### एनएमडीसी को वार्षिक रिपोर्ट औरा गृह पत्रिका के लिए प्रथम पुरस्कार मिला

# एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में सात पुरस्कार जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और एक जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए।

तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय "सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण" रहा, जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है।



#### विशिष्ट हस्तियों का हुआ सम्मान

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव प्रौद्योगिकी मंत्री गणेश जोशी, सांसद नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुरस्कार मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रसाद गौरीनेनी सहित उद्योग जगत की अन्य विशिष्ट हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से च. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने संगठन की ओर से सम्मान ग्रहण किया। एनएमडीसी को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट तथा गृह पत्रिका (हिंदी) के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने हेतु सर्वश्रेष्ठ

#### सभी क्षेत्रों में व्यापक पहलों को एनएमडीसी आगे बढ़ा रहा

*जी. प्रियदर्शिनी, निदेशक ने कहाकि ये सम्मान इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि सार्थक प्रगति तब हासिल होती है जब प्रदर्शन उद्देश्य से निर्देशित हो और स्पष्टता के साथ संप्रेषित किया जाए। हमारी यात्रा खनन से आगे बढ़कर समुदायों को सशक्त बनाने, कौशल को पोषित करने, नवाचार को आगे बढ़ाने और राष्ट्र के विकास में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने तक विस्तृत है। ये पुरस्कार टीम की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके माध्यम से वे एनएमडीसी के इतिहास को प्रामाणिकता, प्रभाव और गर्व के साथ प्रस्तुत करते हुए हितधारकों के साथ विश्वास को सुदृढ़ कर रहे हैं। अपने नेतृत्व को और मजबूत करते हुए, एनएमडीसी पीआरएसआई द्वारा मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रों में व्यापक पहलों को आगे बढ़ा रहा है।*

---

# मध्य प्रदेश की पहली इलेक्ट्रो होम्योपैथी उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं औषधि निर्माण प्रयोगशाला का शुभारंभ

**यह प्रयोगशाला चिकित्सकों को नए अनुसंधान के अवसर, विद्यार्थियों को अध्ययन एवं प्रशिक्षण, तथा राष्ट्र में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रति विश्वास और स्वीकार्यता बढ़ाने का कार्य भी करेगी**

**इंदौर।** देवी अहिल्या अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, इंदौर परिसर में मध्य प्रदेश की प्रथम इलेक्ट्रो होम्योपैथी उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं औषधि निर्माण प्रयोगशाला 'देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी कौंसिल ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष ओम जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके करकमलों द्वारा देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का शुभारंभ संपन्न हुआ। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रवर्तक डॉ. काउंट सीज़र मैटी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों तथा स्पैजिरिक कोहोबेशन पद्धति पर आधारित है। यहाँ इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियाँ पूर्णतः हर्बल औषधीय पौधों से निर्मित की जाएँगी। प्रयोगशाला में भारत में उपलब्ध औषधीय पौधों का उपयोग किया जाएगा। इन पौधों से सार तत्व निकालकर किण्वन, आसवन, भस्मीकरण एवं सहक्रियात्मक मिश्रण जैसी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से औषधियाँ तैयार की जाएँगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य पौधों में निहित वानस्पतिक ऊर्जा को औषधि में स्थिर करना है, जिससे मानव शरीर की रक्त एवं लसीका प्रणाली को संतुलित करने में सहायता मिलती है। यह प्रयोगशाला



न केवल उच्च गुणवत्ता की इलेक्ट्रो होम्योपैथिक औषधियों के निर्माण को सुनिश्चित करेगी, बल्कि

चिकित्सकों को नए अनुसंधान के अवसर, विद्यार्थियों को अध्ययन एवं प्रशिक्षण, तथा राष्ट्र में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रति विश्वास और स्वीकार्यता बढ़ाने का कार्य भी करेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओम जैन ने कहा "मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में यह प्रयोगशाला ऐतिहासिक और मील का पत्थर सिद्ध होगी। डॉ. काउंट सीज़र मैटी के सिद्धांतों पर आधारित यह पहल न केवल चिकित्सा विज्ञान को नई दिशा देगी, बल्कि हर्बल एवं प्राकृतिक उपचार पद्धतियों को वैज्ञानिक आधार भी प्रदान करेगी। देवी अहिल्या अस्पताल द्वारा किया गया यह प्रयास पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।" देवी अहिल्या कैंसर अस्पताल के निदेशक एवं देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक अजय हार्डिया ने कहा—"देवी अहिल्या अस्पताल सदैव नवाचार, अनुसंधान और सेवा के मूल सिद्धांतों पर कार्य करता आया है। आज इलेक्ट्रो होम्योपैथी की उच्च स्तरीय अनुसंधान प्रयोगशाला की शुरुआत हमारे लिए गर्व का विषय है। यहाँ निर्मित होने वाली औषधियाँ पूर्णतः हर्बल, उच्च गुणवत्ता युक्त और उपचार में प्रभावी होंगी। यह प्रयोगशाला चिकित्सकों, विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी।" कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती मनीषा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा— "देवी अहिल्या हर्बल स्पैजरिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का उद्देश्य इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। हमारी यह प्रयोगशाला हर्बल पौधों से निर्मित शुद्ध, सुरक्षित एवं प्रभावी औषधियाँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ नवीन अनुसंधान को भी बढ़ावा देगी। यह पहल समाज के लिए स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।" इस अवसर पर देवी अहिल्या कैंसर हॉस्पिटल के उप निदेशक डॉ. आशीष हार्डिया, डॉ. अकील खान सहित चिकित्सा जगत के अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, शोधकर्ता एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर 2019 को देवी अहिल्या कैंसर अस्पताल का शुभारंभ हुआ था। ठीक छह वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक क्रम में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की उच्च स्तरीय अनुसंधान प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया, जो देवी अहिल्या अस्पताल के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

---

## समंदर में डूबा 2000 साल पुराना रहस्य, प्रकट हुआ तो चौंक गए वैज्ञानिक, 115 फीट लंबा मनोरंजन का अड्डा मिला

**अलेक्जेंड्रिया।** कई बार परातत्व वैज्ञानिकों को खोज करते-करते कुछ ऐसा मिल जाता है, जिसकी उन्हें उम्मीद नहीं होती है। जब ऐसी चीजें खुद ब खुद सामने आ जाती हैं, तो इतिहासकार भी चौंक जाते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ, जब मिस्र के अलेक्जेंड्रिया शहर के प्राचीन बंदरगाह में पुरातत्वविदों को एक बड़ी और अनोखी खोज मिली है। यूरोपीय अंडरवॉटर आर्कियोलॉजी संस्थान की टीम ने समुद्र के भीतर खुदाई के दौरान करीब 2000 साल पुराना रहस्य ढूंढ निकाला।

**115 फीट लंबी शाही मनोरंजन नौका** : ये कुछ और नहीं बल्कि पुरानी और शाही मनोरंजन नौका है। यह नाव अलेक्जेंड्रिया के बंदरगाह पोर्टस मैग्नस के अंदर स्थित एंटीरोडोस द्वीप के पास मिली। पुरातत्वविदों को इसके लगभग 90 फीट लंबे लकड़ी के हिस्से सुरक्षित मिले हैं।

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

---

# गवाहों को गीता की कसम क्यों दिलाई जाती है, रामायण की क्यों नहीं?

**कोर्ट रूम में जज किसी गवाह का बयान लेने से पहले उसे दिलाते हैं गीता की शपथ**

**नई दिल्ली।** हम सभी ने अक्सर फिल्मों और टीवी धारावाहिकों में देखा है कि कोर्ट रूम में जज किसी गवाह का बयान लेने से पहले उसे गीता की शपथ दिलाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर गवाहों को गीता की ही कसम क्यों खिलाई जाती है, रामायण की क्यों नहीं? इसके पीछे ऐतिहासिक और धार्मिक कारण हैं।

### मुगल काल में लोग अपने धर्म की लेते थे शपथ

दरअसल, भारत में जब मुगल शासकों का शासन था, तब उन्होंने अपने नागरिकों की बातों पर विश्वास बनाए रखने के लिए एक प्रथा शुरू की थी, जिसमें गवाहों को उनके धर्मग्रंथ पर हाथ रखकर शपथ दिलाई जाती थी। उस समय हिंदू धर्म के अनुयायी गीता, मुस्लिम धर्म के लोग कुरान, और ईसाई धर्म के लोग बाइबल पर शपथ खाते थे क्योंकि मुगल शासनकाल में यह दरबारी प्रथा थी।




### गीता का संदेश माना जाता है सार्वभौमिक

साथ ही, गीता का संदेश सार्वभौमिक है और यह केवल हिंदू धर्म तक सीमित नहीं, बल्कि किसी भी व्यक्ति के लिए नैतिक दिशा निर्देश प्रदान करती है। इसलिए गवाहों की शपथ के लिए गीता का चयन इस दृष्टि से भी उपयुक्त माना गया है कि यह सत्य, न्याय और कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। यही कारण है कि कोर्ट रूम में आज भी गीता पर हाथ रखकर शपथ लेने की प्रथा को अपनाया जाता है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और नैतिकता बनी रहे।

### गीता की शपथ दिलाने का मुख्य कारण

अदालतों में गीता की शपथ दिलाने का मुख्य कारण यह है कि गीता केवल युद्ध या महाभारत का वर्णन नहीं करती, बल्कि जीवन में सत्य, धर्म और नैतिक आचरण का मार्गदर्शन भी देती है। रामायण में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का विवरण है और यह धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा देती है, लेकिन गीता में व्यक्ति को हर परिस्थिति में सच्चाई, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की सीख मिलती है। यही कारण है कि अदालत में गवाहों को गीता की शपथ दिलाई जाती है, ताकि वे अपने बयान में सत्य का पालन करें और न्याय प्रक्रिया में ईमानदारी बरतें।

### अंग्रेजों ने बदली व्यवस्था, बदला कानून

अंग्रेजों ने इसे कानूनी रूप दिया और इसे इंडियन ओथ्स एक्ट, 1873 में शामिल कर सभी अदालतों में लागू किया। इस एक्ट के तहत शपथ लेने की परंपरा धार्मिक ग्रंथों के आधार पर तय की गई थी। स्वतंत्र भारत में यह प्रथा धीरे-धीरे बदलती रही और 1969 में ओथ्स एक्ट, 1969 लागू किया गया, जिससे देश में एक समान शपथ कानून लागू हुआ। अब किसी भी व्यक्ति को उसके धर्म के अनुसार या अपने विश्वास के अनुसार शपथ लेने का अधिकार है। तो फिर गीता पर ही क्यों शपथ दिलाई जाती है?

---

# हर देश की अपनी नूडल्स स्टोरी! हर देश में अलग ढंग से बनती है नूडल्स की डिशेज

**नई दिल्ली।** नूडल्स एक ऐसा फूड है जिसे लगभग हर किसी ने कभी न कभी जरूर खाया है। चाहे जल्दी में कुछ खाना हो या सिर्फ स्वाद की इच्छा हो, इंस्टेंट नूडल्स हर किसी की पसंद बन चुके हैं। यही वजह है कि नूडल्स आज दुनियाभर में सबसे ज़्यादा खाए जाने वाले फूड्स में से एक हैं। नूडल्स से अलग-अलग देशों में तरह-तरह की स्वादिष्ट डिशेज बनती हैं। आपको बता दें कि वर्ल्ड नूडल्स डे हर साल 6 अक्टूबर को मनाया जाता है। आइए जानते हैं दुनिया की सबसे मशहूर नूडल रेसिपीज के बारे में।

### रामन – जापान



रामन एक जापानी नूडल सूप है जिसे खासतौर पर गाढ़े ब्रोथ, उबले अंडे, पोर्क, हरी प्याज और पतले नूडल्स के साथ तैयार किया जाता है। इसका स्वाद बेहद सुकून देने वाला होता है और इसे अब दुनियाभर में खाया जा रहा है।

### फो – वियतनाम



फो एक राइस नूडल सूप है जिसे चिकन या बीफ और हर्ब्स के साथ परोसा जाता है। इसके ब्रोथ को घंटों तक पकाया जाता है, जिससे इसका स्वाद और खुशबू अनोखी हो जाती है।

### पैड थाई – थाईलैंड




यह थाईलैंड का फेमस स्ट्रीट फूड है, जिसमें चावल के नूडल्स, अंडे, टोफू या श्रिंप, मूंगफली और बीन स्प्राउट्स मिलाए जाते हैं। इसका स्वाद हल्का, मीठा, खट्टा और तीखा होता है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

---

## शब्द पहेली - 6085



**बाएँ से दाए-**

1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6084 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | बा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 6095

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# 27वें जन्मदिन पर एमबाप्पे ने की रोनाल्डो की बराबरी



## एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के लिए दागा 59वां गोल

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने अपने 27वें जन्मदिन पर साल 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल करके एक साल में सबसे अधिक गोल करने के क्लब रिकॉर्ड की बराबरी की, जो कि अब तक क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज था। फ्रांस के स्ट्राइकर एमबाप्पे के लिए यह उपलब्धि हासिल करना लगभग असंभव रहा था, क्योंकि रियाल मैड्रिड का यह इस साल का आखिरी मैच था। एमबाप्पे ने हालांकि मैच खत्म होने से चार मिनट पहले पेनल्टी किक को गोल में बदलकर रोनाल्डो की बराबरी की, जिससे रियाल मैड्रिड ने सेविला पर 2-0 से जीत दर्ज की। रोनाल्डो ने 2013 में यह रिकॉर्ड बनाया था। एमबाप्पे ने रिकॉर्ड गोल करने के बाद रोनाल्डो के अंदाज में ही जश्न मनाया।

एमबाप्पे ने कहा, 'क्रिस्टियानो ने जो किया, वह अविश्वसनीय है। वह मेरे आदर्श हैं। वह रियाल मैड्रिड के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। मेरा यह जश्न उनको समर्पित है। मेरा उनसे बहुत अच्छा रिश्ता है। वह मेरे दोस्त हैं। मैं उन्हें और रियाल मैड्रिड के सभी प्रशंसकों को क्रिसमस और नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।'

# प्रीमियर लीग का नया गोल किंग- हॉलैंड ने रोनाल्डो को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| लंदन

एर्लिंग हॉलैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने आसान जीत दर्ज करके अपनी जीत का सिलसिला पांच मैच तक पहुंचा दिया। मैनचेस्टर सिटी को इस जीत तीन अंक मिले, लेकिन यह आर्सेनल को क्रिसमस के दिन प्रीमियर लीग में शीर्ष पर रहने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल की बदौलत एवर्टन पर 1-0 की जीत हासिल की, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि आर्सेनल 25 दिसंबर को प्रीमियर लीग में पांचवीं बार पहले स्थान पर रहेगा। इससे पहले जब चार अवसरों पर आर्सेनल क्रिसमस तक शीर्ष पर रहा था तब वह खिताब नहीं जीत पाया था।

आर्सेनल के बाद मैनचेस्टर सिटी दूसरे स्थान पर है। वह आर्सेनल से केवल दो अंक पीछे है। उसने वेस्ट हैम को 3-0 से हराया। हॉलैंड ने दोनों हाफ में एक-एक गोल करके इस सत्र में 17 मैचों में 19 गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोनाल्डो को पीछे छोड़ दिया।

## खबर संक्षेप



### केओए ने किया आयुष प्रज्वल को सम्मानित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक ओलंपिक संघ (केओए) ने उभरते हुए शटलर आयुष शेट्टी, अनुभवी टेनिस खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव सहित इस साल उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले राज्य के खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया। बीस साल के शेट्टी ने जून में यूएस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीतकर बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर में इस साल भारत के खिताब के सूखे को समाप्त किया था। उन्होंने पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराया था। प्रज्वल 2024 में भारत की डेविस कप टीम के सदस्य थे। प्रज्वल ने पुरस्कार लेने के बाद कहा, 'अब मेरी नजर बेंगलुरु ओपन, बैंकॉक चैलेंजर और वियतनाम में होने वाले दो टूर्नामेंटों पर है। इस पुरस्कार को पाकर मुझे बहुत गर्व हो रहा है।'

### एशियाई फुटबॉल परिसंघ शुरू करेगा नेशंस लीग

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अपने सदस्य देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए एएफसी नेशंस लीग शुरू करने की घोषणा की। यह कदम यूईएफए द्वारा 2018 में नेशंस लीग से प्रभावित होकर उठाया गया है,



जिसमें यूरोप की राष्ट्रीय टीमों को विभिन्न स्तरों में विभाजित किया जाता है और वे फीफा की निर्धारित विंडो में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं। यह घोषणा अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ द्वारा 2029 में इसी तरह का टूर्नामेंट शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आई है। एएफसी से जारी बयान के मुताबिक, 'राष्ट्रीय टीमों की सीमित उपलब्धता, बढ़ती परिचालन लागत और लॉजिस्टिक संबंधी जटिलताओं के कारण फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो का प्रभावी उपयोग करना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

### विश्व 25 कोलकाता दौड़: गुलवीर और सीमा ने बनाया कोर्स रिकॉर्ड



**कोलकाता।** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगेई ने 10वीं टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता पुरुष दौड़ में जीत हासिल की, जबकि गुलवीर सिंह और सीमा ने नया भारतीय कोर्स रिकॉर्ड बनाया। इथियोपिया की डेगिटु अजीमेरा ने मौजूदा चैंपियन सुतुमे असेफा केबेडे को हराकर अंतरराष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग की दौड़ जीती। दो बार के ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगेई ने शुरुआत में ही दबदबा बना दिया था। उन्होंने 1:11:49 (एक घंटा, 11 मिनट और 49 सेकेंड) का समय लेकर पहली बार यह प्रतियोगिता जीती। तंजानिया के अल्फोंस फेलिक्स सियुम्बु (1:11:56) दूसरे और लेसोथो के टेबेलो रामाकोंगोआना (1:11:59) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में अज़ीमेरा शुरू से अंत तक आगे रहीं। उन्होंने 1:19:36 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया।

## कमिंस की टीम ने स्टोक्स का सपना किया चकनाचूर

# ऑस्ट्रेलिया के पास रहेगी एशेज की ट्रॉफी, इंग्लैंड को 82 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने 82 रन से जीत दर्ज करके दो टेस्ट शेष रहते हुए एशेज बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की। इंग्लैंड ने 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 207 रन से आगे बढ़ाई। उसे तब जीत के लिए 228 रन चाहिए थे, जबकि आस्ट्रेलिया को एशेज को बरकरार रखने के लिए चार विकेट की जरूरत थी। इंग्लैंड की टीम हालांकि लंच के बाद 352 रन पर आउट हो गई और इस तरह से उसकी अप्रत्याशित जीत दर्ज करके विश्व रिकार्ड बनाने और एशेज में बने रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया।

■ स्टार्क ने इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदों पर फेरा पानी



### स्टार्क ने की शानदार गेंदबाजी

*इन दोनों मैच में स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की थी और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में फिर से ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने सुबह के सत्र में एकमात्र विकेट लिया। उन्होंने जेमी स्मिथ को 60 रन पर आउट किया। इंग्लैंड ने पहले सत्र में 102 रन जोड़कर अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। इंग्लैंड की शानदार वापसी ने आखिरी दिन दोपहर के भोजन तक एशेज का रोमांच बनाए रखा। इंग्लैंड ने लंच तक सात विकेट पर 309 रन बनाए थे। तब ऑस्ट्रेलिया को एडिलेड में ही ट्रॉफी जीतने के लिए तीन विकेट और इंग्लैंड को पांच मैचों की श्रृंखला में बने रहने के लिए 126 रन की जरूरत थी।*

### यह हार काफी निराशाजनक : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बाद में कहा कि उन्हें सुबह के सत्र में ऐसा लग रहा था कि उनकी टीम एक और बड़ी जीत हासिल करने के लिए तैयार है और उन्हें रिकॉर्ड स्कोर बनाने का पूरा भरोसा था। स्टोक्स ने कहा, 'यह हार काफी निराशाजनक है। हम जिस लक्ष्य को लेकर यहां आए थे उसे हासिल नहीं कर पाए। हम अपना सपना पूरा नहीं कर पाए, जो निश्चित रूप से काफी निराशाजनक है।' इंग्लैंड के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया को अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन की कमी खली जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसे में श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज स्टार्क ने शानदार प्रदर्शन किया। चौथा टेस्ट मैच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) पर मेलबर्न में शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट समान अंतर से जीते

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मैच के बाद कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। हमने कर दिखाया। ऑस्ट्रेलिया में आप कुछ भी चीज को हासिल करने के लिए जल्दबाजी नहीं कर सकते। इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होती है और मुझे खुशी है कि हमारे सभी खिलाड़ियों ने मेहनत की। मैंने नहीं सोचा था कि मैच इतना करीबी हो जाएगा लेकिन मैं परिणाम से बहुत खुश हूं।' इंग्लैंड ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जनवरी 2011 में जीता था, जिसके बाद से 5,462 दिन बीत चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने उसके बाद से अपनी धरती पर 5-0, 4-0, 4-0 से श्रृंखला जीती है और अब वह 3-0 से आगे है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ और ब्रिस्बेन में पहले दो टेस्ट मैच आठ विकेट के समान अंतर से जीते थे।

# रिकॉर्ड : कॉनवे-लाथम ने दोनों पारियों में ठोका शतक



एजेंसी ▶▶| माउंट माउंगानुई

कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने लगातार दूसरी पारी में शतक जड़कर टेस्ट इतिहास में अपना नाम विशिष्ट सूची में शामिल किया, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत के लिए 462 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। लैथम ने 101 रन बनाए जबकि कॉनवे ने 100 रन की पारी खेली। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी की थी, जिससे न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन पर समाप्त घोषित की। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। उसने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए हैं और इस तरह से वह अभी लक्ष्य से 419 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय ब्रैंडन किंग 37 और जॉन कैंपबेल दो रन पर खेल रहे थे। इससे पहले वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पहली पारी छह विकेट पर 381 रन से आगे बढ़ाई लेकिन वह चौथे दिन अपने स्कोर में 39 रन ही जोड़ पाया और इस बीच उसने चार विकेट गंवाए।

■ न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का रखा लक्ष्य

### लैथम ने की पिता रॉड की बराबरी

कॉनवे ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे और इस तरह से वह एक टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले दुनिया के केवल 10वें और न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। लैथम ने पहली पारी में 137 रन बनाए थे। उन्होंने एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतकीय साझेदारी करके अपने पिता रॉड की बराबरी की, जिन्होंने 1992 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में मार्क ग्रेटबैच के साथ शतकीय साझेदारी की थी। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से केन विलियमसन को पहली पारी में 86 ओवर से अधिक और दूसरी पारी में लगभग 40 ओवर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। विलियमसन 40 रन बनाकर नाबाद रहे। रचिन रविंद्र ने 23 गेंदों में नाबाद 46 रन बनाए।

# भारतीय बल्लेबाजों का फ्लाप शो पाक ने जीता अंडर-19 एशिया कप

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम को पाकिस्तान हार दिया। पाकिस्तान की टीम ने भारत को 26.2 ओवरों में ढेर कर 191 रन से फाइनल जीत लिया। भारतीय टीम के सामने 348 रन का लक्ष्य बड़ा साबित हुआ और बैटर्स के फ्लॉप प्रदर्शन के चलते अंत में टीम को हार मिली। भारत की ओर से कोई भी बैटर 26 रन से ज्यादा नहीं बना पाया। वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, एरोन जॉर्ज जैसे बड़े नाम फ्लॉप रहे।



### वैभव ने बनाए मात्र 26 रन

भारत की शुरुआत जोरदार रही. ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने पहले ओवर में ही अली रजा पर तीन छक्के और एक चौका लगाकर 26 रन ठोक दिए। लेकिन इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गई। कप्तान आयुष म्हात्रे सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए. एरॉन जॉर्ज ने 16 रन बनाए, लेकिन वो भी जल्दी लौट गए। वैभव भी 10 गेंदों पर 26 रन बनाकर पवेलियन चले गए।

### क्रीज पर नहीं टिक सके भारतीय बल्लेबाज

*इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। विहान मल्होत्रा 7 रन, वेदांत त्रिवेदी 9 रन, अभिज्ञान कुंडू 13 रन, कनिष्क चौहान 9 रन बनाकर आउट हुए। खिलन पटेल ने 19 रन बनाए, जिसमें दो छक्के शामिल थे। हेनिल पटेल 6 रन पर आउट हो गए। आखिर में दीपेश देवेंद्रन ने पूरी कोशिश की लेकिन उन्हें और किसी बैटर का साथ नहीं मिल पाया। अंत में किशन सिंह उनके साथ आए और दोनों ने जैसे तैसे रन जोड़ने शुरू किए। लेकिन अंत में अली रजा ने दीपेश को कैच आउट करा पाकिस्तान की झोली में जीत डाल दी। भारत की ये बेहद बड़ी हार है।*

## दिव्या शक्ति सुगम्य भारत ट्रॉफी



*वाराणसी। राजस्थान के दिव्यांग खिलाड़ी जसवंत सिंह रविवार को बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के एमपी थिएटर ग्राउंड में बीसीसीआई की ओर से प्रायोजित दिव्या शक्ति सुगम्य भारत ट्रॉफी के क्रिकेट मैच के दौरान छड़ी का इस्तेमाल करके गेंद फेंकते हुए।*

## यादें 2025: अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं से जूझना पड़ा

# इस साल उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा भारतीय फुटबॉल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के लिए वर्ष 2025 निराशा से भरा रहा, जिसमें उसे गंभीर प्रशासनिक संकट, अदालती सुनवाई, वित्तीय समस्याओं, घरेलू लीग के अभाव और सीनियर पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से जूझना पड़ा। जैसे-जैसे साल खत्म होने लगा लियोनेल मेस्सी के बहुचर्चित 'जीओएटी इंडिया टूर' ने कुछ दिलचस्पी पैदा की और इस खेल को लेकर कुछ चर्चा शुरू करने पर मजबूर किया। लेकिन इससे भारतीय फुटबॉल को कुछ फायदा हुआ होगा ऐसा नहीं लगता है। भारतीय फुटबॉल की अपनी समस्याएं ही कम नहीं थी और ऐसे में मेस्सी के दौरे के पहले दिन साल्ट लेक स्टेडियम में फैली अराजकता और अव्यवस्था ने शर्मिंदगी को और बढ़ा दिया। भारतीय फुटबॉल के गढ़ कहे जाने वाले कोलकाता में कानून-व्यवस्था का बिगड़ना भले ही अच्छी खबर न हो, लेकिन हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में मेस्सी के कार्यक्रम अच्छी तरह से आयोजित किए गए।



### पुरुष टीम का प्रदर्शन रहा बेहद निराशाजनक

इस साल भारत की सीनियर पुरुष टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। उसे ढाका में नवंबर में खेले गए 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग मैच में बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। यह बांग्लादेश के खिलाफ पिछले 22 वर्षों में उसकी पहली पराजय थी। भारतीय टीम वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस साल वह कुछ जीत हासिल करने में कामयाब रही, जिसमें सितंबर में मध्य एशियाई देशों ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक जीतना भी शामिल है।

### कम रैंकिंग वाली टीमों से हार भारत

बांग्लादेश के अलावा भारतीय पुरुष टीम को हांगकांग और सिंगापुर जैसी कम रैंकिंग वाली टीमों से भी हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर से 1-2 से मिली हार ने एशियाई कप में प्रवेश करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जहां एक ओर पुरुष टीम मैदान पर संघर्ष कर रही थी वहीं दूसरी ओर प्रशासक मैदान के बाहर की समस्याओं से जूझ रहे थे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) का रिलायंस के स्वामित्व वाली फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के साथ पिछला अनुबंध आठ दिसंबर को समाप्त हो गया। इसके बाद वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लिए एक नया वाणिज्यिक भागीदार नहीं जुटा पाया, जिससे इस खेल पर संकट पैदा हो गया। यही वजह है कि देश की सर्वोच्च फुटबॉल लीग आईएसएल अभी तक शुरू नहीं हो पाई।

# डेजर्ट वाइपर्स का शानदार प्रदर्शन शारजाह वॉरियर्ज को 4 विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| दुबई

डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शारजाह वॉरियर्ज पर चार विकेट से जीत हासिल करके अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी दावेदारी को और मजबूत किया। वाइपर्स ने आठ मैचों में 14 अंकों के साथ शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली है। वॉरियर्ज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 90 रन पर आउट हो गई। उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें टॉम एबेल ने सर्वाधिक नाबाद 35 रन बनाए। वाइपर्स की तरफ से डेविड पायने ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। वाइपर्स ने 13.5 ओवर में छह विकेट पर 91 रन बनाए और इस तरह से 37 गेंदें शेष रहते हुए आसान जीत हासिल की। उसकी तरफ से सैम कुरेन की 31 गेंदों में 37 रन की पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।




## धर्मांतरण के आरोप पर दो पक्षों में टकराव

# शिव शक्ति नगर चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान हंगामा

हरिभूमि जबलपुर।

कटंगा के बाद अब माढ़ोताल थाना क्षेत्र के शिव शक्ति नगर स्थित एक चर्च में चल रही प्रार्थना सभा के दौरान बड़ा हंगामा हो गया। धर्मांतरण के आरोप को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट, कुर्सियां फेंकने और पथराव की स्थिति बन गई। इस घटना में महिलाओं और बच्चों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। सूचना मिलते ही माढ़ोताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। जानकारी के अनुसार शिव शक्ति नगर, माढ़ोताल स्थित चर्च में रविवार दोपहर करीब 12 बजे प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इसी दौरान हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि चर्च में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हैं, जिनमें कुछ लोग दूसरे जिलों से आए बताए जा रहे हैं। सूचना के बाद परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और प्रार्थना भवन में मौजूद लोगों से भीड़ जुटने के कारणों को लेकर जानकारी चाही।



### कुर्सियां फेंकने का आरोप

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ता प्रार्थना सभा के भीतर पहुंचे और जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। इस पर वहां मौजूद लोगों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान कुर्सियां फेंकी गईं, जिससे माहौल और बिगड़ गया। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। सूचना मिलते ही माढ़ोताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवकों को हिरासत में लेकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### चर्च ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

वहीं चर्च में मौजूद महिला मनीषा पाखरे ने धर्मांतरण के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि यहां केवल प्रभु की आराधना और मानवता का काम किया जाता है, न कि किसी तरह का धर्मांतरण। उन्होंने बताया कि वर्षों से लोग अपनी मर्जी से यहां आते हैं और प्रार्थना करते हैं। मनीषा का आरोप है कि प्रार्थना सभा के दौरान 15 से 20 युवक जय श्रीराम के नारे लगाते हुए अंदर घुस आए और महिलाओं व बच्चों के साथ मारपीट की। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य लोग अपने पूजा स्थलों पर पूजा करते हैं, तो वहां कोई हस्तक्षेप नहीं करता, फिर उनकी प्रार्थना सभा में हंगामा क्यों किया गया।

### और पथराव के आरोप

हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जब उन्होंने सवाल किए तो वहां मौजूद लोग भड़क गए और अचानक हमला कर दिया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि चर्च परिसर में कुर्सियां उछाली गईं और पथराव भी हुआ। इस दौरान महिलाएं और बच्चे भी घायल हुए। स्थिति तनावपूर्ण होते देख आसपास अफरा-तफरी मच गई। हिंदू सेवा परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराया जा रहा था।

### एक दिन पहले भी हुआ था विवाद

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले शनिवार को कटंगा स्थित एक चर्च में भी इसी तरह का विवाद सामने आया था। वहां हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया था कि नेत्रहीन बच्चों को जबरन चर्च लाया जा रहा है। आरोपों के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो हंगामे में बदल गई थी। उस मामले में गोरखपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले थे। फिलहाल माढ़ोताल पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतें लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## रेल मदद 139 बनी जीवन रक्षक

# जबलपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म पर हुआ सुरक्षित प्रसव

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुरक्षा, सहायता और मानवीय सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार मजबूत कर रहा है। इसका एक और सराहनीय उदाहरण रविवार को जबलपुर रेल मंडल में देखने को मिला, जब रेल मदद 139 के माध्यम से मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गर्भवती महिला को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई और प्लेटफार्म पर ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। जानकारी के अनुसार गाड़ी क्रमांक 19051 वलसाड–मुजफ्फरपुर श्रमिक एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला यात्री को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। मेडिकल कॉल के दौरान महिला अपने परिवार के साथ जबलपुर रेलवे स्टेशन पर पीछे के सामान्य कोच से उतरी। जैसे ही इसकी सूचना रेल मदद 139 के जरिए जबलपुर रेल मंडल को प्राप्त हुई, तत्काल समन्वित कार्रवाई शुरू कर दी गई। वाणिज्य विभाग के उप स्टेशन प्रबंधक श्री बलवंत ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत रेलवे अस्पताल को सूचित किया। सूचना मिलते ही रेलवे चिकित्सक डॉ. संजय, नर्स श्रीमती लक्ष्मी गढ़वाल एवं श्रीमती सपना रजक आवश्यक चिकित्सा उपकरणों के साथ तुरंत प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर पहुंचे। डॉ. संजय द्वारा प्लेटफार्म पर ही सुरक्षित और सफल प्रसव कराया गया, जिसमें महिला ने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के तुरंत बाद मां और नवजात शिशु को आवश्यक इमीडिएट पोस्ट डिलीवरी केयर और बेबी केयर उपचार प्रदान किया गया। इसके बाद रेलवे एंबुलेंस की मदद से दोनों को आगे के उपचार के लिए रानी दुर्गावती चिकित्सालय, जबलपुर भेजा गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में मां और नवजात शिशु दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। महिला यात्री की पहचान नजनी खातून, निवासी ग्राम झापा, जिला सीतामढ़ी (बिहार) के रूप में हुई है। यह पूरी घटना रेल मदद 139 प्रणाली की प्रभावशीलता के साथ-साथ जबलपुर रेल मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता और मानवीय सेवा भावना को दर्शाती है। यात्रियों की सहायता के लिए रेलवे द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास न केवल भरोसा बढ़ाते हैं, बल्कि आपात परिस्थितियों में जीवन रक्षक भी साबित हो रहे हैं।

## अवैध ई-टिकट कारोबार का भंडाफोड़

# ऑपरेशन थंडर : आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई

**जबलपुर।** पश्चिम-मध्य रेलवे के रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अवैध रेल ई-टिकटों की कालाबाजारी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन थंडर के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। आरपीएफ ने पिपरिया खमरिया क्षेत्र में दबिश देकर एक कंप्यूटर दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है, जो पर्सनल यूजर आईडी का दुरुपयोग कर यात्रियों को ऊंचे दामों पर रेल टिकट बेच रहा था। आरोपी के कब्जे से हजारों रुपये के ई-टिकट और कंप्यूटर उपकरण जब्त किए गए हैं।

आरपीएफ सूत्रों के अनुसार मुख्यालय से प्राप्त तकनीकी डेटा के आधार पर उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने पिपरिया खमरिया स्थित सावी कंप्यूटर नामक दुकान पर छापेमारी की। जांच के दौरान यह सामने आया कि दुकान का 46 वर्षीय संचालक संतोष कुमार उराव दो अलग-अलग पर्सनल यूजर आईडी का इस्तेमाल कर अवैध रूप से रेल ई-टिकट बुक कर रहा था।

### 25 ई-टिकट जारी कर वसूला जा रहा था अतिरिक्त कमीशन

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अब तक कुल




25 रेल ई-टिकट जारी कर चुका था, जिनकी कुल कीमत 27,169.50 रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह जरूरतमंद यात्रियों से प्रति टिकट 50 से 60 रुपये तक अतिरिक्त कमीशन वसूलता था। इस तरह वह अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित कर रहा था।

### टिकट और कंप्यूटर उपकरण जब्त

आरपीएफ ने मौके से एक पुराना सीपीयू और 25 ई-टिकट जब्त किए हैं। इनमें से 6 टिकट ऐसे हैं, जिन पर अभी यात्रा शेष थी, जिनकी कुल कीमत 14,229 रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही आरोपी के बैंक लेन-देन की भी गहन जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस अवैध कारोबार से अब तक कितनी कमाई की गई।

### रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज

आरपीएफ ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 4895/25 के तहत रेल अधिनियम की धारा 143 (अवैध टिकट व्यापार) में मामला पंजीबद्ध किया है। फिलहाल आरोपी को बंधपत्र पर रिहा किया गया है, लेकिन जांच अभी जारी है। आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

### कालाबाजारी पर सख्ती जारी रहेगी

रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों से अवैध वसूली और रेल टिकटों की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऑपरेशन थंडर के तहत आगे भी इस तरह की सख्त निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम यात्रियों को ठगी से बचाया जा सके और रेलवे की ई-टिकटिंग प्रणाली की पारदर्शिता बनी रहे।

# दीनदयाल बस स्टैंड पर ऑटो चालक की हत्या

**जबलपुर।** रविवार शाम 5:30 बजे दीनदयाल बस स्टैंड चौराहे पर एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को सकते में डाल दिया। जानकारी के अनुसार, एक ऑटो चालक की सरेराह चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद घायल चालक काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा, जिससे सड़क खून से लथपथ हो गई। मृतक की पहचान राजीव नगर निवासी पवन अहिरवार के रूप में हुई है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, घटना का कारण ई-रिक्शा और बाइक में हुए मामूली विवाद को बताया जा रहा है। यह विवाद कुछ ही देर में हिंसक मारपीट में बदल गया और इसी दौरान हमलावर ने ई रिक्शा चालक पवन



अहिरवार की गर्दन पर चाकू से हमला कर उसे हत्या के घाट उतार दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, हमला इतना अचानक और निर्मम था कि आसपास के लोग भी भयभीत हो गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई और सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई। सीएसपी भगत सिंह गोठरिया ने बताया कि पुलिस की टीम और वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुँचे। घायल को तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अब घटना के पूरे पहलुओं की जांच में जुटी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावर की पहचान की जा सके और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। इस दर्दनाक घटना ने बस स्टैंड और आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में भय और चिंता पैदा कर दी है।

### *खेल एवं युवा कल्याण मंत्री का आगमन आज*

जबलपुर। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का आज सोमवार 22 दिसम्बर की रात 9 बजे सिवनी से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री सारंग यहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे तथा मंगलवार 23 दिसम्बर को सुबह 9.30 बजे रानीताल खेल परिसर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।




## 22 दिसंबर से नई व्यवस्था लागू

# रेलवे में आरक्षण चार्ट और वीआईपी कोटा आवेदन समय में बदलाव

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा और आरक्षण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों के आरक्षण चार्ट तैयार करने के समय में बदलाव के साथ-साथ हेड ऑफिस कोटा (एचओ कोटा) अथवा वीआईपी कोटे से सीट कन्फर्म कराने के लिए आवेदन करने की समय-सीमा में भी संशोधन किया है। यह नई व्यवस्था पूरे देश में 22 दिसंबर, सोमवार से लागू की जा रही है। रेलवे के अनुसार अब ट्रेनों का आरक्षण चार्ट कम से कम 10 घंटे पहले तैयार किया जाएगा। इसी के अनुरूप महाप्रबंधक (जीएम) और मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालयों में वीआईपी अथवा एचओ कोटा के तहत सीट आवंटन के लिए आवेदन करने का समय भी अलग-अलग श्रेणियों में तय कर दिया गया है।



### आवेदन के नए समय इस प्रकार होंगे

रात 10 बजे से रात 12 बजे के बीच चलने वाली ट्रेनों के लिए वाणिज्य विभाग में आवेदन सुबह 9 बजे तक करना होगा। रात 12 बजे से सुबह 10 बजे तक चलने वाली ट्रेनों के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक आवेदन देना अनिवार्य होगा। सुबह 10 बजे से रात 10 बजे के बीच चलने वाली ट्रेनों के लिए एक दिन पहले दोपहर बाद 3 बजे तक आवेदन करना होगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस नई व्यवस्था से आरक्षण प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी और यात्रियों को समय रहते सीट की स्थिति की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही, वीआईपी या हेड ऑफिस कोटा के तहत अंतिम समय में होने वाली असुविधा भी कम होगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने भारतीय रेलवे के सभी प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों (पीसीसीएम) तथा सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (क्रिस) के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि नई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है।

# जिला अस्पताल में मृत पाई गई बुजुर्ग महिला का गरीब नवाज कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** द्वारका नगर कच्चा घर निवासी 75 वर्षीय उमा देवी शर्मा को उनकी भांजी रितु शर्मा बीती रात इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल विक्टोरिया लेकर पहुंचीं। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा जांच किए जाने पर उमा देवी को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद रितु शर्मा अपनी मौसी का शव अस्पताल में ही छोड़कर जाने लगीं। इसकी सूचना कजुअल्टी द्वार पर गरीब नवाज कमेटी को दी गई। कमेटी द्वारा रितु शर्मा से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे मौसी का अंतिम



संस्कार कर सकें या शव को घर ले जा सकें। मामले की जानकारी कमेटी द्वारा विक्टोरिया अस्पताल के डीन डॉ. नवीन कोठारी को दी गई, जिसके बाद शव को मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया। अगली सुबह गरीब नवाज कमेटी के सहयोग से रितु शर्मा के हाथों उनकी मौसी उमा देवी शर्मा का अंतिम संस्कार तिलवारा मुक्तिधाम में कराया गया। इस सेवा कार्य में गरीब नवाज कमेटी के सदस्य बाबू खान, दीपक निगम, बछु नांकनी, यूसुफ मालगुजार, रियाज अली, मोहम्मद आसिफ एवं आदिल पठान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

*शीतकालीन सत्र में सांसद आशीष दुबे ने उठाईं क्षेत्र की ज्वलंत समस्याएं, वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ से लेकर विकास योजनाओं तक हुई व्यापक चर्चा*

# लोकसभा में गूंजी जबलपुर की आवाज

हरिभूमि, जबलपुर।

संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से प्रारंभ होकर 19 दिसंबर को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ। इस सत्र के दौरान लोकसभा में राष्ट्रहित और जनकल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर विमर्श हुआ। 8 दिसंबर को राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशेष चर्चा आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, जबकि चर्चा का समापन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया। यह जानकारी जबलपुर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने एक पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा में लोकसभा के 62 सदस्यों ने भाग लिया, जो भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



### लोकसभा में जबलपुर से जुड़े अहम सवाल

सांसद दुबे ने बताया कि शीतकालीन सत्र के दौरान उन्होंने जबलपुर संसदीय क्षेत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषय लोकसभा में उठाए। इनमें आदर्श युवा ग्राम सभा (मॉडल यूथ ग्राम सभा एमवाईजीएस), राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र एवं नमस्ते योजना के उद्देश्य, सतत औद्योगिक विकास हेतु संशोधित हरित क्षेत्र एवं वृक्षारोपण मानदंड, अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म और जीओआई स्टैक्स मोबाइल एप्लिकेशन जैसे विषय प्रमुख रहे।

### विकास, स्वास्थ्य और रोजगार पर फोकस

सांसद दुबे ने बताया कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम की प्रगति, किफायती स्वास्थ्य देखरेख और सुलभ चिकित्सकीय पर्यटन, तकनीकी वस्त्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जीआरपीटी योजना, आवश्यक वस्तुओं की मूल्य निगरानी को मजबूत करने के लिए नए उपकरणों, पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन, एमएसएमई क्षेत्र में ऋण और पूंजी उपलब्धता, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की पीएलआई योजना, ग्राम पंचायतों में अटल भूजल योजना की स्थिति जैसे विषयों पर भी प्रश्न उठाए गए। इन सभी प्रश्नों का संबंधित केंद्रीय मंत्रियों द्वारा सदन में उत्तर दिया गया।

### युवाओं को मिलेगा लाभ

सांसद दुबे ने कहा कि जबलपुर के विद्यार्थियों और युवाओं को शीघ्र ही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आदर्श युवा ग्राम सभा योजना का लाभ मिलेगा। यह योजना युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और सामुदायिक विकास से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी पहल है।

### 23 से 25 दिसंबर तक होगा सांसद खेल महोत्सव

सांसद आशीष दुबे ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी परिकल्पना का साकार रूप है, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और फिट इंडिया मिशन को मजबूती देना है। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2025 का जिला स्तरीय आयोजन जबलपुर में 23 से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। इससे पूर्व पिछले दो महीनों में विकासखंड स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। 23 दिसंबर को रानीताल खेल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में होगा।

प्रशासन ने खोला अंसार नगर मस्जिद का ताला

# रंग लाई आपसी समझौते की पहल, शुरू हो गई नमाज़

**जबलपुर।** शुक्रवार को जुमे की नमाज़ से पहले अंसार नगर मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के दो गुटों में इमाम को लेकर हुआ विवाद हंगामे में बदल गया था, बढ़ते तनाव व अनहोनी की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मस्जिद में ताला लगा दिया गया था, जिसके बाद से लगातार दो पक्षों के बीच कई दौर की बैठकें हुईं। शनिवार को भी मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुहम्मद मुशाहिद अहमद कादरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी मुहम्मद कदीर सोनी, सरदार हामिद हुसैन, पार्षद याकूब अंसारी, पार्षद अख्तर अंसारी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अशरफ मंसूरी, मेहफ़ूज़ टेलर, सगीर बंबईया आदि ने दोनों पक्षों को समझाईश दी और स्थानीय लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन प्रशासन को सौंपकर बताया कि दो पक्षों में समझौता हो गया है, समझौते की विधिवत लिखित जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस मौके पर पहुँची और शाम चार बजे मस्जिद का ताला खोल दिया गया, जिसके बाद अज़ान हुई और फिर नमाज़े अस्र अदा की गयी।



सौहार्दपूर्ण माहौल में दोनों पक्ष के लोग गिले शिकवे भुलाकर गले मिले और भविष्य में आपसी सहमति व सदभाव से हर समस्या के समाधान का संकल्प लिया। 24 घण्टे के भीतर मस्जिद का ताला खुलने से जहाँ नमाज़ियों, अंसार नगर क्षेत्र के नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गयी, वहीं पुलिस व प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।



### डॉ. सलमा जमाल को "विद्या वारिधि सम्मान"

**जबलपुर।** नगर एवं देश की सुप्रसिद्ध कवयित्री/ कथाकार डॉ. सलमा जमाल को श्री मौन तीर्थ विद्यापीठ उज्जैन के अधिष्ठाता मोनी बाबा महाराज के जन्म महोत्सव के 116वें श्रद्धा पर्व के अवसर पर 2025 के सम्मान प्रदान किये गये, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के शिक्षाविद् एवं साहित्यकारों ने भाग लिया। श्री मौन तीर्थ पीठ के पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित ब्रह्मनिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानन्द गिरी के पावन सानिध्य में, विद्वान विभूतियों के मध्य अभिषेक पूजन, यज्ञ, भंडारा एवं अलंकरण प्रदान किया गया। डॉ. सलमा जमाल को शॉल, मोमेंटो एवं 'विद्या वारिधि सम्मान' से अलंकृत किया गया। नगर की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं ने हर्ष व्याप्त कर कवयित्री को बधाई दी।

कबीलों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, दस्तावेजों के साथ प्रशासन से सुरक्षा और पट्टे की मांग

# जबलपुर के घुमक्कड़ जाति के लोगों को रोहिंग्या, बांग्लादेशी बताए जाने का आरोप

**जबलपुर।** जिले में रह रहे घुमक्कड़ जाति के लोगों ने स्वयं को रोहिंग्या और बांग्लादेशी कहकर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए जिला अधीक्षक पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। कबीले के मुखिया अमूर खां पिता नत्थू खां के हस्ताक्षर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वे और उनका कबीला पिछले 60-70 वर्षों से मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें विदेशी बताकर परेशान किया जा रहा है, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।



**बकरा-बकरी पालन और मजदूरी से चला रहे जीवन-** आवेदन में उल्लेख किया गया है कि घुमक्कड़ जाति के लोग परंपरागत रूप से बकरा-बकरी पालन करते हैं और इसके साथ मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते आ रहे हैं। पीढ़ियों से घूमते-फिरते रहने के कारण वे एक स्थान पर स्थायी रूप से नहीं रुके, लेकिन पिछले 25-30 वर्षों से जबलपुर जिले में ही रह रहे हैं। उनका कहना है कि वन विभाग द्वारा जंगलों में चराई पर रोक लगाए जाने के बाद से उन्हें स्थायी ठिकाने की तलाश में मजबूरी में जिले में बसना पड़ा।

**पंचायत को दी जाती थी पूरी जानकारी-** कबीले के मुखिया ने बताया कि जब भी वे किसी जिले या गांव में ठहरते थे, तो सबसे पहले संबंधित ग्राम पंचायत में जाकर सरपंच को कबीले की पूरी जानकारी देते थे। सरपंच के पत्र में कबीले के पुरुषों, महिलाओं, बच्चों और पशुओं की संख्या दर्ज कराई जाती थी, जिसे कोटवार अथवा पंचायत स्तर पर संज्ञान में लिया जाता था। उनका दावा है कि उनके कबीले के 60-70 साल के इतिहास में न तो कोई आपराधिक रिकॉर्ड है और न ही किसी सदस्य पर कोई केस दर्ज है।

**राजस्थान से जुड़ा इतिहास, दमोह में दफन पूर्वज-** आवेदन में कबीले के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि उनके बुजुर्गों से सुनी बातों के अनुसार उनके पूर्वज राजस्थान में चंबल नदी के किनारे रहते थे। वहां बांध निर्माण के दौरान सरकार द्वारा विस्थापित किए जाने के बाद वे मुआवजा लेकर अलग-अलग क्षेत्रों में घूमने लगे। अमूर खां ने बताया कि उनके पिता नत्थू खां का निधन दमोह में हुआ था और उनकी मजार आज भी वहां मौजूद है। वहीं उनकी दादी का इंतकाल भी दमोह के पास हनोतिया गांव के निकट हुआ, जहां उन्हें दफनाया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि उनका संबंध भारत की भूमि से ही रहा है।

**पीढ़ियों का विवरण और दस्तावेज पेश-** कबीले के मुखिया ने अपने पूर्वजों के नामों, उनकी संतानों और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों- सागर, छिंदवाड़ा, कटनी, रायसेन, विदिशा, नरसिंहपुर, जबलपुर सहित अन्य क्षेत्रों में उनके आवागमन का विस्तृत विवरण आवेदन में दिया है। साथ ही दमोह में रहने वाले दादा चुन्नी खां की जमीन के कागजात और वर्ष 1984 से 2004 तक के मुसाफरी संबंधी दस्तावेजों की प्रतियां भी प्रशासन को सौंपने की बात कही गई है।

**न्याय की अपील-** आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वे भारतीय नागरिक हैं, उनके पूर्वज यहीं मरे और यहीं दफन हुए, फिर भी उन्हें रोहिंग्या और बांग्लादेशी कहकर क्यों परेशान किया जा रहा है। कबीले ने शासन-प्रशासन से सुरक्षा, सहयोग और रहने के लिए पट्टे दिए जाने की मांग की है। साथ ही संविधान पर भरोसा जताते हुए निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई है।

## खेरमाई वार्ड में विभिन्न स्थानों पर विधायक निधि से 25 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खेरमाई वार्ड में विधायक निधि से 25 लाख रुपये की स्वीकृत राशि द्वारा कराए जा रहे विभिन्न स्थानों पर सड़क (रोड) निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि खेरमाई वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य जनआवश्कताओं को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत किया गया है। इन सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में श्याम पीपडा, रमेश पीपडा, नजर अली, मुन्नू पंडा, धर्मेन्द्र पटारिया, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, ताहिर अली, इम्तियाज अली, कलीम खान, आमीन पहलवान, अशफाक, कल्लू खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विराट अष्ट महालक्ष्मी नारायण कुबेर महायज्ञ व नर्मदा पुराण 26 से

**जबलपुर।** श्री माँ महालक्ष्मी धार्मिक सेवा समिति पचमठा महालक्ष्मी मंदिर आधारताल तालाब जबलपुर द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी लोक कल्याण, वैभव, संतान प्राप्ति, सुख-समृद्धि, पारिवारिक सुख-शांति, गृह क्लेश निवारण एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए विराट अष्ट महालक्ष्मी नारायण कुबेर महायज्ञ 26 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहा है, जिसकी कलश यात्रा 26 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे प्रारंभ होगी, कलश यात्रा में 501 कलशधारी महिलाएं शामिल होंगी। श्रद्धालु भक्तों से उपस्थिति की अपील पुजारी एवं यज्ञकर्ता पं. कपिल महाराज, समिति अध्यक्ष पं. ऋषि मिश्रा, दिनेश ताम्रकार, दिवाकर सोनी, एड. जीपी शुक्ला, सुनील केशरवानी, देवेन्द्र तिवारी, सुबोध पहारिया, कपिल खरे सहित अन्य ने की है।

## नारी मंगल समिति के शताब्दी वर्ष पर लगा 'आनंद मेला'

**जबलपुर।** सामाजिक सेवा महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक चेतना की मिसाल नारी मंगल समिति ने अपने शताब्दी वर्ष पर आनंद मेला का भव्य व ऐतिहासिक आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका ज्ञानेश्वरी दीदी रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कावेरी शाह पटेल एवं डॉ. पुष्पराज पटेल उपस्थित रहे। आनंद मेला में समिति सदस्यों ने बंगाली, चायनीज, नार्थ इंडियन व्यंजन, खेलकूद, वस्त्र तथा कश्मीरी उत्पाद के स्टॉल लगाये। इस अवसर पर अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता में 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्मारिका "शतरूपा" का विमोचन रहा। आयोजन को सफल बनाने में नारी मंगल समिति की सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## जन संगठनों का आंदोलन आज

**जबलपुर।** 24 नवम्बर से जबलपुर को डाउनग्रेड कर राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट हब श्रेणी से हटा दिया गया है। प्रदेश में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर तथा जबलपुर ऐसे चार नेशनल स्पीड पोस्ट हब थे, किन्तु अकेले जबलपुर को डाउनग्रेड किया गया है। इस अन्याय के खिलाफ जनसंगठनों का प्रदर्शन 22 दिसम्बर को दोपहर 01 बजे घंटाघर के पास किया जाएगा।

## महाभियोग प्रस्तावः तुष्टिकरण की राजनीति और न्यायिक आतंकवाद

**जबलपुर।** 9 दिसंबर 2025 को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, डीएमके की कनिमोझी करुणानिधि, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव सहित 107 से अधिक विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत किया। यह कदम स्पष्ट रूप से अल्पसंख्यक वोट बैंक की राजनीति और हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचायक है।

**न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के विरुद्ध इस राजनीतिक षड्यंत्र की पूरे देश में करें निंदा**

92 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने महाभियोग प्रस्ताव की कड़ी निंदा की है, जिनमें सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आदर्श गोयल और हेमंत गुप्ता तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, भारतीय जनता पार्टी के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने इसे "हिंदू विरोधी एजेंडा" और "वोट बैंक की राजनीति" करार दिया है। कानूनी विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि ऐसे राजनीतिक रूप से प्रेरित महाभियोग प्रयास न्यायाधीशों को डराने का संदेश देते हैं।

**आपातकाल दोहराने का प्रयास-** यह प्रयास 1975 के आपातकाल की याद दिलाता है, जब सरकार ने न्यायाधीशों को दबाने और पदच्युत करने के विभिन्न तरीके अपनाए थे। केशवानंद भारती मामले के बाद सर्वोच्च न्यायालय के तीन वरिष्ठतम न्यायाधीशों की अधिक्रमण की घटना और न्यायमूर्ति एच आर खन्ना को किनारे लगाने की घटना इस देश के इतिहास के काले अध्याय हैं। आज फिर से कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दल न्यायपालिका पर राजनीतिक दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यह न केवल असंवैधानिक है, बल्कि लोकतंत्र के लिए घातक भी है। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी पूरी दृढ़ता से न्यायमूर्ति आर. स्वामीनाथन के साथ खड़ी है। उन्होंने केवल अपना संवैधानिक कर्तव्य निभाया है और सदियों से चली आ रही धार्मिक परंपरा को संरक्षित करने में न्यायपालिका की भूमिका निभाई है।हम देश की जनता से अपील करते हैं कि वे इस राजनीतिक षड्यंत्र को विफल करने के लिए आगे आएं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता केवल एक संवैधानिक सिद्धांत नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। जो दल संविधान और न्याय की दुहाई देते हैं, आज वही न्यायपालिका पर हमला कर रहे हैं। यह उनके दोहरे चरित्र और वास्तविक मंशा को उजागर करता है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री बी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - कैंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## पौष मास के तृतीय रविवार पर श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में हुआ वैदिक अनुष्ठान

# सूर्य आराधना से जागृत होती है जीवन ऊर्जा और धर्म चेतना

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में विश्वकल्याणार्थ पौष मास के पावन अवसर पर मास-पर्यन्त चल रही सूर्योपासना के अंतर्गत रविवार को तृतीय रविवार विशेष का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और वैदिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। मठ परिसर वेद-मंत्रों, सूर्य स्तुति और भक्तिरस से गुंजायमान हो उठा।

**महारुद्राभिषेक से प्रारंभ हुआ पावन अनुष्ठान-** कार्यक्रम के शुभारंभ में ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज ने अपने करकमलों से भगवान सदाशिव का विधिवत महारुद्राभिषेक किया। इसके पश्चात भगवान श्री सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित कर पाटल्य पुष्पों से सहस्त्रार्चन सम्पन्न कराया गया। वैदिक ब्राह्मणों के शुद्ध मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने भावपूर्वक पूजन में सहभागिता की।

**सूर्यदेवः सृष्टि के प्राण और धर्म के आधार-** ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सूर्यदेव केवल खगोलीय ग्रह नहीं, बल्कि सृष्टि के प्राणस्वरूप और पूजनीय देवता हैं। वे ऊर्जा, आरोग्य, तेज और अनुशासन के अधिष्ठाता हैं। सूर्योपासना से मनुष्य में सकारात्मकता, आत्मबल और धर्मबुद्धि का विकास होता है।

**आदित्य हृदय स्तोत्रः विजय का अमोघ मंत्र-** उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम सूर्यवंशी थे और उन्होंने स्वयं सूर्योपासना कर मानव समाज को मार्गदर्शन दिया। रावण से युद्ध के पूर्व ऋषि अगस्त्य द्वारा उपदिष्ट आदित्य हृदय स्तोत्र के पाठ से श्रीराम को अपार शक्ति और विजय की सिद्धि प्राप्त हुई। यह स्तोत्र आज भी जीवन के संकटों में संबल प्रदान करता है।



**लक्ष्मण मूर्छा और सूर्य कृपा का दिव्य प्रसंग-** प्रवचन के दौरान लक्ष्मण मूर्छा का प्रसंग सुनाते हुए ब्रह्मचारी जी ने कहा कि मेघनाद के शक्ति-बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गए थे। सुषेण वैद्य ने सूर्योदय से पूर्व संजीवनी बूटी लाने का उपाय बताया। इस संकट में भगवान श्रीराम ने संकटमोचन हनुमान जी को स्मरण कर संजीवनी लाने को कहा और भगवान श्री सूर्य नारायण से प्रार्थना की कि वे तभी उदित हों जब लक्ष्मण का प्राणरक्षण हो जाए। प्रभु की कृपा से हनुमान जी संजीवनी सहित पर्वत उठा लाए और लक्ष्मण पुनः स्वस्थ हुए।

**सूर्योपासना से आरोग्य, तेज और विजय-** ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री सूर्य नारायण की आराधना से रोगों का नाश, जीवन-ऊर्जा की वृद्धि और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। यह उपासना आत्मिक और शारीरिक दोनों स्तरों पर कल्याणकारी है।

**विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति-** इस पावन अवसर पर विधायक अभिलाष पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद गोटिया, भारत सिंह यादव, नगर पंडित सभा अध्यक्ष रमेश दुबे, श्री वासुदेव शास्त्री, संतोष तिवारी, रोहित दुबे, डॉ. दीपक बहरानी, मधु यादव, नीता पटेल, दिव्या ऋषि सिरोठिया, महेश मीना गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दुबे, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गणेश नगर कछपुरा में व्यासपीठ से पं. सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री के ओजस्वी उद्गार

# पिता की तरह भक्त का ध्यान रखते हैं भगवान

हरिभूमि, जबलपुर।

मनुष्य को जीवन में हर क्षण भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार पिता अपने पुत्र की रक्षा करता है, उसी प्रकार भगवान अपने सच्चे भक्त की रक्षा स्वयं करते हैं। संसार में जीव अनेक प्रकार की कामनाओं के साथ भगवान की पूजा-अर्चना करता है कोई दुःखों से मुक्ति के लिए, कोई स्वर्ग-प्राप्ति के लिए तो कोई परिवार के कल्याण की कामना से। परंतु वास्तव में भगवान से कुछ मांगने की आवश्यकता ही नहीं होती, क्योंकि वे परम पिता परमेश्वर हैं, जो बिना मांगे ही अपने भक्तों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। यह विचार गणेश नगर कछपुरा, मालगोदम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यक्त किए। शास्त्री जी ने कहा कि भगवान का स्मरण मात्र ही भक्त के जीवन को भयमुक्त कर देता है और संकटों के समय वही स्मरण रक्षा-कवच बन जाता है।

**भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम-** कथा के पूर्व शास्त्री जी महाराज का श्रीफल भेंट कर भावपूर्ण स्वागत किया गया। देवी-देवताओं का विधिवत पूजन-अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा।



**यजमानों की सहभागिता-** कथा में मुख्य यजमान निशा वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ नेहा श्रीवास्तव, विपुल राखी श्रीवास्तव, आकाश शिखा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव सहित अनेक भक्तों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**भजनों से गूंजा कथा पंडाल-** कथा के दौरान शिवा विश्वकर्मा एवं शरद तिवारी द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भक्ति संगीत के बीच कथा श्रवण करते हुए भक्तजन आत्मिक शांति का अनुभव करते नजर आए।

श्रीमद् भागवत कथा के इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि निष्काम भक्ति ही जीवन का सार है, और भगवान अपने भक्तों का पालन-पोषण पिता की तरह स्वयं करते हैं।

## गुरु मोहल्ला में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**पाटन।** लगातार चार वर्षों से शंकरनगर गुरु मोहल्ला में होने वाली श्री मद्भागवत कथा का आयोजन इस बार 22 दिसंबर दिन सोमवार से होने जा रहा है आयोजक एवं श्री मद्भागवत कथा में राजा परीक्षित बनने वाले एडवोकेट सौरभ शर्मा एवं कविता शर्मा ने बताया कि दिन सोमवार दोपहर 2 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो कथा स्थल से प्रारंभ हो कर माता सिद्धेश्वरी मंदिर तक जाएगी जिसके पश्चात प्रथम दिवस की कथा प्रारंभ होगी, वृंदावन से पधार रहे कथा वाचक श्री रविशंकर महाराज जी सात दिवस संगीतमय कथा का श्रवण कराया जाएगा, श्री मद्भागवत कथा की कलश यात्रा में दल दल घोड़ी नृत्य एवं श्री हनुमान जी की चलित झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा, कथा में मार्ग दर्शक रणधीर सिंह ठाकुर, एड.महेंद्र पाठक, मधु यादव, सुनील दुबे, के.के.त्रिपाठी एवं मदन दुबे द्वारा कथा भक्तों को कथा में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## प्रगति पथ मंच ने किया ऊनी वस्त्र का वितरण

**सिहोरा।** प्री मैट्रिक आदीवासी कन्या छात्रावास में कड़ाके की सर्दी से राहत दिलाने सेवा एंव समाजिक सरोकार की अग्रणी संस्था प्रगती पर मंच ने जरूरतमंद बच्चों को ऊनी वस्त्र एंव अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया जिससे बच्चों में खुशी की लहर लोगों गई।संस्थान की प्रतिनिधि रश्मि सराफ ने बताया कि यह पहल सामाजिक सरोकारों के तहत की जा रही है।उन्होने छात्राओं को नैतिक शिक्षा एवं पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताते हुए उन्हें राष्ट्र का भविष्य और कर्णधार बताया। इस अवसर पर प्रगति पथ मंच से कार्तिका गुप्ता,प्राशी दुआ,नीतू सिंघई,रश्मि सराफ,शचि जैन,प्रतिभा जैन उपस्थित रहीं।कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिक्षीका राजेश्वरी चौहान एंव संध्या मार्को का योगदान रहा।



## मझौली के अनेक सरपंचों ने किया सिहोरा जिला का समर्थन

### कल होगी सीएम से भेंट

**सिहोरा।** सिहोरा जिला की मांग को लेकर लक्ष्य समिति के बैनर तले चल रहे आन्दोलन में रविवार को मझौली विकास खंड की एक दर्जन से अधिक पंचायतों के सरपंचों,जिला पंचायत सदस्यों ने धरना में बैठकर समर्थन दिया। मुख्यमंत्री से मिलने के लिए आधा सैकड़ा से अधिक लोगों का जत्था आज सोमवार को रवाना होगा और मंगलवार को उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े की मध्यस्थता में सीएम से मुलाकात करेंगे। जिला आंदोलन से जुड़े संगठनों का कहना है कि सिहोरा की जनता वर्षों से इस मांग को लेकर संघर्षरत है और अब सरकार से ठोस निर्णय की उम्मीद की जा रही है। नगर में चर्चा गर्म है कि सरकार आखिर जिला गठन पर क्या रुख अपनाती है। जनता उम्मीद लगाए बैठी है कि इस बार संघर्ष को सार्थक परिणाम मिलेगा।




**धरना स्थल पर पहुंचे मझौली के सरपंच** - मझौली विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ऐसी अनेक पंचायत जिनके निवासियों को मझौली जाने में परेशानी तो होती ही है साथ ही आर्थिक रुप से हानी भी होती है उन्हें सिहोरा बहुत पास पड़ता है।अब यह अलग बात है कि कुछ लोग अपना राजनैतिक स्वार्थ सिद्ध करने दुसरी तहसीलों को जिला बनाने की मांग एक सोची समझी रणनीति के तहत उठवा रहे हैं। बहरहाल ग्राम पंचायत खुडावल, दिनारी, खम्हरिया, पिपरिया, पहरुआ, मडई, धनगंवा, मोहला, बरगी, महगवां, लमकना, बडखेरा, छपरा, दर्शनी सिहोरा जनपद की ग्राम पंचायत गुनहरु, मोहसाम, कुर्रे आदि के सरपंचों ने पुराने बस स्टेंड में चल रहे धरना स्थल पर पहुंचकर सिहोरा जिला की मांग को बुलंद किया।

## ननि के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक यंत्री संदीप जायसवाल को पितृ शोक



**जबलपुर।** नगर निगम के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी एवं जल विभाग के सहायक यंत्री संदीप जायसवाल के पिता डॉक्टर श्री आर. के. जायसवाल जी का बीमारी के चलते आकस्मिक निधन शनिवार रात 11:30 हृदय गति रुक जाने से हो गया है । उनकी अंतिम संस्कार आज दिनांक 21 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे गौरीघाट मुक्ति धाम में सम्पन्न हुआ ।

## नगर पालिका ने आधा दर्जन दुकानों को किया सील

**सिहोरा।** नगर पालिका स्वामित्व की भवन भूमि प्लाट किराया दुकानों की कार्यवाही नगर पालिका सिहोरा अमले के दल द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान के निर्देशन में बकायादारों से प्रीमियम राशि एवं बकाया किराया जमा किए जाने हेतु आज कार्यवाही में 6 दुकानों को सील किया गया एवं 1 दुकानदार से बकाया किराया राशि वसूल की गई एवं यह कार्यवाही लगातार की जावेगी समस्त कर दाताओं एवं बकायादारों से अपील है कि सभी प्रकार के करों एवं उपभोक्ता प्रभार का समय पर भुगतान करते हुए नगर विकास में सहयोगी बने और होने वाली कार्यवाही से बचें। आज सोमवार की कार्यवाही के दौरान सुशील वर्मा,मनोज खम्परिया,रवि बर्मन, अनिल गर्ग,संतोष तिवारी,वीरेंद्र तिवारी,गगन पटेल,इम्तियाज़ खान,त्रिलोक नारायण पाठक प्रतीक भार्गव,दानिश रजा आदि उपस्थित थे।





## जन-जन तक जल संचय का दिया संदेश

**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में जल संचय अभियान चलाया जा रहा है जिससे जल के महत्व जल स्रोतों के संचय का संदेश दिया जा रहा है आजपाटन विकासखंड के अंतर्गत ग्राम रोसरा सेक्टर नुनसर मैं जल संचय अभियान का कार्यक्रम जल स्रोत में बोरी बंधान करके मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड समन्वयक अधिकारी श्रीमती नूपुर खरे द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जल संचय अभियान का संदेश जलसंचय से ही जन कल्याण रखा गया कार्यक्रम में सृष्टि महिला उत्थान समिति संस्था के अध्यक्ष श्रीमती अंजना विश्वकर्मा द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा को अखंड भारत सशक्त भारत का निर्माण हो सकता आदि पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक श्री शिव सिंह लोधी जी एवं परामर्शदाता श्री यशवंत सेन एवं सुरेंद्र मेहरा ग्राम वासी मन्नू लाल रैकवार समिति सदस्य महेंद्र विश्वकर्मा समिति की कोषाध्यक्ष एवं ग्राम समितियां के सदस्य व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## कक्षाओं का सफल संचालन संपन्न हुआ

**पाटन।** मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत संचालित एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू की कक्षाएं संपन्न हुई जिसमें सभी मेंटर ने विषयवार मार्गदर्शन दिया। विकास खंड समन्वयक श्रीमति नूपुर खरे ने सभी छात्रों को फील्ड भ्रमण एलिजिबिलिटी ध्यान दिवस हेतु रजिस्ट्रेशन प्रैक्टिकल ऑनलाइन गतिविधि अपडेट जैसे विषयों पर निर्देश दिए। कार्यक्रम में परामर्श दाता रामराजा यादव कामता प्रसाद सेन प्रियंका जैन कमल झारिया यशवंत सेन उपस्थित रहे।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 115वां स्थापना दिवस

**जबलपुर।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने दिनांक 21.12.2025 को अपना 115वां स्थापना दिवस पूरे देश में उत्साह और गौरव के साथ मनाया। इस अवसर पर बैंक के विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थापना दिवम समारोह के दौरान बैंक की समृद्ध विरासत, राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान तथा ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग सेवाओं पर प्रकाश डाला गया। बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने बैंक के संस्थापक मूल्यों- ईमानदारी, समर्पण और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

इस अवसर पर अपने संदेश में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अविनाश कुमार ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पिछले 115 वर्षों से देश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। बैंक ने वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग, एमएमएमई, कृषि एवं सामाजिक क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने भविष्य की रणनीतियों पर भी जोर देते हुए कहा कि नवाचार, तकनीक-आधारित सेवाओं और ग्राहक संतुष्टि के माध्यम से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आने वाले वर्षों में और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राजेश कुमार वर्मा, वाइस चान्सलर RDVV, डॉ. अमित कुमार शर्मा डीन स्टुडेन्ट वेलफेयर JNKVV, डॉ. अमित झा, एग्रोनोमिस्ट JNKVV, ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को शोभायमान किया।

समारोह के अंत में कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया तथा बैंक के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य प्रबंधक अमित कुमार केशरी, विवेक कुमार, दिवाकर ठाकुर, अमृतांशु जैन, श्री शंकरचार्य का विशेष योगदान रहा।

**श्री रज्जन झारिया-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री रज्जन झारिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम किशन साहू-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री अरविंद साााहू के पिता श्री राम किशन साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार शोभापुर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरस्वती बाई मेहरोलिया-** सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री हरी लाल मेहरोलिया की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई मेहरोलिया (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुनीता देवी पांडे-** अनमोल नगर त्रिमूर्ति नगर रोड निवासी श्री कृष्ण नारायण पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता देवी पांडे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा बाई लोधी-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री श्याम सिंह लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा बाई लोधी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री पूर्णिता चटर्जी-** अनगढ़ महावीर मंदिर के पास गोरखपुर निवासी श्री नकुलचंद्र




चटर्जी की पुत्री सुश्री पूर्णिमा चटर्जी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा माकिन-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री राजा रतन माकिन की धर्मपत्नी श्रीमती उषा माकिन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शारदा यादव-** बगीचा नं. 79, सदर केंट निवासी श्री शारदा यादव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण कुमार जैन-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री अरूण कुमार जैन (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम दास-** हनुमानताल निवासी श्री राम दास (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजना विश्वकर्मा-** सिद्धबाबा बिहारी मोहल्ला निवासी श्री सुरेश विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना विश्वकर्मा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश मेहतो-** गोराबाजार प्रायमरी स्कूल के पास निवासी श्री सुरेश मेहतो (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूजा गोंटिया-** नई बस्ती कांचघर निवासी श्री प्रदीप गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा गोंटिया (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा सेन-** दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री मोदी सेन की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा सेन (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिववती जाट-** पूर्वी बेलबाग निवासी श्री धन सिंह जाट की धर्मपत्नी श्रीमती शिववती जाट (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजीत सिंह राजपूत-** झिरिया सदर निवासी श्री अजीत सिंह राजपूत (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रकाश कौर पाहवा-** कृष्णा हाइट्स निवासी श्रीमती प्रकाश कौर पाहवा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508291, 9407362160

## संयुक्त संघर्ष समिति की शानदार जीत

**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया में संपन्न हुए कार्य समिति और कैंटीन कमिटी निर्वाचन में संयुक्त संघर्ष समिति लेबर यूनियन, कामगार यूनियन एवं एससी/ एसटी यूनियन ने शानदार जीत हासिल की, जीत का फैसला आधे से भी ज्यादा रहा, वहीं हैरानी की बात यह रही कि निर्माणी की तीसरी मान्यता प्राप्त यूनियन सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक के प्रत्याशी 07 निर्दलीय उम्मीदवार से भी पीछे रहे। संयुक्त संघर्ष समिति के नेता अर्नब दासगुप्ता, रूपेश पाठक, पुष्पेंद्र सिंह, सुकेश दुबे, राजेंद्र चढ़ारिया, प्रेम लाल सेन, हरिहर मीना, सीताराम ने इस जीत को कर्मचारियों की जीत बताया। साथ ही सभी कर्मचारियों का हृदय से धन्यवाद दिया।

## जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 23 से

**जबलपुर।** जबलपुर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन जिला स्तर पर 23 से 25 दिसम्बर 2025 तक किया जा रहा है। विगत दो माह में विकासखंड स्तर पर सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। 23 दिसम्बर को सांसद खेल महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ रानीताल खेल परिसर में मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 10 बजे होगा। शुभारंभ कार्यक्रम में खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। समापन कार्यक्रम 25 दिसम्बर को दोपहर 02 बजे रानीताल खेल परिसर में मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। यह कार्यक्रम भी रानीताल खेल परिसर में आयोजित है। समापन कार्यक्रम में खेल प्रदर्शन के साथ ही बैंड की प्रस्तुति दी जाएगी एवं खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पदक वितरित किए जाएंगे। खेल महोत्सव के अंतर्गत सिहोरा, गांधीग्राम, बरगी, मंगेली, शहपुरा, कटंगी, पाटन, कुंडम, बघराजी, मझौली क्षेत्रों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी है जिनमें एथलेटिक्स, वालीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो, रस्साकशी, हॉकी, बास्केटबॉल, वुशु, योगा प्रदर्शन आदि शामिल हैं। जिला स्तर पर भी 23 से 25 दिसम्बर तक विभिन्न खेल परिसरों में उक्त सभी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। युवा शक्ति के इस उत्सव सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में 25 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से खिलाड़ियों को संबोधित करेंगे। सांसद खेल महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य खिलाड़ियों और युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनकी छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है।

# कोर्ट का फैसला पलटते ही मस्क ने रचा इतिहास, नेटवर्थ 700 बिलियन डॉलर पार

## डेलीवेयर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल रद्द 139 बिलियन डॉलर ऑप्शन को बहाल कर दिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ इस फैसले से मस्क की नेटवर्थ रातो-रात बढ़कर 749 बिलियन डॉलर हो गई

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क साल 2021 से दुनिया के सबसे दौलतमंद आदमी बने हुए हैं। वह इतिहास में पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिनका नेटवर्थ अब 700 बिलियन डॉलर के आंकड़े को भी पार कर चुका है।

कोर्ट के एक फैसले के बाद एलन मस्क ने यह बड़ी जीत हासिल की। डेलावेयर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल रद्द किए गए 139 बिलियन डॉलर के टेस्ला स्टॉक ऑप्शन को बहाल कर दिया। इस फैसले के बाद मस्क की नेटवर्थ बढ़कर लगभग 749 बिलियन डॉलर हो गई। मस्क के स्टॉक इस वृद्धि ने उन्हें शीर्ष पर पहुंचा दिया।

### लैरी पेज से ज्यादा है मस्क की दौलत?

इस हफ्ते की शुरुआत में एयरोस्पेस स्टार्टअप स्पेस एक्स के आईपीओ लाने की खबरो के बीच मस्क का नेटवर्थ 600 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया था। नवंबर में, टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने अलग से मस्क के लिए 1 ट्रिलियन डॉलर के पे प्लान को मंजूरी दी - जो इतिहास का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट पे पैकेज है। यह टेस्ला को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स पावरहाउस में बदलने के उनके विजन के एवज में था। फोर्ब्स के मुताबिक, अब मस्क की दौलत दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति लैरी पेज से लगभग 500 बिलियन डॉलर ज्यादा है।



### पैकेज गलत तरीके से तय करने का लगा आरोप

वक्त बीता और टेस्ला की भी हालत सुधरी। प्रोडक्शन बढ़ा, कंपनी का मार्केट कैप बढ़ा और फिर मस्क तय लक्ष्यों को हासिल कर लेने के अनुरूप अपने सैलेरी पैकेज के हकदार बन गए। लेकिन मामला तब गड़बड़ाया जब जनवरी 2024 में टेस्ला के एक शेयरहोल्डर ने इस पैकेज को निचली अदालत में चुनौती दी। तब कोर्ट ने यह कहते हुए पैकेज को रद्द कर दिया कि इसे गलत तरीके से तय किया गया है।

*निचली अदालत ने पलटा फैसला, पैकेज किया बहाल : फैसले से नाराज मस्क ने टेस्ला को डेलावेयर से टेक्सास में दोबारा रजिस्ट्रेशन करने का फैसला लिया, तो मामला डेलावेयर के सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, जिसने अब निचली अदालत के फैसले को पलट दिया और इसमें कई गलतियों का जिक्र करते हुए पैकेज को फिर से बहार कर दिया।*

### क्या था मामला?

साल 2018 में कंपनी को नए मुकाम पर ले जाने के लिए उन्हें टेस्ला ने 55 अरब डॉलर की सैलरी पैकेज दी थी। ये पैसे उन्हें तभी मिलने थे, लेकिन नहीं मिले। उस वक्त टेस्ला की हालत अभी जैसी नहीं थी, उसका मार्केट वैल्यूएशन 50 से 75 अरब डॉलर के करीब था। ऊपर से कंपनी को इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के प्रोडक्शन में लगातार पैसे खर्च करने पड़ रहे थे। तब कंपनी के बोर्ड ने कई और बड़े लक्ष्य तय किए और इनके पूरे हो जाने के बाद ही मस्क को पैकेज के तहत पैसा मिलने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### एडीबी इस वर्ष के लिए 4.26 अरब डॉलर का कर्ज देगी



**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2025 में भारत में 4.26 अरब डॉलर के सरकारी ऋण की प्रतिबद्धता जतायी है। यह कर्ज देश के दक्षता परिवेश को मजबूत करने, नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल को तेज करने, स्वास्थ्य देखरेख सेवाओं को बेहतर बनाने और 'इकोटूरिज्म' को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बीते सप्ताह सोयाबीन और सरसों तेल में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में ऊंचे भाव के कारण मांग प्रभावित रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन तथा लागत से कम दाम पर बिकवाली होने से सोयाबीन तेल तथा सर्दी में मांग प्रभावित रहने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम में गिरावट रही।

### आईनॉक्स क्लीन ने वाइब्रेंट एनर्जी का किया अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी लिमिटेड ने ऑस्ट्रेलिया की मैक्वेरी कॉर्पोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों के साथ वाइब्रेंट एनर्जी के अधिग्रहण के लिए अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। वाइब्रेंट एनर्जी की कुल स्थापित क्षमता 1,337 मेगावाट है। उद्योग सूत्रों के अनुसार यह सौदा लगभग 5,000 करोड़ रुपये में हुआ है।

## चेयरमैन ने कहा, लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल

# वेदांता विभाजन के बाद भी शेयरधारकों को लाभांश देना जारी रखेगा : अग्रवाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि लाभांश देना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां नियमित रूप से शेयरधारकों को लाभांश देती रहेंगी। अग्रवाल ने बताया कि समूह अपने विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर के विस्तार कार्यक्रम को जारी रखेगा।

धातु से तेल तक के कारोबार वाले वेदांता लिमिटेड का विभाजन प्रत्येक कारोबार को स्वतंत्र पहचान देने, मूल्य उजागर करने और पूंजी निवेश की प्रक्रिया को प्रभावित किए बिना नकद लाभांश जारी रखने के लिए किया जा रहा है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को वेदांता को पांच अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दी।

### धातु का कारोबार वेदांता में ही रहेगा

विभाजन के बाद आधार धातु का कारोबार वेदांता लिमिटेड में रहेगा, जबकि वेदांता एल्युमिनियम, तलवंडी साबो पावर, वेदांता इस्पात एवं लौह और माल्को एनर्जी (तेल एवं गैस) अन्य चार सूचीबद्ध कंपनियां होंगी। अग्रवाल ने कहा, /"लाभांश देना मेरे विचार का हिस्सा है। चाहे कोई भी परिस्थिति हो, हमारी कंपनियां नियमित लाभांश जारी करती रहेंगी।/"

### जस्ता और चांदी में दो अरब डॉलर का होगा निवेश

*चेयरमैन ने कहा कि अगले चार से पांच वर्षों में वेदांता विभिन्न क्षेत्रों में कुल 20 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसमें तेल एवं गैस और एल्युमिनियम में चार-चार अरब डॉलर, जस्ता और चांदी में दो अरब डॉलर, विद्युत उत्पादन में ढाई अरब डॉलर और शेष निवेश लौह अयस्क, इस्पात और अन्य क्षेत्रों में किया जाएगा।*



- प्रस्तावित विभाजन के बाद भी समूह की कंपनियां लाभांश देती रहेगी
- समूह विभिन्न कारोबारों में 20 अरब डॉलर का विस्तार जारी रखेगा
- समूह धातु से लेकर तेल तक के कारोबार में संलग्न है

### चांदी का उत्पादन 1500 टिन किया जाएगा

अग्रवाल ने बताया कि चांदी का उत्पादन मौजूदा लगभग 700 टन से बढ़ाकर 2030 तक 1,500 टन किया जाएगा। इसके साथ ही सीसा उत्पादन को चार लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में जस्ता उत्पादन को वर्तमान 11.3 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन किया जाएगा।

### विभाजन मार्च तक पूरा होने की योजना

*अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक प्रति शेयर सात रुपये का पहला अंतरिम लाभांश और 16 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 29.50 रुपये प्रति शेयर और 2024-25 में लगभग 46 रुपये प्रति शेयर लाभांश वितरित किया। अग्रवाल ने बताया कि विभाजन मार्च 2026 तक पूरा होने की योजना है।*

### जिंक कंपनी से 10 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की योजना

दक्षिण अफ्रीका में समूह की जिंक कंपनी से अतिरिक्त 10 लाख टन उत्पादन की योजना है, जिससे वेदांता विश्व के प्रमुख उत्पादकों में शामिल होगा। एल्युमिनियम कारोबार में समूह मौजूदा 30 लाख टन क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रहा है। राजस्थान में 5.10 लाख टन क्षमता का डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसे आगे चलकर 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा।

### प्रत्येक नई कंपनी वेदांता जितनी बड़ी बने

तेल एवं गैस क्षेत्र में उत्पादन को निकट भविष्य में तीन लाख बैरल प्रतिदिन और अगले चार-पांच वर्षों में पांच लाख बैरल प्रतिदिन तक बढ़ाने का लक्ष्य है। अग्रवाल ने कहा, "वेदांता एक बड़ा बरगद है। हर कारोबार में इतनी क्षमता है कि वह स्वयं में बड़ा समूह बन सकता है। मेरा लक्ष्य है कि प्रत्येक नई कंपनी वेदांता जितनी बड़ी बने। इससे शेयरधारकों को लाभ होगा।"

# दो साल में टाइटन का घड़ी व्यवसाय होगा एक अरब डॉलर के पार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



प्रमुख घड़ी और आभूषण निर्माता टाइटन अपने घड़ी व्यवसाय को लेकर काफी आशावादी है और उसने उम्मीद जताई कि अगले दो वर्षों में इसकी बिक्री एक अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर को छू लेगी।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रीमियम उत्पादों को प्रोत्साहन, खुदरा नेटवर्क के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय कारोबार के बल पर यह लक्ष्य हासिल करने की तैयारी है। टाइटन के घड़ी प्रभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुरुविल्ला मार्कोस ने बताया कि पिछले चार-पांच वर्षों में कंपनी ने लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। आगे की वृद्धि के लिए कंपनी प्रीमियम खंड पर ध्यान केंद्रित कर रही है। टाइटन भारत में लक्जरी घड़ियों की बढ़ती मांग को देखते हुए अपने हेलिओस और हेलिओस लक्स फॉर्मेट का नेटवर्क बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, प्रीमियम और लक्जरी खंड में 30 प्रतिशत से भी अधिक की तेज वृद्धि की संभावना है।''

खंड-।

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन**

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी नरसिंहपुर (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/8795/ई-टेंडरिंग/2025-26 नरसिंहपुर, दिनांक 19-12-25

1. वनमंडल अधिकारी नरसिंहपुर वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित -2022) के अंतर्गत निम्नलिखित निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशीफिकेशन | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | आर सी सी फेंसिंग पोल्स 2 मी. | **SMM Item Code**: SMM 120803 **RCC FENCING POLES Type** - Straight Length - 2. Meter **Dimensions** - Bottem 10x10 cm square, Top 08x08cm square. **Cement Concrete Grade** : M15 **Reinforcement**: Typically includes 4 bars of 6 mm steel and 10 rings of 6mm | 1788 |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://mptenders.gov.in एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है । 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 19-12-2025 शाम 04:00 बजे से दिनांक 02-01-2026 शाम 5:00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है । 3. प्रदाय की जाने वाली सामग्री का सैंपल 02.01.2026 के पूर्व वनमंडल कार्यालय में प्रेषित करना होगा । 4. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी । 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं । 6. कार्य की आवश्यकता एवं समयावधि कम होने के कारण अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जा रही है । 7. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :-https://mptenders.gov.in

वनमंडल अधिकारी
नरसिंहपुर

G-22998/25

# आवास ऋण 10 लाख करोड़ से अधिक होने की उम्मीद



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ एसबीआई ने कहा, मजबूत मांग व कम ब्याज दर से बढ़ी

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का आवास ऋण पोर्टफोलियो मजबूत मांग और कम ब्याज दर व्यवस्था के कारण अगले वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर सकता है।

एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने कहा कि इस वक्त बैंक की आवास ऋण बही नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह बैंक की सबसे बड़ी एकल व्यावसायिक इकाई है और कुल परिसंपत्तियों का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ एसबीआई अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 10 लाख करोड़ रुपये के आवास ऋण पोर्टफोलियो के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है। एसबीआई का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बैंक की आवास ऋण बही 8.31 लाख करोड़ रुपये की थी। इस दौरान सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एसबीआई ने पिछले कई वर्षों के दौरान स्थिर तरीके से अपना आवास ऋण पोर्टफोलियो तैयार किया है।

### एनपीए एक प्रतिशत से कम रखने में सफल

यह आंकड़ा मार्च 2011 में एक लाख करोड़ रुपये से बढ़कर नवंबर 2025 में नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इसके अलावा बैंक लगातार सक्रिय निगरानी के कारण इस खंड में गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को एक प्रतिशत से कम रखने में सफल रहा है।

# बोत्सवाना ने राइट्स के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली परिवहन अवसंरचना परामर्श कंपनी राइट्स लिमिटेड ने बोत्सवाना के साथ वहां के परिवहन ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एक बयान में यह जानकारी दी गई।इस समझौते के तहत बोत्सवाना रेल प्रणालियों के विकास और आधुनिकीकरण के लिए राइट्स की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। राइट्स ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य आधुनिक प्रौद्योगिकी, वैश्विक सर्वोत्तम तरीकों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से बोत्सवाना के रेलवे और परिवहन क्षेत्र की दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाना है।

# बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ लाभ

■ शीर्ष छह का बाजार पूंजीकरण 75,257 करोड़ रुपए बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह का संयुक्त बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 75,256.97 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 338.3 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरा।इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो लाभ में रहे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 22,594.96 करोड़ रुपये बढ़कर 11,87,673.41 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने 16,971.64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका मूल्यांकन बढ़कर 6,81,192.22 करोड़ रुपये हो गया।

# बायोगैस क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने कहा कि निवेशकों और हितधारकों की मजबूत रुचि के चलते 2026-27 में बायोगैस क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होने की उम्मीद है। उद्योग निकाय ने एक बयान में कहा कि अभी तक 100 से अधिक कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र शुरू किए जा चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 94 सीबीजी संयंत्रों ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 31,400 टन से अधिक सीबीजी की बिक्री की। इससे वृद्धि और बाजार में स्वीकार्यता का ठोस प्रमाण मिलता है। इसके अलावा लाखों की संख्या में छोटे पैमाने के पारंपरिक बायोगैस उपक्रमों में दक्षता सुधार और क्षमता उपयोग की पर्याप्त गुंजाइश मौजूद है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्र - 1, सिवनी**

निविदा आमंत्रण क्र.08/5360/व.ले.लि./2025-26 **निविदा सूचना** सिवनी, दिनांक 16.12.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mpteders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_468968 | उपसंभाग केवलारी अंतर्गत उपसंभाग केवलारी पहुंच मार्ग लंबाई 0.15 कि.मी., ब्लाक कालोनी केवलारी मार्ग लं. 0.40 कि.मी., उगली रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग लम्बाई 0.12 कि.मी. पलारी रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग 0.11 कि.मी. एवं डाईट पहुंच मार्ग लं. 0.80 कि.मी. मे बी.टी. रिनीवल का कार्य । | प्रथम | 2000 | 14.02 लाख | 28040 | 01 माह वर्षाकाल सहित | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| 2 | 2025_PWDRB_468969 | उपसंभाग क्र -1 सिवनी के अन्तर्गत जिला न्यायालय परिसर सिवनी मे महिला, पीडब्ल्यूडी. एवं ट्रांसजेंडर हेतु शौचालय का निर्माण कार्य । | प्रथम | 2000 | 13.47 लाख | 26940 | 03 माह वर्षाकाल सहित | कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) स.क्र-1 सिवनी |
| | | योग 2 कार्य | | | 27.49 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 02.01.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205 / प्रस / लोनिवि / 20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निदेर्शानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा । इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. ( धरोहर राशि ) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें । इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप में ई. एम. डी. ( धरोहर राशि ) स्वीकार नही की जावेगी ।

(इंजी. आर. के. हनुमंते) कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग क्र- 1 सिवनी

G-23071/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर**

निविदा सूचना क्र 32 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक **निविदा सूचना** जबलपुर दिनांक 12/12/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_467640_pack1 | मार्ग उपसंभाग अंतर्गत कुण्डम सेक्शन के विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.89 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_467641_pack1 | मार्ग उपसंभाग अंतर्गत बघराजी सेक्शन के विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.93 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_467642_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत आवासीय भवनों में विभिन्न मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.92 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2025_PWDRB_467643_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बंगलों में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.91 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2025_PWDRB_467644_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत कलेक्टर बंगला एवं अन्य बंगलों में प्रोफाईल शीट रूफिंग, वुडन पेनेलिंग कार्य, वॉल पेपर आदि कार्य। | प्रथम | 19.96 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2025_PWDRB_467857_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत डुमना स्थित माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-8 में 2 नग फाउण्टेन का कार्य । एवं बंगला नं. ए-2 में प्रोफाईल शीट रूफिंग एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.94 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2025_PWDRB_467858_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत पचपेढी स्थित 04 नग माननीय न्यायाधीश बंगला एवं डुमना रोड स्थित माननीय न्यायाधीश बंगलों में विभिन्न मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.96 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB_467859_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत डिफेन्स कालोनी स्थित 04 नग माननीय न्यायाधीश बंगलों में रंगाई पुताई, पुट्टी, इमलशन आदि कार्य। | प्रथम | 19.68 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2025_PWDRB_467860_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत व्ही.व्ही. आई.पी. बंगलों में रंगाई पुताई, पुट्टी, इमलशन आदि कार्य । | प्रथम | 19.82 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | कुल योग | | 179.01 | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27/12/2025 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
G-23084/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (भ / स ), संभाग क्र 1 जबलपुर

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056**

Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 123/तक. 2025-26 दिनांक 15.12.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-469404-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के बरगी बांध के गेट क्रमांक 1 से 21 तक रेडियल गेट प्लंबर एसेम्बली ग्रयर एसेम्बली, बेसफ्रेम इत्यादि में सामन्य मरम्मत एवं सुधार का कार्य। | 3,81,213.00 (रुपए तीन लाख इक्यासी हजार दो सौ तेरह) मात्र | 7624.00 (रू. सात हजार छ: सौ चौबीस) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 124/तक. 2025-26 दिनांक 15.12.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-469409-1 | बरगी हिल्स स्थित आवासीय कालोनियों मे शंकर मंदिर न्यू एच टाईप कालोनी में स्थित न्यू बोरवेल से स्टोरेज टैंक तक 3" डाया एच. डी.पी.ई. पाईप लाईन प्रदाय तथा लगाने का कार्य। | 2,05,226.00 (रुपए दो लाख पांच हजार दो सौ छब्बीस) मात्र | 4105.00 (रू. चार हजार एक सौ पांच) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 125/तक. 2025-26 दिनांक 15.12.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-469421-1 | बरगी नगर स्थित संभागीय कार्यालय की छतिग्रस्त ए. सी. सीट की प्रोफाईल शीट बदलने का कार्य। | 3,36,972.00 (रुपए तीन लाख छत्तीस हजार नौ सौ बहत्तर) मात्र | 6739.00 (रू. छ: हजार सात सौ उन्तालीस) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 9,23,411.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 08/01/2026 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 08/01/2026 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 12/01/2026, 10:30 से 12/01/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 12/01/2026, 10:31 से 12/01/2026,17:30 तक (केवल आनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉ.) संभाग क्रमांक-2
बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)

G-22997/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## चिंतन

# 'वीबी-जी राम जी' देगी ग्रामीण जीवन को गति

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी योजना आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत कर ग्रामीण जीवन को मजबूती देने का काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य सीधे गांव के लोगों को काम देने की बजाय गांवों की आमदनी बढ़ाना है। इसमें स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाता है। खेती, पशुपालन और छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता है और गांव को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना इसका उद्देश्य है। यह विधेयक हाल ही में संसद के दोनों सदनों में पास हो गया था। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद कानून बन गया। इस योजना ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लिया है। मनरेगा अब बीते दिनों की बात हो जाएगी। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। जो मनरेगा के 100 दिनों से अधिक है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। इसके लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कुछ बदल जाएगा। इस योजना को चार प्रमुख भागों में बांटा गया है। इनमें जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर, आजीविका से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर और मौसमी घटनाओं के लिए विशेष कार्य शामिल हैं। यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। व्यय-साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए 90:10, तथा विधानसभा रहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण का है। निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4(5) एवं 22(4)), जिससे पूर्वानुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोज़गार तथा बेरोज़गारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है। वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। ग्रामीणों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। नए कानून का मकसद केवल रोजगार नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना है। इसमें समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके और उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती प्रदान करेगा। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी। विकास कार्य तेजी से होंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति में सुधार होगा। ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार दिए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही तय हो सकेगी। रोजगार बढ़ने से गांवों में आय के साधन मजबूत होंगे और शहरों की ओर पलायन पर भी रोक लगेगी। यह योजना विकसित भारत 2047 के विज़न के पूर्णतः अनुरूप है।



सहकारिता
महेन्द्र तिवारी

# भारत टैक्सी से ओला-उबर को चुनौती

भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है, हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के ज़रिए संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है।

भारत टैक्सी का अमूल-आधारित सहकारी मॉडल भारत की ऐप-आधारित टैक्सी अर्थव्यवस्था में सिर्फ एक नया स्टार्ट-अप नहीं, बल्कि एक वैचारिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आ रहा है। पिछले एक दशक में ओला-उबर जैसे प्लेटफॉर्मों ने शहरी मोबिलिटी को तेज़, सुलभ और तकनीक-संचालित बनाया, लेकिन इसके साथ ही गिग-इकोनॉमी का एक ऐसा चेहरा भी उभरा, जिसमें ड्राइवर ऊँचे कमीशन, अस्थिर आय, एल्गोरिद्मिक दंड और सर्ज प्राइसिंग की मार झेलते रहे। यात्रियों को भी कभी-कभी सुविधा के बदले अनियंत्रित किराया और सुरक्षा को लेकर असहजता स्वीकार करनी पड़ी। इसी पृष्ठभूमि में भारत टैक्सी एक ऐसे विकल्प के रूप में प्रस्तुत हो रही है, जो लाभ अधिकतमकरण की जगह सहकार, स्वामित्व और न्याय की भाषा बोलती है।

भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है, हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। "सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड" के ज़रिए संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है। दिल्ली और सौराष्ट्र क्षेत्र में पायलट के दौरान ही हज़ारों ड्राइवरों के जुड़ने का दावा बताता है कि यह विचार ज़मीन पर कुछ हद तक स्वीकार्यता पा रहा है।

ड्राइवर-केंद्रित दृष्टिकोण भारत टैक्सी की सबसे बड़ी विशिष्टता है। मौजूदा एग्रीगेटर प्लेटफॉर्मों पर 20 से 30 प्रतिशत तक कमीशन, जटिल इंसेंटिव संरचना और अकसर मनमाने बैन ड्राइवरों की सबसे बड़ी शिकायत रही है। भारत टैक्सी इन शिकायतों का जवाब न्यूनतम या शून्य कमीशन, नाममात्र प्लेटफॉर्म फीस और मुनाफे के सहकारी वितरण के ज़रिए देने का दावा करती है। प्रति राइड मिलने वाली आय का बड़ा हिस्सा सीधे ड्राइवर तक पहुँचना, और अतिरिक्त अधिशेष का सदस्य-लाभांश के रूप में लौटना, इस मॉडल को रोज़गार से आगे बढ़ाकर साझा स्वामित्व की दिशा में ले जाता है। प्रतीकात्मक रूप से ड्राइवरों को "सारथी" कहा जाना भी इसी सोच को रेखांकित करता है कि वे सिर्फ ऐप पर लॉग-इन करने वाले गुमनाम कर्मी नहीं, बल्कि नीति और दिशा तय करने वाले भागीदार हैं। यात्रियों के लिए भारत टैक्सी का आकर्षण पारदर्शिता और स्थिरता में निहित है। सर्ज प्राइसिंग पर रोक और पहले से तय किराया-ब्रैकेट इस वादे के साथ आते हैं कि पीक ऑवर, बारिश या किसी आपात स्थिति में किराया अचानक कई गुना नहीं बढ़ेगा। न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर और दूरी के हिसाब से घटती कीमतें एक ऐसे ढांचे का संकेत देती हैं जिसमें सेवा को सार्वजनिक उपयोगिता के करीब लाने की कोशिश है, न कि केवल अधिकतम मुनाफे का साधन बनाने की।




मल्टीलिंगुअल इंटरफेस, रियल-टाइम ट्रैकिंग, 24x7 कस्टमर सपोर्ट और भविष्य में मेट्रो जैसे ट्रांज़िट सिस्टम से इंटीग्रेशन का वादा यह दिखाता है कि यह पहल तकनीकी अनुभव में निजी कंपनियों से पीछे नहीं रहना चाहती। फिर भी, इस सहकारी सपने के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। तकनीकी स्तर पर ओला-उबर जैसे दिग्गजों के पास वर्षों का डेटा, परिष्कृत एल्गोरिद्म और विशाल सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर है। दो मिनट के भीतर पिक-अप, कम कैंसिलेशन और निर्बाध ऐप अनुभव देना केवल विचारधारा से संभव नहीं, इसके लिए भारी तकनीकी निवेश और दक्ष प्रबंधन चाहिए।

जैसे-जैसे भारत टैक्सी अधिक शहरों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैलेगी, सहकारी शासन की जटिलताएँ भी बढ़ेंगी—निर्णय-प्रक्रिया की गति, स्थानीय हितों का टकराव और पेशेवर प्रबंधन व सदस्य-लोकतंत्र के बीच संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा। एक और बड़ी बाधा उपभोक्ता आदतों की है। ओला-उबर अब सिर्फ सेवाएँ नहीं, बल्कि शहरी जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं। उनके ऐप खोलना, किराया स्वीकार करना और यात्रा शुरू करना एक स्वाभाविक क्रिया बन गई है। भारत टैक्सी को इस आदत को तोड़ने के लिए नैतिक अपील से आगे बढ़कर लगातार बेहतर, भरोसेमंद और सहज अनुभव देना होगा। यदि सेवा में देरी, ड्राइवर उपलब्धता की कमी या तकनीकी खामियाँ रहीं, तो सहकारी विचार का आकर्षण जल्दी फीका पड़ सकता है।

इसके बावजूद भारत टैक्सी का महत्व उसके तत्काल व्यावसायिक भविष्य से कहीं बड़ा है। यह पहल यह प्रश्न उठाती है कि क्या प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था अनिवार्य रूप से वेंचर-कैपिटल संचालित, प्रॉफिट-मैक्सिमाइज़िंग मॉडल तक सीमित रहेगी, या उसमें सहकारी, श्रमिक-केंद्रित विकल्पों के लिए भी जगह बन सकती है। यदि यह प्रयोग सफल होता है और ड्राइवरों की आय व गरिमा में वास्तविक सुधार लाता है, तो यह उदाहरण फूड डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और अन्य गिग-आधारित क्षेत्रों में भी दोहराया जा सकता है। और यदि यह आंशिक या सीमित स्तर पर ही टिक पाता है, तब भी यह बहस को मजबूर करेगा कि तकनीक का इस्तेमाल केवल पूँजी के हित में हो या समाज के व्यापक हित में।

अंततः भारत टैक्सी को एक प्रयोग के रूप में देखना अधिक यथार्थवादी होगा। एक ऐसा प्रयोग जिसमें सरकारी-सहकारी समर्थन और सामूहिक स्वामित्व की ताक़त है, लेकिन बाज़ार की प्रतिस्पर्धा और तकनीकी चुनौतियों का दबाव भी उतना ही वास्तविक है। आने वाले वर्षों में यह तय होगा कि टैक्सियों का यह "अमूल मॉडल" भारतीय मोबिलिटी इकोसिस्टम में एक नई धारा बनता है या समानांतर, सीमित-कक्षा का विकल्प बनकर रह जाता है। पर इतना स्पष्ट है कि इसने प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था की दिशा पर एक ज़रूरी और समयोचित सवाल खड़ा कर दिया है और यही किसी भी संपादकीय रूप से महत्वपूर्ण पहल की असली कसौटी है। यूनियन होम एंड कोऑपरेशन मिनिस्टर सहित अन्य अधिकारियों ने इस योजना का समर्थन किया है और इसे देश में एक स्थानीय और पारदर्शी राइड-हेलिंग ऑप्शन के रूप में पेश किया है। कहा गया है कि इस पहल से ना केवल ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि भारतीय राइड-शेयरिंग उद्योग में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गणित दिवस
बाल मुकुन्द ओझा



# गणितीय जगत के बेजोड़ नक्षत्र थे रामानुजन

आज 22 दिसंबर के दिन हर वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिन देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है जिनका जन्म 22 दिसंबर, 1887 को तमिलनाडु राज्य के इरोड नामक स्थान पर हुआ था। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने 100 साल पहले गणित की जो गुत्थियां सुलझाई थीं, वह आज भी विज्ञान की दुनिया को हैरान कर रही हैं। रामानुजन को आधुनिक काल के महान गणित विचारकों में गिना जाता है। उन्होंने अपने जीवनकाल में गणित के विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिया। रामानुजन को गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला था इसके बावजूद इन्होंने अपनी प्रतिभा और लगन से ना केवल गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए अपितु भारत को वैश्विक स्तर पर गौरव प्रदान कराने का भी काम किया था। राष्ट्रीय गणित दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में गणित के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत और गणित का रिश्ता बहुत अटूट रहा है। माना जाता है कि भारत ही वह देश है जिसने पूरी दुनिया को गणित के सबसे महत्वपूर्ण अंक 'शून्य', नकारात्मक संख्या, दशमलव प्रणाली, बीजगणित, त्रिकोणमिति जैसे विषयों से अवगत कराया था। ऐसा देखा गया है कि हमारी आज की युवा पीढ़ी गणित के नाम से अपने पैर पीछे खींच लेती है। हम अपना हर छोटा मोटा हिसाब आजकल मोबाइल पर करने लगे हैं। आज भी पुरानी पीढ़ी के लोग जोड़ बाकी अँगुलियों पर करते हैं और नई पीढ़ी के युवा मोबाइल का सहारा लेते हैं। नई तकनीक ने हालांकि गणित को हल करने में सरलता कर दी है। इसके बावजूद गणित के प्रति हमारा रवैया सकारात्मक नहीं है। लोगों में गणित के प्रति जागरूकता और उत्साह उत्पन्न करने के लिए इस दिवस को मानते हैं। इस दिन गणित के शिक्षकों और छात्रों को इस विषय को आसान बनाने और लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 22 दिसंबर 2012 को चेन्नई में महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की 125वीं वर्षगाठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि देते हुए वर्ष 2012 को राष्ट्रीय गणित वर्ष और साथ ही उनके जन्मदिन के अवसर पर 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया। तभी से 22 दिसंबर को हर साल राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से रामानुजन को याद किया जाता है और गणित के महतत्व की जानकारी दी जाती है। रामानुजन को बचपन से ही गणित में काफी रुचि थी। उन्होंने किसी भी तरह की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली थी लेकिन उन्होंने अपने जीवन में ऐसी-ऐसी खोजें कीं कि बड़े-बड़े गणितज्ञ हतप्रभ रह गए। रामानुजन ने 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी और बिना किसी की सहायता के खुद से कई प्रमेय भी विकसित किए। उनका यह कार्य ऐतिहासिक माना गया था।



रामानुजन की प्रतिभा का पता इसी से लगाया जा सकता है कि जब वह सातवीं कक्षा में पढ़ते थे तो उसी समय ये बी. ए. के छात्रों को गणित पढ़ाया करते थे। लोनी के द्वारा प्रसिद्ध त्रिकोणमिति जिसे हल करने में बड़े-बड़े गणितज्ञ असफल हो जाया करते थे, मगर इन्होंने अपनी मात्र 13 वर्ष की अल्पायु में ही हल करके अपनी प्रतिभा को प्रमाणित कर दिया था। उनके बारे में यह कहा जाता था कि वे गणित के किसी भी प्रश्न को सबसे अधिक आसान तरीके से हल कर सकते थे। उनकी इसी विलक्षण प्रतिभा ने इनको विश्व में गणित का गुरु होने का दर्जा दिलाया था। गणित के क्षेत्र में किए गए कार्यों की वजह से इनका नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया गया है। इन्होंने अपने कार्यों के द्वारा भारत के सम्मान में भी चार चाँद लगाए। टीबी की बीमारी की वजह से रामानुजन का 32 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
दर्शन

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टीएन शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुए रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टीएन शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सरकारी इमारतें नेताओं के नाम पर क्यों

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां आमजन द्वारा चुने हुए नेता ही सत्ता पर विराजमान होते हैं। इस कारण इनका परम कर्त्तव्य है कि वो आमजन के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करें। लेकिन नेताओं के नाम से सरकारी इमारतें नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इस मुद्दे पर विधानसभा सत्र में बेवजह का हो हल्ला होगा, जिससे कीमती समय भी बर्बाद होगा। इसलिए सरकारी इमारतों का नाम उन शहीदों के नाम से होना चाहिए जिन्होंने देश की सुरक्षा की खातिर अपनी जान न्यौछावर कर दी है। प्रदेश के बहुत से युवाओं ने सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा की खातिर अपनी कुर्बानी दी है, कारगिल में भी प्रदेश के जवानों ने भी पाकिस्तान को करारी मात देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। *- किशोर कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### असम के संसाधन

कांग्रेस की सरकारों ने असम और पूर्वोत्तर को विकास से दूर रखने का जो पाप किया था, उसका बड़ा खामियाजा देश की सुरक्षा को उठाना पड़ा। बीते 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ है कि असम के संसाधन वहां के लोगों के ही काम आएं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### नए रोज़गार और अवसर

मज़बूत नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। टेक्सटाइल, हस्तशिल्प, गिग इकॉनमी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति से युवाओं, महिलाओं, कारीगरों और एमएसएमई के लिए नए रोज़गार और अवसर सृजित हो रहे हैं।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**



### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा। शिक्षक समाज के कर्णधार होते हैं। सरकार शिक्षकों के सम्मान, सशक्तीकरण और सहयोग एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।
**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**



### सुरक्षा व बचाव के उपाय

असम में राजधानी एक्सप्रेस की दुर्घटना में 7 हाथियों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। पशुओं का जीवन-चक्र में अलग महत्व होता है। सरकार को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में जानवरों की सुरक्षा व बचाव के उपाय करने चाहिए।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



## करंट अफेयर

# भारत ने चक्रवात से उबरने में श्रीलंका में सहायता पहुंचाई

भारत चक्रवात 'दित्वा' से हुए विनाश के बाद उबरने में श्रीलंका की मदद करने के लिए उसे मानवीय और बुनियादी ढांचा संबंधी सहायता लगातार मुहैया करा रहा है। ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत ने प्रभावित समुदायों की मदद करने और क्षतिग्रस्त संपर्क सुविधा को फिर से बहाल करने के लिए इंजीनियरिंग एवं चिकित्सकीय दलों को तैनात किया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है, श्रीलंका को भारत की निरंतर सहायता के तहत, कोलंबो में स्थित भारतीय उच्चायोग, कैंडी में स्थित सहायक उच्चायोग और जाफना में स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने चक्रवात दित्वा से प्रभावित परिवारों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में मानवीय सहायता अभियान चलाया। 18 दिसंबर को भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने कोलोनावा में 'ऑल सीलोन सूफी स्पिरिचुअल एसोसिएशन' के साथ समन्वय में प्रभावित परिवारों के बीच राहत किट वितरित कीं और कोलंबो के इस्कॉन मंदिर में भक्तिवेदांत चिल्ड्रन होम 'गोकुलम' के बच्चों को सहायता भी पहुंचाई। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इस महीने की शुरुआत में, उच्चायुक्त ने दृष्टिबाधित लोगों के गांव नयनलोकगामा के निवासियों और गंपाहा जिले के नेगोम्बो में प्रभावित परिवारों के बीच भी सहायता वितरित की।'



## ऑफ बीट

# खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद

जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# चुनावी बॉन्ड रद्द होने के बाद राजनीतिक पार्टियों का चंदा 3 गुना बढ़ा- रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड योजना रद्द किए जाने के बाद पहले वित्तीय वर्ष में राजनीतिक पार्टियों को मिले चंदे की जानकारी सामने आई है। 2024-25 में 9 चुनावी ट्रस्टों ने राजनीतिक पार्टियों को कुल 3,811 करोड़ रुपये का चंदा दिया। इसमें से सबसे ज्यादा (82 प्रतिशत) केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को मिला है। वहीं, कांग्रेस को केवल 299 करोड़ रुपये या कुल दान का 8 प्रतिशत मिला है।

### भाजपा सबसे बड़ी लाभार्थी

सबसे ज्यादा 2,668 करोड़ रुपये प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने दिए हैं। इसमें से 2,180 करोड़ रुपये भाजपा को मिले है। इस ट्रस्ट को जिंदल स्टील एंड पावर, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, भारती एयरटेल, अरबिंदो फार्मा, टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स आदि से धन मिला है। इसके बाद प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 914 करोड़ रुपये दिए, जिसमें से 757 करोड़ भाजपा को मिले। फिर न्यू डेमोक्रेटिक इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 160 करोड़, हार्मनी ट्रस्ट ने 35 करोड़ और ट्रिअम्फ ने 25 करोड़ रुपये दिए।

### कांग्रेस को कहां से कितना चंदा मिला?

कांग्रेस को प्रूडेंट चुनावी ट्रस्ट से 216.33 करोड़, एबी जनरल चुनावी ट्रस्ट से 15 करोड़, न्यू डेमोक्रेटिक इलेक्टोरल ट्रस्ट से 5 करोड़ और जन कल्याण इलेक्टोरल ट्रस्ट से 9.5 लाख रुपये मिले हैं। ट्रस्टों के जरिए मिली यह राशि 2023-24 में बॉन्ड से मिले 828 करोड़ की तुलना में कम है। 9 में से 5 ट्रस्ट ने कांग्रेस को कोई चंदा नहीं दिया। चिदंबरम ने भी 3 करोड़ का योगदान दिया।

### टाटा समूह ने दिए 914 करोड़ रुपये

टाटा समूह के प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 10 पार्टियों को 914 करोड़ रुपये दिए। सबसे ज्यादा 757 करोड़ रुपये (कुल राशि का 83 प्रतिशत) भाजपा को मिला। कांग्रेस को 77.3 करोड़, तृणमूल कांग्रेस, वायएसआर कांग्रेस, शिवसेना, बीजू जनता दल, बीआरएस, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), जेडीयू, डीएमके को 10-10 करोड़ रुपये मिले। टाटा समूह की 15 कंपनियों ने ये राशि दी थी। इनमें टाटा संस ने 308 करोड़, टीसीएस ने 217 करोड़ और टाटा स्टील ने 173 करोड़ रुपये दिए।

### क्या होते हैं चुनावी ट्रस्ट

चुनावी ट्रस्ट एक पंजीकृत संस्था होती है, जिसके जरिए राजनीतिक चंदे को पारदर्शी तरीके से पार्टियों तक पहुंचाया जाता है। कंपनियां राजनीतिक पार्टियों को सीधे दान नहीं देती इसलिए वे चुनावी ट्रस्ट के जरिए पार्टियों तक चंदा पहुंचाती हैं।

## सबसे ज्यादा भाजपा को 2,668, कांग्रेस को मिले 299 करोड़ रुपए

**9 ट्रस्टों का चंदा एक साल में 200 प्रतिशत बढ़ा**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में पंजीकृत 19 चुनावी ट्रस्टों में से 13 चुनावी ट्रस्टों के चंदे से जुड़ी जानकारी चुनाव आयोग के पास उपलब्ध थी। इनमें से 9 ट्रस्टों ने पार्टियों को कुल 3,811 करोड़ रुपये के योगदान की घोषणा की। ये पिछले वित्त वर्ष में दिए गए चंदे से 200 प्रतिशत से भी ज्यादा है। जनहित, परिवर्तन, जयहिंद और जयभारत ट्रस्ट ने 2024-25 में कोई भी




---

## खबर संक्षेप

### शबरीमला में 27 को होगी मंडला पूजा



**शबरीमला।** केरल स्थित शबरीमला भगवान अयप्पा मंदिर में 27 दिसंबर को सुबह 10 बजकर 10 मिनट से पूर्वाह्न 11.30 बजे के बीच मंडला पूजा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी कंडारारू महेश मोहनारू ने बताया कि भगवान अयप्पा को पहनाई जाने वाली 'स्वर्ण अंकी' (पवित्र सोने की पोशाक) शोभायात्रा के दौरान शबरिमला में लाई जाएगी। यह शोभायात्रा 23 दिसंबर को सुबह सात बजे अरनमुला पार्थसारथी मंदिर से शुरू होगी और 26 दिसंबर की शाम को दीपाराधना से पहले सन्निधानम पहुंचने की उम्मीद है।

### अधिवक्ता हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के गंगोह थानाक्षेत्र में रविवार तड़के एक अधिवक्ता की हत्या का मुख्य आरोपी एक लाख रुपये का इनामी बदमाश एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने बताया कि मारे गये बदमाश की पहचान सुलतानपुर जिले के निवासी सिराज अहमद के रूप में हुई, जो 2023 में अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या समेत हत्या के अन्य और हत्या के प्रयास के कई मामलों में वांछित था। पुलिस के अनुसार सुबह लगभग छह बजे सहारनपुर के गंगोह थानाक्षेत्र में गंगोह-नकुड़ मार्ग पर सालारपुर मोड़ के पास मुठभेड़ हुई।

### मां के पीछे चल रहे बच्चे पर तेंदुए का हमला, मौत

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में रविवार सुबह एक तेंदुए ने एक खेती मजदूर के पांच वर्षीय बेटे पर हमला कर उसे मार डाला। घटना के बारे में सहायक वन संरक्षक प्रताप चंदू ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे एक बच्चा अपनी मां के पीछे-पीछे चल रहा था कि तभी खेत में छिपकर बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटते हुए ले गया। घायलावस्स्था में बच्चे को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि धारी कस्बे के गोपालग्राम गांव में बच्चे पर हमला करने वाले तेंदुए को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

---

कोलकाता में 'संघ के 100 वर्ष- नए क्षितिज' कार्यक्रम के पहले सत्र में संबोधन


# भागवत बोले- संघ किसी राजनीतिक विचारधारा को लेकर नहीं बना, भाजपा के चश्मे से न देखें

*आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संघ की शताब्दी वर्ष व्याख्यानमाला में यह स्पष्ट किया कि संघ की स्थापना भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि भारत केवल भूगोल नहीं है। यह एक संस्कृति की तरह है। संघ किसी राजनीतिक विचारधारा को लेकर नहीं बना। न ही किसी स्थिति की प्रतिक्रिया स्वरूप शुरू किया गया। इसका लक्ष्य हिंदुओं का विकास है।*

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

डॉ. मोहन भागवत ने लोगों को नसीहत दी कि वे संघ को भारतीय जनता पार्टी के जरिए देखने की कोशिश न करें, क्योंकि यह नजरिया गलत है। भागवत का यह बयान तब आया है, जब जर्मनी में राहुल गांधी ने उन्हें लेकर कहा था, 'आरएसएस चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच नहीं, ताकत महत्वपूर्ण है।'

डॉ. भागवत ने ऐतिहासिक संदर्भ का हवाला देते हुए कहा कि 1857 के सिपाही विद्रोह के जरिए अंग्रेजों के विरुद्ध प्रयास किया गया मगर असफल रहा। बाद में सामने आया कि मात्र सशस्त्र क्रांति से अंग्रेजों को नहीं भगाया जा सकता है जिसके बाद संघ की स्थापना की गई। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की विभिन्न धाराओं का उल्लेख करते हुए संघ को सामाजिक सुधार और एकजुटता का माध्यम बताया है।



### संघ को समझने इसे महसूस करना होगा

मोहन भागवत ने कहा कि आज पूरी दुनिया आरएसएस के नाम से वाकिफ है। लोग अक्सर आरएसएस को राजनीति या किसी एक पार्टी से जोड़कर देखते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संघ को समझने के लिए अपने पुराने विचारों को किनारे रखना होगा और इसे भीतर से महसूस करना होगा। इसके बावजूद लोगों के मन में संघ के काम को लेकर सही धारणा नहीं है। कई बार तो संघ के शुभचिंतक भी इसके कार्यों की पूरी जानकारी नहीं रखते हैं।

### भाजपा के चश्मे से देखने की गलती न करें

डॉ. भागवत ने कहा कि संघ को भाजपा के लेंस से देखने की कोशिश न करें। संघ सिर्फ एक सर्विस ऑर्गनाइजेशन नहीं है। भागवत ने कहा कि संघ को देखकर नहीं समझ सकते, उसे अनुभव करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 'संघ आया है पूर्ण करने के लिए नष्ट करने को लेकर नहीं। संघ का काम किसी से प्रतिस्पर्धा या लाभ लेना नहीं है।

### देश में चल रहे 1.20 लाख सेवा प्रकल्प

*आरएसएस प्रमुख ने बताया कि आज देश भर में संघ 1 लाख 20 हजार से ज्यादा सेवा प्रकल्प चला रहा है। ये प्रकल्प समाज और देश के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य किसी परिस्थिति की प्रतिक्रिया देना या किसी से मुकाबला करना नहीं था। संघ का गठन किसी के विरोध के लिए नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए हुआ था।*

#### हिंदू सिर्फ नाम नहीं, पहचान है

*संघ की स्थापना के समय की स्थितियों का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि तब देश के हालात अच्छे नहीं थे। भारत लगातार बाहरी आक्रमण और गुलामी का दर्द झेल रहा था। ऐसे में हिंदू समाज को संगठित करने की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने 'हिंदू' शब्द की परिभाषा भी स्पष्ट की। भागवत ने कहा कि हिंदू महज एक नाम नहीं, बल्कि एक विशेषण है। जो भारत को अपनी माता मानता है और उसकी पूजा करता है, वह हिंदू है। आरएसएस का लक्ष्य इसी समाज का सर्वांगीण विकास करना है।*

---

# टीएमसी विधायक बोले- बंगाल में बनाएंगे कृष्ण मंदिर और मोहम्मदी मस्जिद

### बाबरी मस्जिद के बाद एक और ऐलान

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने है, लेकिन उससे पहले ही सूबे की सियासत गरमा गई है। तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया है, जिसको लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच टीएमसी के विधायक जाकिर हुसैन ने श्री कृष्ण मंदिर और मुर्शिदाबाद में मोहम्मदी मस्जिद बनाने की घोषणा की है। तृणमूल कांग्रेस के विधायक और जाने-माने उद्योगपति जाकिर हुसैन ने घोषणा की है कि हुमायूं कबीर की बाबरी मस्जिद के बाद अब श्री कृष्ण मंदिर बनेगा, जिसकी लागत 1 करोड़ रुपए होगी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा है कि मुर्शिदाबाद में मोहम्मदी मस्जिद बनेगी। उन्होंने कहा है कि गीता और कुरान में 85% समानता है।



**किंगमेकर बनने का दावा :** हुमायूं कबीर ने बीते दिनों ही दावा किया था कि पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद वह किंगमेकर के रूप में उभरेंगे। उन्होंने कहा था कि उनके प्रस्तावित नए राजनीतिक दल के समर्थन के बिना सूबे में कोई सरकार नहीं बन सकती। उन्होंने ये भी कहा कि 294 सदस्यीय विधानसभा में कोई भी पार्टी 148 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि मेरे समर्थन के बिना कोई भी सरकार नहीं बना सकता।

### जंगीपुर से विधायक हैं जाकिर हुसैन

जाकिर हुसैन मुर्शिदाबाद निर्वाचन क्षेत्र के जंगीपुर से टीएमसी के विधायक हैं। वो पश्चिम बंगाल के श्रम विभाग में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। हुसैन निर्वाचित सदस्य और एक सफल व्यवसायी हैं। पार्टी में शामिल होने से पहले, हुसैन बीड़ी के बड़े कारोबार में थे।

**बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े हुमायूं :** वहीं बात करें हुमायूं कबीर की तो वो पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर सीट से विधायक हैं। इन दिनों वो लगातार अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हुमायूं मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े हुए हैं। 6 दिसंबर को उन्होंने मस्जिद की आधारशिला रखी थी। उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फीता काटकर मस्जिद की नींव रखी थी। पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

---

कडेनार कैंप के पास की घटना

### ऑपरेशन से लौटते समय गलती से चली गोली, जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले में एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन से लौटते समय गलती से हुई फायरिंग की घटना में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान मारा गया। यह घटना छोटे डोंगर पुलिस स्टेशन इलाके के कडेनार कैंप में हुई। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि नारायणपुर डीआरजी में तैनात आरक्षक बलदेव सिंह हुर्रा गलती से हुई फायरिंग की चपेट में आ गए। सिर के पास गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी सैनिक उसे तुरंत धौड़ाई अस्पताल ले गए, जहां उसका शुरूआती इलाज हुआ। हालांकि इलाज के दौरान ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। घपुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि जिस हथियार से जवान को गोली लगी थी, वह उसका था या उसके किसी मित्र का।



### कोहरे के कारण 110 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण कुल 110 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। हवाई अड्डे पर 59 आगमन और 51 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गईं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध नवीनतम जानकारी के अनुसार, 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ और हवाई अड्डे पर उड़ानों के प्रस्थान में औसतन लगभग 26 मिनट की देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक डीआईएएल ने शाम को एक पोस्ट में कहा कि परिचालन सुचारू रूप से जारी है। डीआईएएल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करता है, जो देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है और आमतौर पर प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों का परिचालन करता है। घने कोहरे के कारण पिछले कई दिन से दिल्ली और अन्य हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन बाधित है।

महाराष्ट्र निकाय चुनाव की मतगणना

### संजय राउत बोले- चुनाव में पैसों की बारिश हुई

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय राउत ने कहा- इस इलेक्शन में पैसों की बारिश हुई। भाजपा को 120-125 सीटें मिलीं, शिंदे ग्रुप को 54 मिलीं और अजित पवार को 40-42 सीटें मिलीं। ये नंबर असेंबली वाले ही हैं, है ना? वही मशीन, वही सेटिंग और वही पैसा। यही हमारी डेमोक्रेसी है। नंबरों में बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। भाजपा ने मशीनें उसी तरह सेट की हैं। इसीलिए वही नंबर दिख रहे हैं। उन्हें कम से कम नंबर तो बदलने चाहिए थे।

**2 चरणों में हुए थे चुनाव :** महाराष्ट्र में 286 नगर परिषद और नगर पंचायतों के लिए 2 चरणों में चुनाव हुए थे। पहले चरण में 263 निकायों में 2 दिसंबर को वोट डाले गए थे। बाकी 23 नगर परिषदों और कई खाली पदों पर 20 दिसंबर को मतदान हुआ था। सभी की मतगणना आज हुई। अधिकारियों के अनुसार, नगर परिषदों और नगर पंचायतों में अध्यक्ष और सदस्यों के पदों के लिए मतदान में 47.04 प्रतिशत वोट डाले गए थे।

## पोलियो मुक्त भारत अभियान की शुरुआत...



**कमालपुरा।** कर्नाटक के कमालपुरा शहर में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की।

### हजारीबाग में कोयला खदान ढहने से दो लोगों की मौत

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से ट्रक पर सवार दो मजदूरों की मौत हो गई। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे उरीमारी थाना क्षेत्र के 'सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड' के कमांड क्षेत्र में उस वक्त हुआ, जब खदान का एक हिस्सा कोयला ढोने वाले वाहन पर गिर गया। रविवार को शुरू किए गए अभियान के दौरान दोनों शवों को मलबे से बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान सुनील यादव और राजू पासवान के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, "दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। एक अन्य व्यक्ति को दुर्घटनास्थल से निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

बेटों ने हैसियत न होने के बावजूद पिता के कराए थे कई बीमा

# बेटों की साजिश: इंश्योरेंस के 3 करोड़ के लिए पिता को सांप से कटवाया

एजेंसी ▶▶| तिरुवल्लूर

तिरुवल्लूर जिले में एक सांप के काटने की घटना अब हत्या का मामला बन गई है। पुलिस ने खुलासा किया है कि पिता की हत्या उसके अपने बेटों ने की थी। मकसद था लगभग तीन करोड़ रुपये का इंश्योरेंस पैसा हासिल करना। घटना को हादसा बताने की साजिश रची गई थी। इस मामले में पीड़ित के दोनों बेटों समेत छह लोग गिरफ्तार हुए हैं। मामले की जानकारी एक इंश्योरेंस कंपनी ने दी थी। कंपनी ने दावे के हालात पर शक जताया था। इसके बाद पुलिस ने विशेष जांच दल बनाकर केस की तह तक पहुंची।



### छह आरोपी हुए गिरफ्तार, जारी है जांच

इस मामले में अब तक छह लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें पीड़ित के दोनों बेटे शामिल हैं। चार अन्य लोग भी शामिल हैं जिन्होंने सांप का इंतजाम किया था। ये सभी आरोपी हत्या की साजिश में शामिल बताए जाते हैं। पुलिस मामले की और गहराई से जांच कर रही है। सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### अस्पताल ले जाने में हुई देरी भी शक

जांचकर्ताओं ने एक महत्वपूर्ण बात पर गौर किया। पीड़ित को अस्पताल ले जाने में अनावश्यक देरी हुई थी। यह देरी हत्या की साजिश को और पुख्ता करती है। एक असली आपात स्थिति में ऐसी देरी नहीं होती। यह देरी जानबूझकर की गई लगती है। इससे पीड़ित के बचने की संभावना कम हो गई।

### इंश्योरेंस कंपनी ने किया था अलर्ट

छप्पन साल के ई पी गणेशन सरकारी स्कूल में शिक्षक थे। अक्टूबर में अपने घर पर मृत पाए गए थे। परिवार ने बताया कि सांप काटने से उनकी मौत हुई है। पुलिस ने भी शुरू में इसे हादसा मान लिया था लेकिन इंश्योरेंस कंपनी ने पुलिस को अलर्ट किया। पता चला कि मृतक के नाम पर कई बड़ी पॉलिसी ली गई थीं। नॉमिनी के व्यवहार पर भी शक के बादल थे। इसके बाद गहन जांच शुरू हुई। जिसके बाद दो बेटों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

#### पहली कोशिश हुई थी नाकाम

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में पता चला कि हत्या से एक सप्ताह पहले भी प्रयास हुआ था। आरोपियों ने एक कोबरा सांप का इंतजाम किया था। उन्होंने इस सांप को पीड़ित के पैर पर कटवाया लेकिन पड़ोसियों की मदद से वह बच गए। इसके बाद आरोपियों ने और अधिक जहरीले सांप करैत का चुनाव किया और गर्दन में डसवाकर हत्या कर दी। सांप को घर पर ही मार दिया गया ताकि यह हादसा लगे।

---

पर्यटन विभाग के कार्यक्रम पर आपत्ति

# गंगा किनारे क्रिसमस पार्टी पर बवाल संतों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

धर्मनगरी हरिद्वार में गंगा तट पर क्रिसमस मनाने की तैयारी पर विवाद शुरू हो गया है। तीर्थ पुरोहितों और गंगा सभा ने इस आयोजन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इसे सनातन धर्म की परंपराओं के खिलाफ बताया है। पुरोहितों ने साफ चेतावनी दी है कि गंगा किनारे ऐसे आयोजन बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 25 दिसंबर को एक कार्यक्रम प्रस्तावित किया है। यह आयोजन हरिद्वार के भागीरथी होटल परिसर में होना है। यह स्थान गंगा तट के बेहद करीब है। जैसे ही इसकी खबर फैली, तीर्थ पुरोहित नाराज हो गए। उनका मानना है कि पवित्र गंगा तट पर गैर-सनातन आयोजन करना गलत है। गंगा सभा से जुड़े उज्ज्वल पंडित ने कड़ा रुख अपनाया है। अगर पर्यटन विभाग ने यह कार्यक्रम रद्द नहीं किया, तो उग्र आंदोलन होगा।

### 'गंगा केवल नदी नहीं, आस्था है'

विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि गंगा सिर्फ एक नदी नहीं है। यह सनातन संस्कृति और करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हरिद्वार एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। यहां की अपनी मर्यादा और परंपराएं हैं। ऐसे पवित्र स्थान पर क्रिसमस जैसा आयोजन धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है।

## निवेश लिए अगले साल लें स्मार्ट फैसला, तभी कर पाएंगे कमाई

# मल्टी-एसेट में मिलेगा बढ़िया रिटर्न

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

साल 2025 वैश्विक और घरेलू स्तर पर निवेशकों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टैरिफ, जियो-पॉलिटिकल टेंशन, जीएसटी सुधार और आईपीओ की बढ़ती गतिविधियों के बीच शेयर बाजार लंबे समय तक सीमित दायरे में घूमता रहा। हालांकि साल के दूसरे हिस्से में बाजार में धीरे-धीरे सुधार के संकेत दिखने लगे। इसी दौरान 2 एसेट क्लास सोना और चांदी ने निवेशकों को सबसे ज्यादा अट्रैक्ट किया। जहां सोने ने इस कैलेंडर ईयर में अबतक 63% रिटर्न दिया, वहीं चांदी ने 100% से ज्यादा की तेजी दिखाई, जिससे निवेशकों की दिलचस्पी एक बार फिर वैकल्पिक एसेट्स की ओर बढ़ी। बीते रिटर्न को देखकर निवेश करना अक्सर गलत फैसलों की वजह बनता है। तेजी के बाद निवेश करने का ट्रेंड, जिसे रिटर्न के पीछे भागना" कहा जाता है, लंबे समय में नुकसान भी पहुंचा सकती है। ऐसे माहौल में विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार का सही समय पकड़ने की कोशिश करने के बजाय निवेशकों को लंबी अवधि की सोच, अनुशासन और मल्टी-एसेट डायवर्सिफिकेशन पर ध्यान देना चाहिए। अलग-अलग एसेट क्लास में संतुलित निवेश न सिर्फ रिस्क को कम करता है, बल्कि समय के साथ कंपाउंडिंग के जरिए बेहतर रिटर्न देने की क्षमता रखता है।

- इस साल 2025 में गोल्ड और सिल्वर में रही मजबूत रैली
- बाजार का सही समय पकड़ने की कोशिश न करें
- बेहतर है लंबी अवधि और डायवर्सिफाइड निवेश रणनीति अपनाएं
- जिससे सेंटीमेंट के आधार पर फैसले लेने से बचा जा सकेगा
- शॉर्ट टर्म रिटर्न के बजाय अनुशासन व लंबी अवधि पर करें फोकस

### रिटर्न के पीछे भागना गलत स्ट्रैटेजी

लॉन्ग टर्म रिटर्न चार्ट देखें तो पता चलेगा कि सोने में निवेशकों का इंटरेस्ट तब तेजी से बढ़ता है, जब इसके रिटर्न तेजी से बढ़ने लगते हैं, लेकिन जैसे ही कीमतें गिरती हैं, यह इंटरेस्ट भी कम हो जाता है। यह प्रतिक्रिया पर आधारित तरीका साफ बताता है कि निवेश में अनुशासन और निरंतरता कितनी जरूरी है। बाजार का सही समय पकड़ने की कोशिश करने की बजाय, निवेशकों के लिए बेहतर है कि वे लंबी अवधि और डायवर्सिफाइड निवेश रणनीति अपनाएं, जिससे सेंटीमेंट के आधार पर फैसले लेने से बचा जा सके। इसे अपनाने का एक असरदार तरीका है आउटसोर्स्ड एसेट एलोकेशन, यानी ऐसे फंड्स में निवेश करना जो अलग-अलग एसेट क्लास में अपने आप निवेश को संतुलित करते हैं।



### क्यों जरूरी है डायवर्सिफिकेशन

सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले एसेट क्लास के पीछे भागना, चाहे तेजी के समय शेयर हों या गिरावट के समय सोना, अक्सर गलत समय पर निवेश करने और बाजार के अधिक उतार-चढ़ाव का जोखिम बढ़ा देता है। डायवर्सिफिकेशन इन जोखिम को कम करता है, क्योंकि इसमें पैसा अलग-अलग एसेट्स में लगाया जाता है जो अलग परिस्थितियों में अलग तरह से व्यवहार करते हैं। लेकिन अब यह ट्रेंड फिर से बदल रहा है। जून 2024 से, बाजार ने एक बार फिर तेज ग्रोथ और अच्छी क्वालिटी वाली कंपनियों को बेहतर रिटर्न देना शुरू कर दिया है। इन कंपनियों ने अप्रैल 2023 से मई 2024 के दौरान हुए अपने खराब प्रदर्शन का एक-चौथाई से ज्यादा हिस्सा वापस हासिल कर लिया है। इसलिए निवेशकों को शेयरों में भी अलग-अलग स्टाइल में निवेश करके पोर्टफोलियो को डायवर्सिफाई करना चाहिए।

### समझदारी दिखाएं

आज की दुनिया में, जहां बदलाव लगातार हो रहा है, समझदारी से किया गया डायवर्सिफिकेशन एक मजबूत पोर्टफोलियो बनाने के लिए सिर्फ अच्छा नहीं, बल्कि बहुत जरूरी है। निवेशकों को शॉर्ट टर्म रिटर्न के बजाय संतुलन, अनुशासन और लंबी अवधि की रणनीति पर ध्यान देना चाहिए। इसलिए, अलग-अलग एसेट्स में डायवर्सिफाइड मल्टी-एसेट पोर्टफोलियो को जोखिम और रिटर्न के सही संतुलन में मदद करने दें, ताकि समय के साथ कंपाउंडिंग अपना कमाल दिखा सके।

### प्रमुख एसेट क्लास और उनका व्यवहार

आज के आपस में जुड़े हुए और उतार-चढ़ाव भरे ग्लोबल वित्तीय माहौल में, सिर्फ एक ही एसेट क्लास पर भरोसा करना निवेशकों के लिए बेवजह का जोखिम पैदा कर सकता है, चाहे उसने हाल ही में कितना भी अच्छा प्रदर्शन क्यों न किया हो। इस समय मुख्य एसेट क्लास किस तरह का व्यवहार कर रहे हैं।

#### सोना और चांदी

ये कीमती धातुएं पारंपरिक रूप से सुरक्षित निवेश मानी जाती हैं। महंगाई के समय या जब सामान्य करेंसी (फिएट करेंसी) कमजार होती है, तब ये अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। चांदी का इस्तेमाल इंडस्ट्री में भी होता है, इसलिए यह इकोनॉमिक साइकिल से ज्यादा प्रभावित होती है। इससे इसमें उतार-चढ़ाव भी ज्यादा होता है, लेकिन मौके भी मिलते हैं।

#### शेयर (इक्विटी)

शेयरों में बढ़त की अच्छी संभावना होती है, खासकर उन क्षेत्रों में जो नई तकनीक और इनोवेशन से जुड़े होते हैं, लेकिन ये ब्याज दरों, कंपनियों की कमाई के अनुमान और आर्थिक बदलावों के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं। अलग-अलग देशों और इंडस्ट्री में इनका प्रदर्शन काफी अलग हो सकता है।

#### फिक्स्ड इनकम (बॉन्ड)

बॉन्ड अपेक्षाकृत स्थिरता और फिक्स्ड इनकम देते हैं। हालांकि ब्याज दरें बढ़ने पर बॉन्ड की कीमतों पर दबाव आ सकता है, फिर भी ये जोखिम कम करने और पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए बहुत जरूरी होते हैं। खासकर सतर्क निवेशकों या रिटायरमेंट के करीब लोगों के लिए ये काफी उपयोगी हैं।



#### रियल एसेट्स और वैकल्पिक निवेश

रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और कमोडिटीज महंगाई से बचाव करने और निवेश में डाइवर्सिफिकेशन लाने में मदद कर सकते हैं। वहीं, प्राइवेट इक्विटी और हेज फंड जैसे वैकल्पिक निवेश रिटर्न बढ़ा सकते हैं, लेकिन इनमें जोखिम अधिक होता है और पैसा जल्दी निकालना आसान नहीं होता।

*(डिस्क्लेमर : यह आर्टिकल ब्रोकरेज हाउस की रिपोर्ट के आधार पर जानकारी के उद्देश्य से दिया है। यह फाइनेंशियल एक्सप्रेस के निजी विचार नहीं हैं। किसी कैटेगरी में निवेश की सलाह ब्रोकरेज हाउस के द्वारा दी गई है। बाजार में जोखिम होते हैं, इसलिए निवेश के पहले एक्सपर्ट की सलाह लें।)*

## विदेश घूमने का है प्लान तो ट्रैवल इंश्योरेंस लेते समय न करें गलतियां

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी विदेश में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो कुछ सावधानियां बरतें और विदेश जाने से पहले ट्रैवल इंश्योरेंस की बारीकियों को अच्छे से समझ लें, ताकि कवरेज, सब-लिमिट या बीमारी छिपाने जैसी गलती से आपका क्लेम अटके नहीं। वरना आपको इससे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। अक्सर विदेश घूमने की प्लानिंग में फ्लाइट, होटल, घूमने-फिरने की जगहें सब कुछ सोच लिया जाता है, लेकिन ज्यादातर लोग इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस को हल्के में ले लेते हैं, जबकि बाहर कुछ अनहोनी हो जाए तो यही इंश्योरेंस बड़ा सहारा बन सकता है। जानकारों का कहना है कि भारतीय यात्री अक्सर कुछ आम गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे बाद में भारी नुकसान हो सकता है। इसलिए कभी भी विदेश घूने के लिए जाएं तो इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस के बारे में अच्छे से जान लें। इससे आप आसानी से बिना किसी चिंता के विदेश घूम सकेंगे। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ नियम जो आपको विदेश जाने के दौरान होने वाली परेशानियां से बचाएंगे और सुरक्षित रखेंगे।

### कवरेज की रकम कम रखना सबसे बड़ी भूल

शेंगेन देशों के लिए वीजा लेने के लिए कम से कम 30,000 यूरो का कवर जरूरी होता है, लेकिन ये सिर्फ वीजा की शर्त है, सुरक्षा के लिए नहीं। अमेरिका या यूरोप जैसे देशों में मेडिकल खर्चा बहुत ज्यादा होता है। वहां एक दिन आईसीयू में रहने से ही पूरी कवरेज रकम खत्म हो सकती है और बाकी लाखों रुपये खुद की जेब से देने पड़ सकते हैं। इसलिए सावधानी बरतें और ध्यान रखें।

### पहले से मौजूद बीमारियां छिपाना भारी

कई लोग डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर जैसी पुरानी बीमारियां छिपा देते हैं, ताकि प्रीमियम कम देना पड़े। अगर विदेश में हॉस्पिटल में भर्ती होना पड़े और वो बीमारी छिपाई गई पुरानी बीमारी से जुड़ी हुई निकले, तो क्लेम तुरंत रिजेक्ट हो सकता है। इसलिए जब भी इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंस लें तो अपनी सारी बीमारियों का उल्लेख करें। इससे क्लेम लेने में परेशानी होगी।

### सिर्फ मेडिकल कवर पर ध्यान न दें

ट्रैवल इंश्योरेंस में सिर्फ इलाज ही नहीं, फ्लाइट डिले, कैंसिलेशन और सामान खोने जैसी परेशानियों का भी कवर मिलता है। "अगर फ्लाइट छह घंटे से ज्यादा लेट हो जाए तो होटल और खाने का खर्चा क्लेम किया जा सकता है। सामान खोने पर एयरलाइन का लिखित डॉक्यूमेंट जरूर रखें, वरना इंश्योरेंस कंपनी क्लेम नहीं मानेगी।" इसलिए सिर्फ मेडिकल कवर ही नहीं, बाकी चीजों पर ध्यान न दें, ताकि किसी आपात स्थिति में आपको परेशानी का सामना न करना पड़े।

### सब-लिमिट को नजरअंदाज करना

कई पॉलिसी में रूम रेंट या सर्जरी जैसे खर्चों पर अलग-अलग कैप यानी सब-लिमिट होती है। "भले ही कुल कवरेज रकम ज्यादा हो, लेकिन सब-लिमिट की वजह से क्लेम में बहुत कटौती हो सकती है।" इसलिए सब लिमिट पर भी ध्यान दें, ताकि बाद में पछताना न पड़े। इससे आप आसानी से क्लेम कर सकेंगे। अपनी ट्रिप के हिसाब से सही इंश्योरेंस चुनें कवरेज रकम और फीचर्स आपकी यात्रा की जगह, मकसद और दिनों के हिसाब से होने चाहिए। जानकारों का कहना है कि आप जिस देश में जा रहे हैं, वहां इलाज का औसत खर्चा एक बार जरूर चेक कर लेना चाहिए। अमेरिका-यूरोप में इलाज का खर्च बहुत महंगा पड़ता है, जबकि साउथ ईस्ट एशिया या मिडिल ईस्ट में थोड़ा कम, लेकिन फिर भी काफी ज्यादा होता है। इसलिए पहले उस देश की स्थिति जरूी देख लें जहां आप घूमने जा रहे हैं।

### यात्रा का मकसद

बिजनेस ट्रिप पर जाने वाले लोग फ्लाइट डिले, मिस्ड कनेक्शन और लैपटॉप-डिवाइस कवर को प्राथमिकता दें। घूमने-फिरने वाले लोगों को एडवेंचर स्पोर्ट्स, कार रेंटल या क्रूज कवर की जरूरत पड़ सकती है। "बुजुर्गों को पुरानी बीमारियां पूरी तरह बतानी चाहिए। कैशलेस हॉस्पिटलाइजेशन वाली पॉलिसी लें और कम खर्च वाले देशों में भी ज्यादा कवरेज रखें।" शुरू में आपको थोड़ा ज्यादा पैसा प्रीमियम के तौर पर देना पड़ सकता है, बाद में यह आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

### एक्सक्लूजन और शर्तें ध्यान से देखें

एडवेंचर स्पोर्ट्स की सीमाएं : ज्यादातर पॉलिसी में सिर्फ लाइसेंस वाले इंस्ट्रक्टर की निगरानी में किए गए मनोरंजन वाले एक्टिविटी का कवर मिलता है। प्रोफेशनल लेवल पर प्राइज मनी वाली एक्टिविटी शामिल नहीं होती। एडवेंचर स्पोर्ट्स की सीमाएं देखकर ही बीमा करवाएं।

### डिडक्टिबल और सब-लिमिट

डिडक्टिबल वो फिक्स रकम है जो आपको खुद देनी पड़ती है, उसके बाद इंश्योरेंस शुरू होता है। "लोग अक्सर नहीं जानते कि डिडक्टिबल से कम का क्लेम बिल्कुल नहीं मिलेगा।" विदेश यात्रा का इंश्योरेंस सिर्फ औपचारिकता नहीं है। सही तरीके से समझकर और अपनी जरूरत के मुताबिक लिया गया प्लान भारी-भरकम मेडिकल बिल, ट्रिप में रुकावट और दूसरी परेशानियों से बचा सकता है।

## निवेशकों को खूब भाया

# फ्लेक्सी कैप फंड्स इस साल रहा टॉपर



बिजनेस डेस्क

एक साल में म्यूचुअल फंड मार्केट में फ्लेक्सी-कैप फंड्स सबसे बड़े विजेता बनकर उभरे हैं। यह दिखाता है कि उतार-चढ़ाव वाले बाजार में निवेशक अब ज्यादा लचीलापन चाहते हैं। फ्रैंकलिन टेम्पलटन म्यूचुअल फंड की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 12 महीनों में फ्लेक्सी-कैप फंड्स में सभी इक्विटी कैटेगरी में सबसे ज्यादा निवेश आया है। पिछले 12 महीनों में इन फंड्स में करीब 75,700 करोड़ का नेट निवेश दर्ज किया गया। निवेशकों ने इसमें बढ़-चढ़कर निवेश और अपनी पूंजी बढ़ाई। इस फंड में मिल रहे अच्छे रिटर्न के कारण ही यह इस सबसे लोकप्रिय फंड बनकार उभरा और निवेशकों का धन बढ़ाने का काम किया।

- नेट सेल्स 12 महीनों में सबसे ज्यादा रही
- म्यूचुअल फंड का कुल एयूएम बढ़कर 80.8 लाख करोड़ हुआ
- फ्लेक्सी कैप की खासियत ये लार्ज, मिड व स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश बदलते रहते हैं

### इक्विटी की मजबूती से बूस्ट

फ्लेक्सी-कैप फंड्स के अच्छे प्रदर्शन से कुल इक्विटी-बेस्ड म्यूचुअल फंड्स की हिस्सेदारी बढ़ी है। अब इक्विटी स्कीमें कुल म्यूचुअल फंड एयूएम का करीब 60% हिस्सा रखती हैं, जो बताता है कि रिटेल निवेशक हाई रिटर्न के लिए जोखिम लेने को तैयार हैं। एसआईपी के जरिए इक्विटी फंड्स में लगातार पैसा आ रहा है, जिससे फ्लेक्सी-कैप फंड्स को लंबे समय का स्थिर निवेश मिल रहा। ये पोर्टफोलियो का हिस्सा बनते जा रहे हैं।

### म्यूचुअल फंड का एसेट्स बैंक डिपॉजिट का एक तिहाई

घरेलू बचत के तरीके में अब साफ बदलाव दिखाई दे रहा है। म्यूचुअल फंड का कुल एयूएम बढ़कर 80.8 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो अब कुल बैंक डिपॉजिट का करीब 33% है। एक दशक पहले यह आंकड़ा सिर्फ करीब 13% था। यह बढ़ोतरी दिखाती है कि निवेशक पारंपरिक फिक्स्ड डिपॉजिट से धीरे-धीरे हटकर लंबे समय में ज्यादा रिटर्न देने वाले विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं, खासकर फ्लेक्सी-कैप जैसे इक्विटी आधारित फंड्स की तरफ।

### निवेशकों की सोच में बदलाव

पिछले 5 सालों में म्यूचुअल फंड की संपत्ति 22% की सालाना दर (सीएजीआर) से बढ़ी है, जो बैंक डिपॉजिट की करीब 11% की बढ़त से डबल है। यह बढ़ता गैप बताता है कि लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ी है, मेट्रो शहरों के बाहर भी म्यूचुअल फंड की पहुंच मजबूत हुई है और प्रोफेशनल फंड मैनेजमेंट पर भरोसा बढ़ा है। ग्रोथ की संभावना और लचीलापन रखने वाले फ्लेक्सी-कैप फंड्स इस बदलाव के सबसे बड़े बेनेफिशियरीज में शामिल हैं।

### फ्लेक्सी-कैप फंड की पॉपुलैरिटी बढ़ी

फ्लेक्सी-कैप फंड्स की बढ़ती लोकप्रियता व घरेलू बचत में म्यूचुअल फंड की बढ़ती हिस्सेदारी यह साफ दिखाती है कि भारत में निवेश की सोच बदल रही है। निवेशक अब बाजार से जुड़े विकल्पों में ज्यादा पैसा नहीं लगा रहे, बल्कि ऐसे फंड भी चुन रहे हैं जो डायवर्सिफिकेशन और लचीलापन दोनों देते हैं। जैसे-जैसे म्यूचुअल फंड बैंक डिपॉजिट पर बढ़त बना रहे हैं, फ्लेक्सी-कैप फंड्स आने वाले समय में लंबी अवधि में संपत्ति बनाने की इस कहानी के केंद्र में बने रह सकते हैं।

### क्या है फ्लेक्सी कैप फंड

फ्लेक्सी कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी म्यूचुअल फंड है जो लार्ज, मिड और स्मॉल कैप कंपनियों में निवेश करता है। इसमें फंड मैनेजर को निवेश का लचीलापन होता है, जिससे वे बाजार की स्थितियों के अनुसार अपने पोर्टफोलियो को एडजस्ट कर सकते हैं।

### फ्लेक्सी कैप फंड की विशेषताएं

- **लचीलापन:** फंड मैनेजर को निवेश का लचीलापन होता है, वे बाजार के अनुसार पोर्टफोलियो को एडजस्ट कर सकते हैं।
- **विविधता:** फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करने से लार्ज, मिड व स्मॉल कैप कंपनियों में विविधता मिलती है।
- **जोखिम और रिटर्न का संतुलन:** फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करने से आपको जोखिम और रिटर्न का संतुलन मिलता है।
- **लॉन्ग-टर्म ग्रोथ:** फ्लेक्सी कैप फंड लॉन्ग-टर्म ग्रोथ के लिए उपयुक्त होता है ।

### फ्लेक्सी कैप फंड के लाभ

- **पेशेवर मैनेजमेंट:** फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करने से आपको पेशेवर फंड मैनेजर्स की दक्षता और जानकारी का लाभ मिलता है।
- **डायवर्सिफिकेशन:** फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करने से आपको लार्ज, मिड और स्मॉल कैप कंपनियों में विविधता मिलती है।
- **लॉन्ग-टर्म ग्रोथ:** फ्लेक्सी कैप फंड लॉन्ग-टर्म ग्रोथ के लिए उपयुक्त होता है

## ईपीएफ-एनपीएस से एफडी तक

# 2025 में बुजुर्गों को मिला कितना रिटर्न

जानकारी

बिजनेस डेस्क

इस साल भारत के बुजुर्गों के लिए सेवानिवृत्ति पर निवेश से मिले-जुले नतीजे सामने आए हैं। ज्यादातर फिक्स्ड इनकम वाले विकल्पों में रिटर्न स्थिर रहे, जबकि शेयर बाजार से जुड़े निवेश में काफी उतार-चढ़ाव दिखा। यह सब निवेश की मात्रा और सही समय पर निर्भर करता रहा। सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले सुरक्षित विकल्पों में रिटर्न अच्छे और स्थिर रहे। पेंशनबाजार के हेड विश्वजीत गोयल के मुताबिक, ईपीएफ ने 2024-25 के लिए 8.25 फीसदी ब्याज दिया। वहीं सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस) और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी सरकारी छोटी बचत योजनाओं में 8.2 फीसदी का रिटर्न मिला। पोस्ट ऑफिस की जमा योजनाएं 6.9 से 7.5 फीसदी तक ब्याज दे रही थीं, जबकि बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट में बुजुर्गों को 7 से 7.5 फीसदी के बीच मिला। कुल मिलाकर सुरक्षित विकल्पों में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया।



- रिटायरमेंट निवेश का सचः 2025 में बुजुर्गों के रिटायरमेंट निवेश में फिक्स्ड इनकम स्थिर रहे
- वहीं, इक्विटी और एनपीएस में रिटर्न समय और निवेश के हिसाब से बदलते रहे

*एक आम रिटायरमेंट के करीब व्यक्ति जिसने एनपीएस में बैलेंस्ड तरीके से पैसा लगाया, उसे कुल 8 से 12 फीसदी रिटर्न हाथ लगा, लेकिन शेयर बाजार इंडेक्स ने बहुत कम दिया। जानकारों के अनुसार, निफ्टी और सेंसेक्स टीआरआई ने वित्त वर्ष 2025 में महज करीब 6 फीसदी रिटर्न दिया।*

### बाजार से जुड़े निवेश में बड़ा अंतर

मार्केट लिंक्ड विकल्पों की बात अलग थी। विश्वजीत गोयल बताते हैं कि नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के इक्विटी स्कीमों ने एक साल में मिड-20 से लो-30 फीसदी तक रिटर्न दिया। कॉर्पोरेट बॉन्ड स्कीमों में करीब 9 फीसदी और सरकारी बॉन्ड स्कीमों में 4 से 6 फीसदी तक मिला।

### निवेशकों की गलतियां

आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि कई बुजुर्गों ने गलतियां कीं। ज्यादातर लोग बैंक डिपॉजिट में ही ज्यादा पैसा रखे रहे, टैक्स बचत वाले विकल्पों का फायदा नहीं उठाया या गलत एन्युटी प्लान चुन लिया, जिससे पेंशन कम हो गई या जीवनसाथी को कोई सुरक्षा नहीं मिली। सबसे बड़ी समस्या यह रही कि मेडिकल महंगाई 12-15 फीसदी की रफ्तार से बढ़ रही है, जबकि ज्यादातर बुजुर्गों को सिर्फ 7-8 फीसदी रिटर्न मिल रहा है। ऑनलाइन ठगी का खतरा बताया। उदाहरण के तौर पर पुणे के एक रिटायर्ड बैंक मैनेजर ने गारंटीड रिटर्न का लालच देकर चलाए जा रहे ऑनलाइन स्कैम में पूरा 2.2 करोड़ रुपये गंवा दिए।

### ये जरूरी बदलाव आपको 2026 के लिए क्या करनी है तैयारी

- आर्थिक विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि अब धीरे-धीरे ऐसा पोर्टफोलियो बनाएं। इसमें नियमित आय भी आए और थोड़ी ग्रोथ भी रहे। मिड और स्मॉल कैप में ज्यादा निवेश कम करें, डेट हिस्से को मजबूत बनाएं और 3 से 5 साल की जरूरत के लिए लिक्विडिटी अलग रखें।
- एससीएसएस, ईपीएफ, शॉर्ट से मीडियम टर्म डेट फंड्स, रीट्स/इनविट्स, लैडर्ड फिक्स्ड डिपॉजिट और थोड़ा सा इक्विटी हिस्सा मिलाकर चलें। साथ ही 6 से 12 महीने का आपातकालीन फंड जरूर रखें।

### अनुमानः ब्याज दरें नीचें आएंगी

- विशेषज्ञों की लोगों को सलाह कि वे लंबे समय के ब्याज दरें नीचे आएंगी, इसलिए अभी जो अच्छे स्थिर रिटर्न मिल रहे हैं, उन्हें लॉक कर लेना चाहिए। अनुमान है कि 2026 में बैंक एफडी पर 5.5 से 7.5 फीसदी और जी-सेक पर 6 से 6.5 फीसदी तक मिल सकता है। अगर ब्याज दरें गिरेंगी तो एन्युटी की पेआउट भी कम हो सकती है।
- 2024-25 में कई बड़े नियम बदले। यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू हुई, एनपीएस वात्सल्य लॉन्च हुआ, एनपीएस/यूपीएस/एपीवाई के चार्जेस बदले गए और इंश्योरेंस टैक्स व जीएसटी में भी बदलाव आए। 2026 की प्लानिंग करते समय इन सब पर नजर रखनी जरूरी है।

## सावधानी नहीं बरती तो बिगड़ जाएगा फाइनेंस का पूरा गणित

# जवानी के दिनों में लिए गए फाइनेंशियल फैसले ही तय करते हैं बुढ़ापे की जिंदगी

### लापरवाही बरती तो बुढ़ापे में इसका खामियाजा भुगतना होगा

बिजनेस डेस्क

जवानी के दिनों में लिए गए फाइनेंशियल फैसले ही बुढ़ापे की जिंदगी तय करते हैं। अगर आपने इस उम्र में गलत डिसीजन लिए या लापरवाही बरती तो बुढ़ापे पर आपको इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे 5 ऐसी गलतियों के बारे में जो आपके बुढ़ापे पर फाइनेंस का पूरा गणित बिगाड़ सकती हैं और आपको भारी आर्थिक परेशानियों का समना करना पड़ सकता है। जवानी में करियर, मस्ती और लाइफस्टाइल पर पूरा फोकस रहता है। इसी भागदौड़ में कई ऐसे फैसले टलते रहते हैं, जो बुढ़ापे को सिक्योर बनाने के लिए बेहद जरूरी होते हैं। उस वक्त लगता है कि अभी बहुत समय है, बाद में देख लेंगे. लेकिन जब उम्र बढ़ती है और जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं, तब उन गलतियों को सुधारने की गुंजाइश बहुत कम रह जाती है।

#### निवेश में देरी

सबसे बड़ी और सबसे आम गलती है समय रहते निवेश शुरू न करना। कई लोग निवेश को खर्च समझ लेते हैं और सोचते हैं कि जब सैलरी बढ़ेगी तब निवेश करेंगे। कुछ लोग 20 साल और 30 साल की उम्र मौज-मस्ती में निकाल देते हैं, जबकि हकीकत यह है कि निवेश कोई खर्च नहीं, बल्कि आपके भविष्य की सुरक्षा है। छोटी रकम से भी निवेश शुरू किया जा सकता है, जितनी जल्दी निवेश शुरू करेंगे, उतना ज्यादा समय कंपाउंडिंग को मिलेगा और उतना बड़ा फंड तैयार होगा। देर करने पर बुढ़ापे में फंड की कमी साफ महसूस होती है। इसलिए हमेशा निवेश जल्द शुरू कर देना चाहिए, ताकि बाद में पछताना ना पड़े और समय रहते आपके पास अच्छा खासा फंड एकत्र हो सके।

### निवेश कोई खर्च नहीं, बल्कि आपके भविष्य की सुरक्षा

#### घर नहीं सोचा तो बुढ़ापे में परेशानी

आज भी बहुत से लोग किराए के घर में रहते हुए सोचते रहते हैं कि कभी तो अपना घर लेंगे। लेकिन सही समय पर प्लानिंग न करने की वजह से ये सपना अधूरा रह जाता है। जवानी में होम लोन लेना आसान होता है, ईएमआई चुकाने के लिए लंबा समय मिलता है और इनकम बढ़ने की संभावना भी रहती है। 40 साल की उम्र के बाद ये फैसला मुश्किल हो जाता है। जो लोग समय रहते घर की प्लानिंग नहीं करते, वो बुढ़ापे में सबसे ज्यादा पछताते हैं। इसलिए आप अपना बुढ़ापा शान से गुजारना चाहते हैं तो 40 साल की उम्र होने से पहले ही अपने लिए एक मकान जरूर बना लें। इससे आपको बुढ़ापे में परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी।

#### लाइफस्टाइल के चक्कर में कर्ज का जाल

जरूरत और शौक के फर्क को न समझना भी एक बड़ी गलती है। कई युवा लग्जरी लाइफ जीने के लिए क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन पर जरूरत से ज्यादा निर्भर हो जाते हैं। लंबे समय तक कर्ज चुकाने से सेविंग नहीं बन पाती। नतीजा यह होता है कि बुढ़ापे तक भी ईएमआई पीछा नहीं छोड़ती। लोन उतना ही लें, जितना आपकी इनकम और सेविंग्स आराम से संभाल सकें। लाइफस्टाइल के चक्कर में कर्ज का जाल एक बड़ा खतरा है, जिससे हमें बचना होगा। हमें अपनी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देनी, बजट बनाना, कर्ज लेने से पहले सोचना और कर्ज को जल्दी चुकाने की कोशिश करनी होगी। तभी हम कर्ज के जाल से बच सकते हैं।

#### इंश्योरेंस से दूरी

कई लोग सोचते हैं कि इंश्योरेंस की अभी क्या जरूरत है, लेकिन यही सोच आगे चलकर भारी पड़ती है। कम उम्र में टर्म और हेल्थ इंश्योरेंस लेने पर प्रीमियम कम होता है और कवर ज्यादा मिलता है। यह मुश्किल समय में आपके और आपके परिवार के लिए मजबूत सुरक्षा कवच बनता है। हेल्थ खर्च और अनहोनी से बचाव के लिए इंश्योरेंस को नजरअंदाज करना बड़ी भूल है। समय रहते इंश्योरेंस कवर ले लेना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में मुंह न ताकना पड़े।

#### रिटायरमेंट प्लानिंग टालना

बच्चे संभाल लेंगे या अभी तो बहुत टाइम है जैसी सोच सबसे खतरनाक होती है। जल्दी रिटायरमेंट प्लानिंग शुरू करेंगे, उतना ही मजबूत फंड तैयार होगा।